**सुविचार**

गरीबी के मुख्यतः दो कारण होते हैं, आलस्य करना और किसी क्षेत्र का विशेषज्ञ न बनना।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Sunday, 04 February 2024 ● Year : 02 ● Issue : 18 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

रणबीर की तारीफ में बोलीं रश्मिका...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 72,085.63 |
| निफ्टी | : | 21,853.80 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,970 |
| चांदी | : | 77.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में केजरीवाल को नोटिस

**NEW DELHI :** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार 3 फरवरी को करीब 5 घंटे तक सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर इंतजार करने के बाद नोटिस दिया। क्राइम ब्रांच ने आप विधायकों की खरीद-फरोख्त से जुड़े मामले में केजरीवाल से 3 दिन में जवाब मांगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टीम कल (4 फरवरी को) मंत्री आतिशी को नोटिस देने जाएगी। दिल्ली सीएमओ के सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल आवास पर नहीं थे। उनकी गैरमौजूदगी में सीएमओ नोटिस लेने के लिए तैयार थे, लेकिन क्राइम ब्रांच के अधिकारी उन्हें रिसीविंग नहीं दे रहे थे। इसे लेकर दोपहर क्राइम ब्रांच और सीएमबो के अफसरों के बीच लंबे समय तक बहस होती रही। आप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा- मोदी ने केजरीवाल के घर तमाशा करने के लिए पुलिस भेजी है।

### गैरकानूनी निकाह मामले में इमरान-बुशरा को 7 साल जेल

**NEW DELHI :** गैरकानूनी निकाह मामले इमरान खान और बुशरा बीबी को पाकिस्तान की अदियाला डिस्ट्रिक्ट जेल में बनी मेकशिफ्ट कोर्ट ने शनिवार को 7 साल की सजा सुनाई है। दरअसल, दोनों की शादी को फ्रॉड बताते हुए बुशरा के एक्स हसबैंड खावर फरीद मानेका ने याचिका दायर कराई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जज कुदरातुल्लाह ने दोनों की शादी को गैर इस्लामिक करार दिया और 5 लाख पाकिस्तानी रुपए का जुमार्ना भी लगाया। फैसले के दौरान दोनों इमरान खान और बुशरा बीबी कोर्ट में मौजूद थे। केस की सुनवाई शुक्रवार को 14 घंटों तक अदियाला जेल में ही हुई थी, जिसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। खावर फरीद मानेका ने आरोप लगाए थे कि बुशरा ने इद्दत का पीरियड पूरा किए बिना ही खान से शादी कर ली थी। दरअसल, इस्लाम धर्म में इद्दत तलाक के बाद दूसरी शादी करने के बीच की एक तय मियाद होती है।

### दिल्ली हाईकोर्ट का ईडी को जब्त सामान लौटाने का आदेश

**NEW DELHI :** दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा- ईडी की छापेमारी में इन्वेस्टिगेशन के 365 दिन के भीतर यदि आरोप साबित नहीं होता है तो प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत जब्त की गई संपत्ति को वापस उसके मालिक को लौटाना होगा। कोर्ट ने यह फैसला भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीसीएल) के महेंद्र कुमार खंडेलवाल की दायर याचिका पर सुनाया। महेंद्र कुमार ने अपनी याचिका में कहा था कि ईडी ने छापेमारी के दौरान रिकॉर्ड दस्तावेज समेत सोने और हीरे की ज्वेलरी भी जब्त की थी।

# ईडी ने बड़गाई के हल्का कर्मचारी को किया अरेस्ट

## हेमंत-भानू को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करगी एजेंसी

**कार्रवाई**

**CRIME REPORTER RANCHI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़गाई के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) भानू प्रताप प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। उस पर भूमि के सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने, मूल रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है। भानू प्रताप पहले से ही लैंड स्कैम से जुड़े केस में जेल में हैं और अब उन्हें उस मामले में गिरफ्तार किया गया है, जिसमें ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है। ईडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि, भानू प्रताप ने बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में हेमंत सोरेन की सहायता की। कोर्ट में ईडी के दिए आवेदन पर सोमवार को सुनवाई होगी।

**राजस्व निरीक्षक भानू प्रताप की भूमिका :** ईडी ने रांची के मोरहाबादी में 4.55 एकड़ वाली रक्षा मंत्रालय की भूमि के फर्जी अधिग्रहण से संबंधित एक अन्य मामले की जांच के दौरान पाया कि राजस्व निरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद इसमें शामिल एक सिंडिकेट का हिस्सा थे। पिछले साल 9 फरवरी को हुई छापेमारी में ईडी ने भानू प्रताप प्रसाद के पास से कई भूमि के रिकॉर्ड (विशेष रूप से स्वामित्व विवरण) जो दूसरों के कहने पर तैयार किया गया था, वह बरामद किया था। 13 अप्रैल, 2023 को ईडी की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से भारी संपत्ति दस्तावेजों के 11 ट्रंक और 17 मूल रजिस्टर जब्त किए गए। भानू प्रताप प्रसाद और इस जमीन-हथियाने वाले सिंडिकेट के छह अन्य सदस्यों को अवैध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया गया था। उसके मोबाइल फोन से मिले डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए थे, जिससे यह पता चलता है कि कैसे वह अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने के लिए हेमंत सोरेन सहित अन्य व्यक्तियों के साथ साजिश रचने में शामिल था।

- भानू पर भूमि के सरकारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने, मूल रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप
- भानू प्रताप पहले से ही लैंड स्कैम से जुड़े केस में जेल में है बंद, दूसरे मामले में फिर हुई गिरफ्तारी
- बरियातू में 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में हेमंत सोरेन की सहायता की

## ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुरू की पूछताछ

**RANCHI :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कड़ी सुरक्षा के बीच होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से लेकर शनिवार को ईडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। ईडी की टीम ने हेमंत सोरेन से पूछताछ शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था। इसके बाद एक फरवरी को हेमंत सोरेन को ईडी ने कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। फिर दो फरवरी को ईडी कोर्ट ने तीन फरवरी से पांच दिनों तक हेमंत सोरेन को ईडी रिमांड पर भेजा दिया था। कोर्ट ने ईडी को पुलिस रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन का मेडिकल चेकअप कराते रहने का निर्देश दिया था। साथ ही किसी तरह की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना नहीं करने को भी कहा था। इसके अलावा कोर्ट ने पूछताछ के दौरान हेमंत सोरेन को परिवार के सदस्य और वकील से मुलाकात करने की छूट दी थी। मुलाकात की अवधि 30 मिनट निर्धारित है।

### किस जुर्म में हेमंत की किए गए अरेस्ट, अब तक नहीं मिली जानकारी : झामुमो

**RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सभी लोग यही बोल रहे हैं कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। सरकार गठन के बाद से ही इसका अंदेशा था। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के 72 घंटे हो जाने के बाद भी धाराओं की जानकारी नहीं हुई है कि किस जुर्म में गिरफ्तार किया गया। इसका कोई आधार अभी तक निकल कर सामने नहीं आया है। भट्टाचार्य शनिवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सीएम के इस्तीफा देने के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री का चयन क्यों नहीं किया गया। यह जमीन आंदोलनकारियों की है। राज्यपाल से हम लोगों ने कहा कि कार्यपालिका का कोई अधिकारी नहीं है लेकिन फिर भी मौन रहे।

## फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे हेमंत सोरेन ईडी की विशेष अदालत ने दी अनुमति

**RANCHI :** पीएमएलए स्पेशल कोर्ट (ईडी कोर्ट) ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को फ्लोर टेस्ट (विश्वास मत) में भाग लेने की अनुमति दे दी है। शनिवार को ईडी की विशेष अदालत ने ये आदेश दिया। पांच फरवरी को चंपाई सोरेन सरकार विश्वास मत हासिल करेगी। 31 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन घोटाले से संबंधित मनी लाउंड्रिंग मामले में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इससे पहले हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास पर ईडी ने छापेमारी की थी। हालांकि उस वक्त हेमंत सोरेन वहां मौजूद नहीं थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी को सात घंटे से भी ज्यादा चली पूछताछ के बाद झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए किसी राजनीतिज्ञ के मनी लाउंड्रिंग के आरोप में गिरफ्तारी की देश की यह पहली घटना है।

## राहुल गांधी ने की बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना

**DEOGHAR :** भारत जोड़ो यात्रा के तहत कांग्रेस सांसद राहुल गांधी झारखंड पहुंचे हैं। राहुल गांधी की यात्रा दो फरवरी को पाकुड़ से शुरू हुई। तीन फरवरी को वे देवघर के बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर पहुंचे। देवघर में कांग्रेस सांसद ने पूरे विधि-विधान से बाबा वैद्यनाथ की पूजा अर्चना की। इस दौरान राहुल गांधी गुलाबी रंग की धोती और गमछे में नजर आएं। बता दें कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर राहुल गांधी पहली बार देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। मंदिर के पुरोहितों ने उनसे पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराई। राहुल गांधी के आगमन पर उनके स्वागत में बाबा मंदिर वीआईपी गेट से लेकर मंदिर प्रशासनिक भवन एवं मंदिर को फूलों से सजाया गया। इसके लिए बड़े वाहनों में भारी मात्रा में फूल लाये गये थे। राहुल गांधी ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में करीब 30 मिनट तक पूजा-अर्चना की।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा : केंद्र सरकार पर रहा निशाना

# अदाणी के लिए न्याय व बाकी लोगों के साथ अन्याय : राहुल

**PHOTON NEWS GODDA :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी संताल परगना में प्रवेश कर चुके हैं। गोड्डा में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपने संबोधन में केंद्र की सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मकसद है सबको एकजुट करने करना। बीजेपी जो नफरत फैला रहे हैं, हम इसके खिलाफ आए हैं। राहुल गांधी ने कहा सबके साथ अन्याय हो रहा है। पूरे देश में गरीबों और कमजोर वर्गों के साथ अन्याय हो रहा है। युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है, किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। बस अदाणी के लिए न्याय और बाकी लोगों के साथ अन्याय हो रहा है।

**मैं सच में आपकी बात सुनने आया हूं**

गोड्डा में अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी जीप से ही लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं पूरे झारखंड के लोगों से कह रहा हूं कि मैं सच में आपकी बात सुनने आया हूं। चाहे वे मजदूर हो, किसान हो, आदिवासी हो या बेरोजगार युवा हो, जिन लोगों को अपनी बातें रखनी है, वो यहां आए, मेरे साथ जीप पर बैठ जाएं और अपनी बातें रखें, बातचीत करें। मैं आपकी बात सुनने आया हूं। दिल से आपका धन्यवाद करता हूं।

- यात्रा का मकसद है सबको एकजुट करने करना
- मेरे साथ जीप पर बैठ जाएं और अपनी बातें रखें

गोड्डा में यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते राहुल गांधी।

### हमने किसानों के भूमि न्यायाधिकरण बिल लाया, पीएम मोदी ने रद्द कर दिया

राहुल गांधी ने अदाणी का नाम लेते हुए पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने लोगों से कहा कि जो आपकी पूंजी है, वो नरेंद्र मोदी अपने मित्र अदाणी को एक-एक कर देते जा रहे हैं। उन्होंने कहा हम (कांग्रेस पार्टी के लोग) भूमि न्यायाधिकरण बिल लाए, जिसमें ये प्रावधान किया जाना चाहिए था कि अगर गरीब किसान से जमीन ली जाए, तो पंचायत से और उससे पूछकर ली जाए। इसके अलावा उसे मार्केट रेट से चार गुना अधिक पैसे दिए जाए, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने भूमि न्यायाधिकरण विधेयक रद्द कर दिया। उन्होंने कहा- हमने सरना कोड लाने की कोशिश की, उसे भी लाने नहीं दिया। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने मीडिया पर भी तंज कसा, उन्होंने कहा, ये जो सामने कैमरा लेकर खड़े हैं, मीडिया मित्र। इनको गुलाम बना कर रखा हुआ है। इनके पीछे जो मैनेजर हैं, उन्होंने मेरे ऊपर आक्रमण शुरू कर दिया। 24 घंटे मेरे पीछे पड़ गए।

### ग्रामीणों पर आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों का हमला

## गोलीबारी-बमबाजी से दहला धनबाद, लाठीचार्ज, कई घायल

**CRIME REPORTER DHANBAD :** झारखंड के धनबाद में शनिवार को आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इस दौरान गोलीबारी व बमबाजी की गयी। तीन बाइक जला दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा ग्रामीणों पर लाठीचार्ज किया गया। बताया जा रहा है कि महिलाओं के साथ पुलिस ने दुर्व्यवहार किया। ये घटना अलकडीहा ओपी की है। सुरंगा बस्ती के समीप ओबी डंप करने के विरोध में आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मियों द्वारा ग्रामीणों पर हमला किया गया। लाठीचार्ज में आधा दर्जन ग्रामीण घायल हो गए हैं।



- पुलिस ने महिलाओं के साथ किया दुर्व्यवहार
- एक जिंदा बम किया गया जब्त, स्थिति तनावपूर्ण

### पंजाब के राज्यपाल लाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा

**PUNJAB :** पंजाब के राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। बनवारी लाल पुरोहित ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेज दिया है। भारत के राष्ट्रपति को लिखे अपने पत्र में पुरोहित ने कहा, मेरे कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण, मैं पंजाब के राज्यपाल और प्रशासक, केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ के पद से अपना इस्तीफा देता हूं। कृपया इसे स्वीकार करें। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों से राज्यपाल और राज्य के सीएम भगवंत मान के बीच अलग-अलग मुद्दों पर जुबानी जंग चल रही थी।

# भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न

## वाजपेयी-देशमुख के बाद सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता, पीएम ने फोन पर दी बधाई

**AGENCY NEW DELHI :** भाजपा के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी को 96 साल की उम्र में देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और भाजपा के संस्थापक सदस्य नाना जी देशमुख के बाद ये सम्मान पाने वाले भाजपा के तीसरे नेता हैं। साथ ही अब तक भारत रत्न से सम्मानित लोगों में वे 50वीं शख्सियत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर आडवाणी के साथ अपनी 2 तस्वीरें शेयर कीं और लिखा- मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने उनसे फोन पर बात भी की और उन्हें यह सम्मान दिए जाने पर बधाई दी। 2014 में सत्ता संभालने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिया गया यह सातवां भारत रत्न है। आडवाणी से पहले 23 जनवरी को बिहार के पूर्व सीएम कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न (मरणोपरांत) देने का ऐलान किया जा चुका है।

### 2015 में आडवाणी को मिला था पद्म विभूषण सम्मान

आडवाणी ने भारत रत्न मिलने पर कहा- मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ भारत रत्न स्वीकार करता हूं जो आज मुझे प्रदान किया गया है। यह न सिर्फ एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने की कोशिश की। 2015 में आडवाणी को देश के दूसरे सबसे नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। इसी साल पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न दिया गया था। तब के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी खुद उनके घर गए थे और उन्हें यह सम्मान दिया। वाजपेयी तब 90 साल के थे और अस्वस्थ थें। मुखर्जी ने प्रोटोकोल से हट कर पूर्व प्रधानमंत्री के कृष्ण मेनन मार्ग स्थित निवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न दिया।

## पहला सर्वेक्षण पोत 'संध्याक' नौसेना के बेड़े में शामिल, बढ़ेगी भारत की समुद्री ताकत

# समुद्र में बढ़ी इंडियन नेवी की ताकत, चीन की अब खैर नहीं

**AGENCY NEW DELHI :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की मौजूदगी में शनिवार को सर्वेक्षण पोत 'संध्याक' औपचारिक तौर पर नौसेना के बेड़े में शामिल कर लिया गया। नौसेना के बेड़े में इसे शामिल किया जाना हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की समुद्री ताकत बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसका उपयोग हाइड्रोग्राफी सर्वेक्षण में किया जाएगा जैसे चीनी नौसेना भारत और अन्य के निकट महासागर में करती है। रक्षा मंत्रालय ने गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) के साथ 30 अक्टूबर, 2018 को 2435 करोड़ रुपये की कुल लागत से चार सर्वेक्षण पोतों (लार्ज) का निर्माण करने के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे। इन पोतों को इंडियन रजिस्टर ऑफ शिपिंग क्लासिफिकेशन सोसायटी के नियमों के अनुसार डिजाइन और निर्मित किया गया है। इस पोत की प्राथमिक भूमिका बंदरगाह तक पहुंचने वाले मार्गों का सम्पूर्ण तटीय और डीप-वॉटर हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करना और नौवहन मार्गों का निर्धारण करना होगी। इसके परिचालन क्षेत्र में ईईजेड, एक्सटेंडेड कॉन्टिनेंटल शेल्फ तक की समुद्री सीमाएं शामिल हैं। ये पोत रक्षा और नागरिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा भी एकत्र करेंगे।

- समुद्र की गहराई में जाकर हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के साथ नौवहन मार्गों का निर्धारण करेगा पोत
- नई पीढ़ी के हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा एकत्र करेगा जहाज

### हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से लैस है 'संध्याक'

पोतों की दूसरी भूमिका युद्ध या आपातकालीन स्थिति के दौरान अस्पताल के रूप में कार्य करने की होगी। लगभग 3400 टन के विस्थापन के साथ 110 मीटर लंबा और 16 मीटर चौड़ा 'संध्याक' अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों जैसे डेटा अधिग्रहण और प्रसंस्करण प्रणाली, स्वायत्त अंडरवाटर वाहन, रिमोट चालित वाहन, डीजीपीएस लॉन्ग रेंज पोजिशनिंग सिस्टम, डिजिटल साइड स्कैन सोनार से लैस है। दो डीजल इंजनों से संचालित यह पोत 18 समुद्री मील से अधिक की गति से चलने में सक्षम है। ये जहाज मौजूदा संध्याक श्रेणी के सर्वेक्षण जहाजों की जगह लेंगे, जो समुद्र विज्ञान और भूभौतिकीय डेटा एकत्र करने के लिए नई पीढ़ी के हाइड्रोग्राफिक उपकरणों से लैस हैं। इस प्रोजेक्ट का पहला सर्वेक्षण जहाज 'संध्याक' (यार्ड 3025) जीआरएसई ने बनाया है, जबकि शेष तीन जहाजों के निर्माण की परिकल्पना एलएंडटी शिपबिल्डिंग, कट्टुपल्ली में की गई है। इस पोत के निर्माण की प्रक्रिया 12 मार्च, 2019 को शुरू हुई और इस पोत को 05 दिसंबर, 2021 को लॉन्च किया गया।

### पीएम ने ओडिशा में किया 68 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट का उद्घाटन

**BHUBANESWAR :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के संबलपुर में 68 हजार करोड़ रुपए की 18 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने जनता से कहा कि आपका ये बेटा दिल्ली में बैठा है, इसलिए राज्य के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। पीएम मोदी ने इस दौरान लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये सम्मान इस बात का प्रतीक है कि राष्ट्र की सेवा में अपना जीवन खपाने वालों को राष्ट्र कभी भूलता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि मेरा सौभाग्य रहा कि आडवाणी जी का मार्गदर्शन मुझे निरंतर मिलता रहा। ओडिशा के पीएम ने पुरी-सोनेपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। साथ ही झारसुगुड़ा प्रधान डाकघर हेरिटेज बिल्डिंग को राष्ट्र को समर्पित किया।

## हैदराबाद के रिजॉर्ट में सूबे के विधायकों की कड़ी पहरेदारी

### परिंदा भी नहीं मार सकता पर, पुलिस तैनात

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के महागठबंधन विधायकों को खरीद-फरोख्त से बचाने के लिए हैदराबाद के एक रिजॉर्ट में पूरी निगरानी में रखा गया है। विधायकों के खानपान के लिए अलग स्थान, कमरों की पहरेदारी के लिए पुलिसकर्मी और कई अन्य इंतजाम किये गए हैं। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मोबाइल फोन अब भी विधायकों के पास हैं और रिजॉर्ट में सादे लिबास में पुलिस कर्मी हैं। झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली महागठबंधन के करीब 40 विधायक यहां पूरी निगरानी में ठहरे हुये हैं। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के सूत्रों ने कहा कि झारखंड के सभी विधायक 5 फरवरी को उस वक्त रांची के लिए रवाना होंगे, जब चंपई सोरेन सरकार फ्लोर टेस्ट का सामना करेगी। बता दें कि झारखंड से विधायक चंपई सरकार के शपथ के बाद 2 फरवरी को चार्टर प्लेन से यहां पहुंचे थे। उन्हें यहां शामरीपेट स्थित लियोनिया होलिस्टिक डेस्टिनेशन ले जाया गया। जानकारी के अनुसार सभी करीब 40 विधायकों को कांग्रेस कमेटी सचिव और पार्टी की तेलंगाना प्रभारी दीपा दास मुंशी की निगरानी में ओ बिज ब्लॉक में ठहराया गया है।

- कांग्रेस की तेलंगाना प्रभारी दीपा दास मुंशी की निगरानी में हैं विधायक

THE PHOTON NEWS
www.thephotonnews.com
Sunday, 04 February 2023

# धार्मिक पर्यटन के लिहाज से काफी समृद्ध है पौड़ी

**घुमक्कड़ की पाती**

एक पौराणिक कथा के अनुसार, इस जगह का नाम भगवान शिव से लिया गया है। यह माना जाता है कि यहां भगवान शिव ने विष का सेवन किया था, जो 'समुद्र मंथन' के दौरान उत्पन्न हुआ था। इस वजह से भगवान शिव का गला रंग में नीला हो गया था, इसलिए भगवान शिव को नीलकंठ नाम दिया गया था। सदियों पुराने मंदिर अपनी आकाशीय आभा और पौराणिक महत्व को संजोए रखे हैं। नीलकंठ महादेव ऋषिकेश होकर जाना काफी सुविधाजनक रहता है और ज्यादातर लोग जो ऋषिकेश घूमने आते हैं इस जगह पर पहुंचते हैं। स्वर्ग आश्रम से यह बाइस किमी दूर है। मंदिर तक सड़क जाती है लेकिन एक अन्य रूट से इस जगह पर ट्रेक करके भी जाया जा सकता है। यह ट्रेक पूरी तरह से हरे भरे और घने जंगलों से होकर गुजरता है।

**संजय शेफर्ड**
**नई दिल्ली**

पहाड़ एक दूसरे के पास होकर भी कितने दूर हैं और दूर होकर भी कितने पास। दुर्गमता एक दूसरे को दूर करती है तो चुनौतियां एक दूसरे को लाकर पास खड़ी कर देती हैं। यह मैं पौड़ी पहुंचकर ही जान पाया। मुझे पौड़ी हर मायने में काफी अच्छा और समृद्ध लगा और हमने इस जिले में काफी अच्छा वक़्त भी बिताया। इसकी सीमाएं और भगौलिक स्थिति की जानकारी इस जगह पर आने से पहले मुझे नहीं थी। जिस तरह से एक जगह दूसरी जगह से मिल रही थी मुझे पहले तो आश्चर्य हुआ फिर मन रोमांच से भर गया।

नीलकंठ महादेव भी इसी जिले में आता है। यह वैसे तो हर बार मुझे ऋषिकेश का हिस्सा लगता रहा था पर यहां आकर पता चला कि यह पौड़ी से भी नजदीक है। यह मंदिर जिले से दूर होने के बावजूद भी यहां की विशिष्ट जगहों में से एक है। यह जगह धार्मिक उत्साह, पौराणिक महत्व और खूबसूरत परिवेश का मिला जुला संगम है।

एक पौराणिक कथा के अनुसार, इस जगह का नाम भगवान शिव से लिया गया है। यह माना जाता है कि यहां भगवान शिव ने विष का सेवन किया था, जो 'समुद्र मंथन' के दौरान उत्पन्न हुआ था। इस वजह से भगवान शिव का गला रंग में नीला हो गया था, इसलिए भगवान शिव को नीलकंठ नाम दिया गया था।

सदियों पुराने मंदिर अपनी आकाशीय आभा और पौराणिक महत्व को संजोए रखे हैं। नीलकंठ महादेव ऋषिकेश होकर जाना काफी सुविधाजनक रहता है और ज्यादातर लोग जो ऋषिकेश घूमने आते हैं इस जगह पर पहुंचते हैं। स्वर्ग आश्रम से यह बाइस किमी दूर है। मंदिर तक सड़क जाती है लेकिन एक अन्य रूट से इस जगह पर ट्रेक करके भी जाया जा सकता है। यह ट्रेक पूरी तरह से हरे भरे और घने जंगलों से होकर गुजरता है।

इन सब जगहों से मेरा परिचय बहुत पुराना था कई जगहों पर तो पहले जा भी चुका था। एक बार इन सब जगहों की स्मृतियों को अपने मन में ही दोहराया और फिर आगे बढ़ गया। एक सज्जन ने आगे का रास्ता बताया और बोला कि कई और महत्वपूर्ण जगहें हैं यहां पर घूमने टहलने की। आपको कुछ दिन और रुकना चाहिए। मैं उनकी बात सुनकर हंसना चाहता था बावजूद इसके रुका और सुना। हमें उन्होंने कई अन्य जगहों की जानकारी दिया।

मैंने पहले से बिनसर महादेव मंदिर के बारे में सुन रखा था उस सज्जन ने मेरी जानकारी में और भी ज्यादा इजाफा किया। उन्होंने बताया कि बिनसर महादेव का मंदिर जोकि थलीसैंण में स्थित है पौड़ी गढ़वाल का प्रसिद्ध मंदिर है, देव भूमि उत्तराखंड की अलौकिक धरती पर यह मंदिर स्वर्ग से कम नहीं है। यह मंदिर भगवान हर गौरी, गणेश और महिषासुर मंदिनी के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है। इस मंदिर को लेकर यह माना जाता है कि यह मंदिर महाराजा पृथ्वी ने अपने पिता बिंदु की याद में बनवाया था। इस मंदिर को बिंदेश्वर मंदिर के नाम से भी जाना जाता है।

इस जिले में रहते हुए मां ज्वाल्पा देवी मंदिर के दर्शन के लिए भी जा सकते हैं। देवी दुर्गा को समर्पित इस क्षेत्र का प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां ज्वाल्पा देवी का मंदिर पौड़ी से लगभग 33 किमी दूरी पर स्थित है। लोग दूर-दूर से अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए इस जगह पर आते हैं। मंदिर नायर नदी के उत्तरी किनारे पर स्थित है तथा पास का स्टेशन सतपुली लगभग 17 किमी है। इस जिले में स्थित नागदेव मंदिर पौड़ी-बुवाखाल रोड पाइन और रोडोडेंड्रन के घने जंगल के बीच में स्थित है। मंदिर के रास्ते में एक वेधशाला स्थापित की गयी है जहां से चौखंबा, गंगोत्री समूह, बन्दर पूंछ, केदरडोम, केदारनाथ आदि जैसे शानदार हिमालय पर्वतमाला के विशाल और रोमांचकारी दृश्य देखे जा सकते हैं। आपको ट्रेकिंग करना पसंद हो और पहाड़ की खूबसूरती भाती हो, तो यह जगह भी आपके लिए काफी उपयुक्त है।

दरअसल, यह जगह धर्म की पुनरुत्थान के लिए भी जानी जाती है। जिसका श्रेय क्यूंकालेश्वर मंदिर को दिया जा सकता है। आठवीं शताब्दी में इस शिव मंदिर की स्थापना शंकराचार्य द्वारा पौड़ी की यात्रा के दौरान हिंदू धर्म के पुनरुत्थान के रूप में की गयी थी। यह मंदिर पौड़ी और आसपास के इलाकों में बहुत प्रसिद्ध है, लोगों का मंदिर के मुख्य देवताओं- भगवान शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय में बहुत अधिक आस्था और विश्वास है। मुख्य मंदिर के एकदम पीछे अन्य देवताओं भगवान राम, लक्ष्मण और देवी सीता के मंदिर हैं। इस जगह पर आकर हिमालय की खूबसूरती को बखूबी निहारा जा सकता है। यहां से हिमालय पर्वत माला के साथ-साथ अलकनंदा घाटी और पौड़ी शहर का मंत्रमुग्ध कर देने वाला दृश्य दिखता है।

मैंने रांशी गांव के बारे में पहले से सुन रखा था उन सज्जन ने बताया तो मुझे और भी अच्छा लगा। इस जगह को इसकी प्राकृतिक छटा की वजह से जाना जाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो पौड़ी धार्मिक पर्यटन के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। यहां पर आकर कई प्राचीन और नवीन मंदिरों के दर्शन का योग बन जाता है। लेकिन मेरे साथ कुछ अलग तरह की चुनौतियां थी। मैं जानना और समझना तो हर जगह को चाहता था लेकिन जाता वहीं था जो हमारे रुट पर आती थी।

लंढोर तो काफी अच्छी जगह है। उससे लगी मसूरी, लंढोर, धनौल्टी, लैंड्सडाउन और चकराता भी। लेकिन यह पौड़ी जिले की सीमा से लगते हुए भी जिले की हिस्सा नहीं हैं। यह सब जगहें मुझे काफी पसंद रही हैं। ऐसा नहीं कि इन जगहों का मैंने भ्रमण नहीं किया। कई बार किया था लेकिन इस बार कि यात्रा काफी रोमांचक थी। तकरीबन तीन घंटे के बाद नीलकंठ महादेव पहुंचा। भगवान शिव का दर्शन किया और शाम होने के साथ ही वापस पौड़ी लौट आया। इस तरह मैंने एक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरे हुए और आध्यात्मिक शक्ति से सराबोर उस दुनिया से खुद को जोड़ आया।

---

## कविता

**नंदा पाण्डेय कवयित्री**
रांची

### इन दिनों मैं लिख रही हूं प्रेम!

हां, इन दिनों मैं लिख रही हूं 'प्रेम'
बहुत लिख लिया दर्द
अब लिख रही हूं प्रेम
एक दूसरे की आँखों को पढ़ते हुए
एक दूसरे की हथेलियों पर
अपने-अपने नाम की रेखाओं को
खोजते हुए लिख रही हूं प्रेम
हां, इन दिनों मैं लिख रही हूं प्रेम!

ठहर कर थोड़ी देर
उम्र के इस पड़ाव पर
आंज कर आंखों में
अमावस की रात का काजल
ओढ़ कर संभावना वाली धानी चुन्नी
भरी दोपहरी में पहाड़ी झरनों सी
खिलखिलाती हुई.... लिख रही हूं प्रेम
हां, इन दिनों मैं लिख रही हूं प्रेम
अंतर्मन में दस्तक दे रहे अधूरे सपनों
और सावन की बारिश में छप-छप करते
अपने ही पैरों से निकली अंतहीन प्रेम
की ध्वनियों को सुनते हुए
अपने ही प्रश्नों के उत्तर में
लिख रही हूंप्रेम
हां, इन दिनों मैं लिख रही हूं प्रेम

लिखना चाहती हूं
समुद्र के अनंत विस्तार में
डूब रही,
अपनी खामोशी से उठती गडमड लहरों
और
गंगा पार काशी-विश्वनाथ की गलियों में उतर रही शाम के बीच
गूंजते शंखनाद के साथ प्रेम!
हां, इन दिनों मैं लिख रही हूं प्रेम!

लिख कर रखना चाहती हूं,
सबसे छुपा कर
नहीं चाहती कोई भी परीक्षा
लिख पाऊंगी या नहीं
ये तो मैं भी नहीं जानती
फिर भी दोहराती हूं अपनी ये इच्छा बार-बार
हर बार.......!

हां, इन दिनों मैं लिख रही हूं प्रेम!

---

**व्यंग्य ■ बर्बरीक**

# दिल तो बच्चा है जी

**दिलीप कुमार**

नजर बचाकर निकलना ही चाहता था कि बड़े मियां आकर सामने खड़े हो गये।मैंने झुककर अदब से सलाम किया तो तुनकते हुए बोले 'ये सलाम ही करते रहोगे कभी हाय-हैलो भी कर लिया करो मियां।'

मुझे हैरानी तो हुई मगर अचानक मुंह से निकल पड़ा 'जब से होश संभाला है तब से सलाम ही कर रहा हूं आपको और इस उम्र में।' बड़े मियां इतराते हुए बोले 'उम्र को छोड़ो, दिल तो बच्चा है जी।'

मैं उनको अचरज से नयन भर देख पाता तब तक उन्होंने कहा- 'अमां वो लघुकथा वाली तुम्हारी भाभी हैं ना, उन पर एक कविता लिख दो, यानी गजलनुमा उनके हुस्न की तारीफ करते हुए । उनका जन्मदिन आ रहा है नाश्ये कहते हुए उन्होंने मोबाइल निकाल लिया और एक ख़्वातीन की फोटो दिखाते हुए बोले- 'यही हैं वो चश्मे बद्दूर,

नजर नवाज नजारों की हूर
ना जाने क्यों है मगरूर,
मगर मान जाएगी जरूर।'

मैंने उनसे अर्ज किया-

'भाभी नहीं ये तो खाला लगती हैं भरपूर।

विग भी नकली लगती है,
कैसी है ये हूर?

दांत आगे के आप की मानिंद टूटे हैं,

कब्र में पैर इनके भी लटके हैं मेरे हुजूर ।

बड़े मियां झल्लाये

'अबे तू अहमक है बात इतनी मेरी समझ ले ना,

आंटी होगी तेरी, मेरी तो ओल्ड वाइन है ये हसीना,

इश्क वर्चुअल था अब तक,
अब रियल होने वाला है

तुझे क्यों जलन होती है ए नामाकूल तू है बड़ा कमीना।

बड़े मियां की बात सुनकर मैं अंगारों पर लोट पड़ा।

'पेंशन धुवां, जीपीएफ कितनों का काफूर कर चुकी

ये ओल्ड वाइन बहुत बूढ़ी हड्डियों में नासूर कर चुकी

जरा तो लिहाज करो ,अपने पोते-पोतियों का ए मियां

ना जाने कितने घर उजाड़ने में है ये मशहूर हो चुकी।'

बड़े मियां को ये सलाह खासी नागवार गुजरी शायद वैसे भी बचपन की जिद और बुढ़ापे का इश्क कहां किसी की सुनता है। वो किचकिचा कर मेरी तरफ दौड़े, मुझे लगा कि वो शायद मुझ पर हमला करें ,मैंने भागकर खुद को किसी तरह बचाया। मुझे पकड़ कर ठोंक ना पाने का मलाल या मेरी सलाहियत उनकी खफगी का सबब बनी शायद, मुझे उन पर तरस आ गया, वो लगातार हांफे और खांसे जा रहे थे, मैंने खुद को उनके हुजूर में पेश कर दिया और धीरे से अपनी मनोव्यथा कही। 'दीगरां नसीहत,खुदा मियां फजीहत'।

मैंने उन्हें चन्द लाइन लिख कर दी, जिसका मजमून यूं था,

'मन लगे आपका राम में,तन में ना कोई रोग-व्याधि हो

जीवन सुखद हो,अनुकरणीय आपकी अदबी उपाधि हो,'

बड़े मियां झल्ला पड़े, 'बेड़ा गर्क हो तेरा,इसीलिये लघुकथा की तमाम तितलियों ने तुम्हें ब्लॉक कर रखा है (फिर इतराते हुए बोले) और हर दिन हमें कोई ना कोई ऐड करती रहती हैं। अबे मरदूद और ये मोबाईल वाली ख़्वातीन तेरी खाला या आंटी नहीं हैं उन्हें अदब से भाभी या दीदी भी पुकार सकते हो।'

मैने हैरानी से उनसे पूछा 'मगर बड़े मियां तितलियां तो फेसबुक पर साहित्य की हर विधा में हैं, फिर आप एक ही तक महदूद क्यों हैं?'

उन्होंने फिर मुझे फटकारा 'अबे नामाकूल, ये नये लिटरेचर का नया फैशनेबल ट्रेंड है,खुदा लघुकथा को लम्बी उम्र दे, ये बड़ी उम्र और बच्चा दिल वालों की अंतिम पनाहगाह है। या खुदा

'मुझको भी बोहनी के आसार नजर आते हैं

मैं ही इक गुल बाकी सब इसे खार नजर आते हैं'।।

ये कहते हुए उन्होंने मोबाईल की बलैयां ले ली और उस ख़्वातीन की तस्वीर फिर निहारने लगे।

बड़े मियां रोजगार से रिटायर,सीजनल वीर रस के कवि और छुटभैया शायर थे। दो बीवियों और सात बच्चों के बावजूद उनकी बड़ी मासूम सी हसरत थी कि उन्हें भी इश्क हो और अदब वाली खातून से हो, गोया उनकी बीवियां और बच्चे मंगल ग्रह से टपके हों और बगैर प्यार, इश्क और मोहब्बत के नमूदार हुए हों। मैंने उनसे पुराने सम्बन्धों का लिहाज करते हुए कहा -खते मजमून क्या होगा, कहीं लेने के देने ना पड़ जाएं, वैसा क्या कुछ मुमकिन होगा।'

वो बड़ी सहिष्णुता से बोले- तू तो देश विरोधी बातें करता है, देश आजाद है जो लिखना है लिख, कुछ लोग कहते हैं कि जब देशद्रोह का नारा लगाने से ही कोई देशद्रोही नहीं हो जाता उसे बाकयदा देश द्रोह करना पड़ेगा सबूत के साथ वैसे ही इश्क का पैगाम किसी भी जुबान में देने से कोई मजनू नहीं बन जायेगा उसे दर दर पिटना पड़ेगा बहुत नोट उड़ाने पड़ेंगे तब कहीं जाकर साबित होगा। सियासत और इश्क में वस्ल कभी नामुमकिन नहीं होती, कल तक एक दूसरे की खूंखार दुश्मन रहीं सियासी तंजीमें आज गलबहियां डाले घूम रही हैं। देश को, संविधान को संघ से जीवन भर खतरा बताने वाले अमरसिंह ने अपनी सारी पुश्तैनी जमीन संघ को दे दी । वही सियासी खूबी इस लेडी की भी है, ये हर उस शख्स की दोस्त है जो इसे कुछ दे सके । इसकी किसी से दुश्मनी नहीं है इसे चाहे जो कुछ भी कहे बस इसकी दोस्ती की एक ही शर्त है कि पॉकेट में नोट हो। फिर मेरे पास मेरी पेंशन तो है ना इसलिये लिख दे उस ओल्ड वाइन के नाम मेरा पैगाम'।

मेरे मुंह से बेसाख्ता निकला,

'जिधर देखो उधर इश्क के बीमार बैठे हैं

हजारों मर गए इसमें, सैकड़ों तैयार बैठे हैं।'

बड़े मियां ये सुनकर बाग बाग हो गए, वो इतराते हुए चल दिये, मैंने उनसे कहा 'कहां चले, अपना तजुर्मा तो ले जाएं,'

वो पुलकते हुए बोल' गार्नियर लाने, कल उनका बर्थडे है ना,वही मोबाईल वाली काश्और चले गए।

मैं उनको जाते हुए देखता रहा,नेपथ्य में कहीं कोई गाना बज रहा था,' दिल तो बच्चा है जी'।

---

## चित्र प्रदर्शनी

01





**वीर उपाध्याय**

02



BRIEF NEWS

### तीन साल से एक ही जिले में पदस्थापित 25 सार्जेंट मेजर व 48 मेजर का तबादला

**RANCHI :** तीन साल से एक ही जिले में पदस्थापित 25 सार्जेंट मेजर और 48 मेजर का पुलिस मुख्यालय ने तबादला कर दिया है। इससे संबंधित अधिसूचना शनिवार को जारी कर दी गई है। पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर यह तबादला किया गया है। साथ ही जिले के एसपी को निर्देश दिया गया है कि जिन सार्जेंट मेजर और मेजर का तबादला हुआ है, उन्हें विरमित करते हुए पुलिस मुख्यालय को प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करेंगे।

### झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज, 5 व 6 फरवरी को बारिश की संभावना

**RANCHI :** झारखंड में अगले दो दिनों तक मौसम साफ रहेगा। सुबह में कोहरे के बाद धुप निकलने की संभावना है। जबकि मौसम शुष्क रहेगा। राज्य के दक्षिणी भागों में अगले 2 दिनों में न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस गिर सकता है। जबकि अन्य भागों में तापमान में कोई खास बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि अगले दो दिनों के बाद झारखंड में मौसम का मिजाज बदलेगा। मौसम विभाग की मानें तो उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ बन रहा है। जिसकी वजह से अगले दो दिनों के बाद यानी 5 और 6 फरवरी को बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 5 फरवरी को राज्य के उत्तरी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है। जबकि 6 फरवरी को राज्य के दक्षिणी, मध्य तथा उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है। बारिश होने से लोगों को ठंड थोड़ी सतायेगी।

### आम लोगों के लिए छह से खुलेगा राजभवन उद्यान

**RANCHI :** राजभवन उद्यान आम लोगों के लिए छह फरवरी से खोला जा रहा है। उद्यान 12 फरवरी तक सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक खुला रहेगा। कोई भी व्यक्ति सुबह 10 बजे राजभवन के गेट नंबर-दो से अपना रजिस्ट्रेशन और सुरक्षा जांच कराकर दिन के एक बजे तक ही अंदर प्रवेश कर सकेंगे। प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क होगा। राजभवन ने लोगों की भीड़ की संभावना को देखते हुए दर्शक को अंदर अधिकतम 30 मिनट तक ही भ्रमण करने की अनुमति दी है। प्रवेश करने के लिए हर व्यक्ति को अपने पास पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। इस उद्यान में 400 किस्म के 17 हजार से अधिक गुलाब हैं। विदेशों से मंगाये गये फूल सहित भारत-पाकिस्तान युद्ध में उपयोग में लाये गये टैंक, बड़ा चरखा, शहीद स्थल आदि आकर्षण का केंद्र हैं।

### तमाड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**RANCHI :** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में जवाबदेही से काम नहीं होने की वजह से यहां के लोग हताश और परेशान हैं। जवाबदेही तय करने के लिए जनता के बीच रहकर उनके हित और अधिकार के लिए काम करने वाला जनप्रतिनिधि चाहिए। आजसू पार्टी जवाबदेह राजनीति करती है।महतो शनिवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज, बुंडू में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पार्टी के भावी कार्यक्रमों और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि बुंडू के लोग हॉस्पिटल के लिए लड़ रहे हैं। अस्पताल सुचारू रूप से चले इसके लिए भूख हड़ताल पर बैठना पड़ता है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# मांडर में युवती का अधजला शव बरामद, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की राजधानी रांची के मांडर प्रखंड में एक युवती का जलता शव बरामद होने से सनसनी फैल गई है। शव हातमा के जंगल में सड़क से 300 मीटर दूर जंगल में मिला है। शनिवार (3 फरवरी) को ग्रामीणों ने जंगल में युवती के जलते शव को देखा। उन्होंने इसकी सूचना ग्रामीणों को और पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचकर आग बुझाई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

**19-20 साल की युवती के हाथ में बंधी है मौली :** युवती की उम्र 19 से 20 साल बताई जा रही है। बाएं हाथ में अंगूठी है। मौली भी बंधी है। शरीर का ऊपरी हिस्सा पूरी तरह जल गया है। युवती ने काले रंग की जींस और नीले रंग के जूते पहन रखे थे। शव के पास से रांची के पिस्का मोड़ स्थित एक मिठाई दुकान से खरीदे गए केक का डिब्बा भी मिला है। दो डिस्पोजेबल ग्लास भी मिला है। पास में पाइप भी मिला है। आशंका जताई जा रही है कि पेट्रोल डालकर युवती को जलाया गया है। इस पाइप की मदद से ही पेट्रोल निकाला गया होगा, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है।

## हत्या के बाद पेट्रोल डालकर शव को जलाए जाने की आशंका

बताया जा रहा है कि मृतका का चेहरा पूरी तरह से जल गया है। उसके चेहरे पर चोट के निशान भी मिले हैं। इसलिए अनुमान है कि उसको जलाने से पहले उसके साथ मारपीट भी की गई होगी। शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस को आशंका है कि युवती की हत्या करने के बाद पेट्रोल डालकर उसे जला दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि फॉरेंसिक विभाग की टीम को भी जांच के लिए बुलाया जाएगा।

# राहुल की न्याय यात्रा को झारखंड में राजद का पूर्ण समर्थन : जयप्रकाश यादव

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड राजद के प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को पूर्ण समर्थन है। जयप्रकाश ने आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के निदेर्शानुसार झारखंड राजद के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को राहुल की पदयात्रा में शामिल होने और उनको पूर्ण समर्थन देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में पिछड़े, दलित और आदिवासी की सरकार है, भाजपा उसको अस्थिर करने पर लगी हुई है। भाजपा अराजक और सांप्रदायिक पार्टी है। कहा कि महागठबंधन की सरकार को गिराने का षड्यंत्र कर रही भाजपा को मुंह की खानी पड़ी।

**चंपई सोरेन को जयप्रकाश ने दी बधाई :** जयप्रकाश नारायण यादव ने गठबंधन की सभी साथियों को धन्यवाद और बधाई दी। कहा कि उन्होंने एकजुटता दिखायी और जनमत का सम्मान किया। जयप्रकाश ने चंपई सोरेन को नये मुख्यमंत्री बनने पर भी बधाई दी। साथ ही आलमगीर आलम और राजद के सत्यानंद भोक्ता को भी मंत्री पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दी। सारी जानकारियां झारखंड प्रदेश राजद की उपाध्यक्ष अनीता यादव ने दी।

# झामुमो में हिम्मत है तो हेमंत के दिल्ली से रांची आने का श्वेतपत्र करे जारी : अरुण उरांव

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण उरांव ने शनिवार को झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने कर्मो से जेल गए हैं। झामुमो को हिम्मत है तो बताए कि मुख्यमंत्री दिल्ली आवास से फरार क्यों हुए। चार्टर्ड प्लेन से गए थे और भगोड़े की तरह भागते-भागते रांची क्यों पहुंचे?

झामुमो को बताना चाहिए कि दिल्ली से रांची भागकर आने के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का रूट चार्ट क्या था। कौन-कौन सुरक्षा अधिकारी उनके साथ थे। झामुमो बताए कि आखिर 48 घंटे तक हेमंत सोरेन ने राज्य को किसके भरोसे छोड़ा था। आखिर कौन सी मजबूरी थी कि राज्य की जनता को मुख्यमंत्री के गायब होने की खबर पर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि झामुमो अपनी नाकामियों और विफलताओं पर श्वेत पत्र जारी करे। झारखंड में जल, जंगल जमीन की लूट पर श्वेत पत्र जारी करे। महिलाओं के साथ हुए छह हजार से अधिक दुष्कर्म की घटनाओं पर श्वेत पत्र जारी करे।

उरांव ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन को कई बार पत्र लिखकर सचेत भी किया। दोषियों पर कार्रवाई की सलाह दी लेकिन सत्ता के अहंकार में कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई विधि सम्मत कार्रवाई है।

# भारत की राजनीति में शुचिता के प्रतीक हैं लालकृष्ण आडवाणी : बाबूलाल मरांडी

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वागत किया। उन्होंने खुशी जताई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मरांडी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि भारतीय राजनीति में आडवाणी जी शुचिता का प्रतीक हैं। उन्होंने न तो परिवार के लिए राजनीति की और न ही पैसे के लिए।

उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा तो उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया और घोषणा की कि जब तक वह बरी नहीं हो जाते तब तक वह सदन में प्रवेश नहीं करेंगे। जांच के बाद उन्हें बरी कर दिया गया और तभी उन्होंने संसद का चुनाव लड़ा। ऐसे आदर्श को भारत रत्न से सम्मानित करना अपने आप में गौरव की बात है। वह वास्तव में इसके हकदार हैं। बाबूलाल मरांडी ने लालकृष्ण आडवाणी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि इस फैसले से हम सभी खुश हैं।

लालकृष्ण आडवाणी को इससे पहले 2015 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। आठ नवंबर 1927 को कराची में पैदा हुए लाल कृष्ण आडवाणी भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। 2002 से 2004 के बीच वह अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उप प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले वह 1998 से 2004 के बीच एनडीए सरकार में गृह मंत्री थे। लाल कृष्ण आडवाणी से पहले अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न दिया गया था।

# आईएनडीआईए गठबंधन ने की बैठक, राहुल गांधी के न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का लिया निर्णय

**PHOTON NEWS RANCHI :** आईएनडीआईए गठबंधन की बैठक भाकपा राज्य कार्यालय में शनिवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने की। बैठक में मुख्य रूप से पांच फरवरी को रांची के शहीद मैदान में राहुल गांधी की न्याय यात्रा में आयोजित जनसभा को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया।

CPI
JUDEGA BHARAT JEETEGA INDIA

बैठक में शामिल गठबंधन के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

सभी दल के लोगों ने एक स्वर में कहा कि रांची के शहीद मैदान में जनसैलाब उमड़ेगा। सभी दल इस न्याय यात्रा में अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगे। इस दौरान राज्य के अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि एचईसी को बचाने के सवाल को प्राथमिकता से इस जनसभा में राहुल गांधी से उठाने की मांग करेंगे। इस मुद्दे को आईएनडीआई गठबंधन जन आंदोलन का रूप दिया जायेगा। पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि यह न्याय यात्रा मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण पूरे देश में जागरुकता के लिए की जा रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। न्याय यात्रा से सभी वर्ग को न्याय मिले इसके लिए प्रयास करना है। यात्रा का उद्देश्य इस देश में मंहगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों को जागरूक कर आनेवाले चुनाव में केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए गोलबंदी करने के लिए है। यात्रा के दौरान एचईसी को बचाने के लिए गठबंधन के लोग राहुल गांधी को मेमोरेंडम सौंपेंगे। बैठक में कांग्रेस झामुमो, राजद, सीपीआई, सीपीएम, माले, मासस, आप टीएमसी के प्रतिनिधि शामिल थे।

# रिमांड के दौरान ईडी के कस्टडी में ही रहेंगे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**PHOTON NEWS RANCHI :** रिमांड की अवधि में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से दिन में पूछताछ के बाद रात में होटवार स्थित बिरसा मुंडा जेल में रखने के आग्रह को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने शनिवार को ठुकरा दिया है। रिमांड की अवधि में हेमंत सोरेन की पूरी कस्टडी ईडी की रहेगी। कोर्ट में हेमंत सोरेन के महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से सुरक्षा के दृष्टिकोण से हेमंत सोरेन से दिन में पूछताछ के बाद रात में बिरसा मुंडा जेल या अन्य सुरक्षित जगह पर रखने की अनुमति मांगी गई थी। साथ ही कहा गया था कि ईडी कार्यालय में उनकी जान को खतरा है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने हेमंत सोरेन के अधिवक्ता, संबंधी एवं पत्नी को रिमांड अवधि में आधे घंटे मिलने की अनुमति दे दी है। इससे पहले शुक्रवार को इस मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो जाने के बाद ईडी कोर्ट ने मामला में फैसला सुरक्षित रखा था। ईडी की ओर से हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार ने पक्ष रखा था। ईडी की ओर से कहा गया कि रिमांड में दो तरह की कस्टडी होती है, आधी-आधी कस्टडी नहीं होती है। या तो हेमंत सोरेन को न्यायिक हिरासत में जेल में रखा जाये या रिमांड के दौरान उनसे पूछताछ के लिए इसका पूरा कंट्रोल दिया जाये। किसी से अनुसंधान में क्या पूछना है और कब तक पूछना है यह कोई और तय नहीं कर सकता है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने हेमंत को पांच दिनों के रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# दो दिवसीय जापान फेस्ट का शुभारंभ

**PHOTON NEWS RANCHI :** तीन फरवरी को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में दो दिवसीय जापानी फेस्ट का शुभारंभ हुआ। यह फेस्ट तामई ओनेटड़म इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से रांची विश्वविद्यालय के साथ हो रहा है। कुलपति रांची विश्वविद्यालय प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने जापानी टीम का स्वागत किया और कहा कि जापानी भाषा का कोर्स रांची विश्वविद्यालय में प्रारंभ हो रहा है। यह हमारे लिये एक उपलब्धि की बात है। हमारे छात्र जापानी भाषा सीखने के साथ ही जापानी कार्य संस्कृति और अनुशासन भी सीखेंगे। यह कोर्स झारखंड के युवाओं के लिये बहुत ही रोजगारपरक साबित होगा। भारतीयों का जापानी भाषा को सीखना हर लिहाज से कैरियर के लिये एक बेहतरीन चुनाव है। यही सोच कर रांची विश्वविद्यालय में जापानी भाषा कोर्स की शुरूआत की जा रही है। इस कोर्स को प्रारंभ करने के लिये रांची विवि ने जापान के साथ एमओयू किया है।

**भारत जापान आपसी सहयोग से विश्वगुरू बनेंगे: मिसेज तमाई**

जापानी टीम की सीईओ मिस तमाई ने हिंदी में सबों को संबोधित किया और कहा कि हम इस फेस्ट के माध्यम से एक दुसरे की संस्कृति और रीति रिवाजों को भी समझ सकते हैं।

# सीनियर आईएएस अधिकारी मुकेश कुमार ने ग्रहण किया श्रम नियोजन व प्रशिक्षण विभाग का पदभार

**PHOTON NEWS RANCHI :** वर्ष 2009 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी मुकेश कुमार ने झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के प्रभारी सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया है। मुकेश कुमार इससे पहले निर्देशक अंकेक्षण के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। हाल ही में राज्य सरकार ने 2008 और 2009 बैच के तीन आईएएस अधिकारियों को अलग-अलग विभागों में प्रभारी सचिव के पद पर पदस्थापित किया है। इसमें निर्देशक खान के पद पर स्थापित अरवा राजकमल को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा निदेशक भू अर्जुन, भू अभिलेख एवं परिमाप के पद पर पद स्थापित उमाशंकर सिंह को स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का प्रभारी सचिव बनाया गया है।

आईएएस अधिकारी मुकेश कुमार।

**पांच जिलों के उपायुक्त रहे हैं मुकेश कुमार :** मुकेश कुमार झारखंड के अलग-अलग पांच जिलों में उपायुक्त के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इसके अलावा रांची नगर निगम के नगर आयुक्त रहे हैं। बतौर आईएएस अधिकारी इन्होंने अलग-अलग पदों पर शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, उद्योग विभाग और वित्त विभाग को अपनी सेवाएं दी हैं। इन्होंने इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी, गाजियाबाद से पीजी डिप्लोमा, एचआर मैनेजमेंट में किया है। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से स्नातकोत्तर तथा पटना विश्वविद्यालय से गणित में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है।

### राजधानी में तीन फ्लाईओवर का काम इस साल होगा पूरा, अन्य छह का डीपीआर तैयार, एक प्रस्तावित

# रांची को दस फ्लाइओवर्स की सौगात, मिलेगी जाम से मुक्ति

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। ट्रैफिक को दुरुस्त करने और इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए लगातार काम हो रहे हैं। पहले ही रांचीवासियों के तीन बड़े फ्लाईओवर की सौगात मिल रही है। इसके अलावा अन्य 6 फ्लाईओवर के निर्माण के लिए भी डीपीआर तैयार किया जा रहा है। अब राजधानी रांची में एक और फ्लाइओवर निर्माण की योजना तैयार की जा रही है। इसका निर्माण कांटाटोली से लेकर बूटी मोड़ तक किया जायेगा। इसके लिए डीपीआर तैयार करने के लिए कंसल्टेंसी का चयन किया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने इच्छुक कंसल्टेंसी कंपनी से डीपीआर तैयार करने के लिए आवेदन मांगा है। कंपनी को 90 दिनों में डीपीआर तैयार करना होगा।

**अन्य छह फ्लाइओवर कौन-कौन से :** अरगोड़ा चौक के ऊपर हरमू की ओर से डिबडीह की ओर फ्लाइओवर का निर्माण होगा। करमटोली चौक से रिम्स के आगे तक फ्लाइओवर बनाने की योजना है। करमटोली चौक से बोड़ेया तक फ्लाइओवर बनाया जायेगा। डीपीएस स्कूल के पास से बिरसा चौक होते हुए हिनू तक फ्लाइओवर बनाने की भी योजना है। इसका सर्वे पहले भी कराया गया है। इसका डीपीआर बनाया गया था। इसमें अंडर पास का भी प्रावधान किया गया था। अब फिर से डीपीआर बनाया जायेगा, ताकि हिनू या बिरसा चौक की ओर जाने वाले वाहन फ्लाइओवर से हिनू-एयरपोर्ट की ओर निकल जायें। विकास से कांटाटोली होते हुए नामकुम तक फोरलेन सड़क का काम हो रहा है, ताकि ट्रैफिक की समस्या से निजात मिले।

वहीं, प्रस्तावित हरमू फ्लाइओवर का विस्तार करके एलपीएन शाहदेव चौक से कांके (नगड़ी) में रिंग रोड तक जोड़ा जायेगा।

## फ्लाइओवर बनने से कैसा होगा परिवहन

करीब पांच किमी लंबा फ्लाइओवर का निर्माण कराया जायेगा। इसमें भू-अर्जन प्रस्ताव से लेकर सारी चीजों को शामिल करना है। इस परियोजना पर क्या लागत आयेगी, इसका आकलन करने के बाद विभाग आगे बढ़ेगा। फिलहाल मेकन से सिरमटोली चौक तक और बहू बाजार से कांटाटोली तक फ्लाइओवर बन रहा है।

## जल्द ही मिलेगी तीन फ्लाइओवर की सौगात

राजधानी के लोगों को इसी साल तीन फ्लाइओवर की सौगात मिलेगी। तीनों फ्लाइओवर बनने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने में काफी मदद मिलेगी। लोगों को जाम से काफी हद तक निजात मिलेगी। फिलहाल तीनों फ्लाइओवर का काम प्रगति पर है। यह प्रयास किया जा रहा है कि इन फ्लाइओवरों को जून 2024 के पहले पूरा कर जनता को सुपुर्द कर दिया जाये। जिनमें रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर, सिरमटोली फ्लाइओवर व कांटाटोली फ्लाइओवर शामिल हैं।

# जतरा मैदान कांके में जिला स्तरीय ग्रामीण अंतर विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

मशाल जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** ग्रामीण उत्थान सहयोग संस्था कदमा द्वारा 18 वी जिला स्तरीय ग्रामीण अंतर विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन कदमा जतरा मैदान कांके में किया गया जिसमें कुल 9 स्कूलों के विद्यार्थि शामिल हुए 1990 से यह संस्था लगातार कोरोना काल को छोड़कर बालक एवं बालिका वर्ग का फुटबॉल एवं खेल - कूद प्रतियोगिता आयोजित करते आ रही है फुटबॉल प्रतियोगिता अक्टूबर के माह में एव खेल कूद प्रतियोगिता फरवरी के माह में आयोजित की जाती है आज के खेल कूद प्रतियोगिता में सभी स्कूलों के बीच परेड कराया गया उसके बाद दीप जलाकर प्रज्जवलित कर उसे मैदान के चारों ओर घुमाया गया, उसके बाद दौड़ 100 मी, 200 मी, 400 मी, 800 मी,1500 मी, दौड़ गोला फेंक, आदि बालक एवं बालिका के बीच करवाया गया आज के इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिसद सदस्य अनिल महतो टाईगर, जिप सदस्या सुषमा देवी, डॉ धनेश्वर महतो,गिरजा शंकर पांडेय आदि शामिल हुए इस प्रतियोगिता को कराने में संरक्षक महेंद्र महतो (अधिवक्ता) अध्यक्ष तीर्थ नाथ महतो, सचिव जतरु टोप्पो ,उपाध्यक्ष इन्द्रासन सिंह, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नाथ महतो, मुकेश, राजकुमार के साथ कदमा के सभी ग्रामीण वासियों के सहयोग से संपन्न हुआ।

BRIEF NEWS

### बस्तियों में सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**ROURKELA :** राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए राउरकेला की सभी बस्तियों में ' आमो ओडिशा नवीन ओडिशा, शहरी' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर माननीय राज्य श्रम एवं कर्मचारी बीमा मंत्री सारदा प्रसाद नयाक उपस्थित रहे। उन्होंने सरकार की योजना को जमीनी स्तर पर लागू करने पर जोर दिया। झुग्गीवासियों के बीच प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए रंगोली, नृत्य और संगीत प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

### भुवनेश्वर-राउरकेला इंटरसिटी एक्सप्रेस देर से चलने पर आक्रोश

**ROURKELA :** राउरकेला डेवलपमेंट स्टीयरिंग कमिटी ने मौर्य एक्सप्रेस के हटिया से संबलपुर तक विस्तार का स्वागत किया और रेल मंत्री को धन्यवाद दिया। साथ ही सांसद जोएल ओराम और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भी धन्यवाद दिया है। दूसरी ओर, भुवनेश्वर-राउरकेला इंटरसिटी ट्रेन और अन्य ट्रेनें देरी से चल रही है। इस पर कमेटी ने नाराजगी व्यक्त की है। इस संबंध में राउरकेला डेवलपमेंट स्टीयरिंग कमिटी के शुभ पटनायक ने संवाददाता सम्मेलन में रेल विभाग से ट्रेनों का समय निर्धारित करने की मांग की।

### चुनाव को लेकर तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

**ROURKELA :** राउरकेला के नए एडीएम व राउरकेला महानगर निगम आयुक्त आशुतोष कुलकर्णी ने कार्यभार संभाल लिया है। वह राउरकेला स्मार्ट सिटी लिमिटेड का भी कार्यभार संभालेंगे। आशुतोष कुलकर्णी कार्यभार संभालते ही विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह इस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं क्योंकि आम चुनाव और विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं। इसके अलावा, चूंकि हॉकी प्रो लीग हॉकी विश्व कप के बाद आयोजित किया जा रहा है, इसलिए यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं कि इसे ठीक से पूरा किया जा सके।

### उड़िया विश्वविद्यालय में तीन विषयों की होगी पढ़ाई



**PURI:** ओडिशा में पहला उड़िया विश्वविद्यालय स्थापित हो गया है। यह अत्याधुनिक विश्वविद्यालय पुरी जिले के सत्यबादी में 9.6 एकड़ क्षेत्र में बनाया गया है। यूनिवर्सिटी में अब 3 विषय पढ़ाए जाएंगे। यह विषय ओरोडी भाषा और साहित्य, भाषाविज्ञान और प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण, क्षेत्रीय, जनजातीय भाषा और ऐतिहासिक अध्ययन है। विश्वविद्यालय आरंभ होने से स्थानीय लोगो में काफी खुशी है।

---

# ओडिशा को 68 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

## पीएम ने ₹ 2450 करोड़ के तीन राष्ट्रीय राजमार्ग का किया लोकार्पण

फीता काटकर आईआईएम कैंपस का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को संबलपुर का दौरा किया और ओडिशा के लोगों को 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजना की सौगात दी। इसके साथ ही संबलपुर में आईआईएम के नए कैंपस का प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उद्घाटन किया गया है। प्रधानमंत्री ने पुरी-सोनपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस की भी शुरूआत की है। प्रधानमंत्री के दौरे के मौके पर सुंदरगढ़ जिले को भी विशेष महत्व दिया गया है। प्रधानमंत्री ने आज सुंदरगढ़ जिले से गुजरने वाले तीन राष्ट्रीय राजमार्गों के चार लेन का उद्घाटन किया।

2,450 करोड़ रुपये की लागत से बने राजामुंडा-ब्राह्मणी बाईपास, बीरमित्रपुर-ब्राह्मणी बाईपास, कोइदा-रिमुली 520 और 143 राष्ट्रीय राजमार्ग लोगों को समर्पित किए गए । इस अवसर पर एनएचएआई की ओर से राउरकेला बालूघाट फुटबॉल मैदान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन तीनों राष्ट्रीय राजमार्गों की कनेक्टिविटी से राउरकेला से झारखंड और पश्चिम बंगाल जाने में सुविधा होगी। इस अवसर पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक उपस्थित रहे।

---

### आयुक्त ने प्रो हॉकी लीग को लेकर स्टेडियम का किया निरीक्षण

**ROURKELA :** राउरकेला के अतिरिक्त जिलापाल व महानगर निगम आयुक्त और स्मार्ट सिटी के सीईओ आशुतोष कुलकर्णी ने आज स्टेडियम के परिसर का दौरा किया क्योंकि प्रो लीग हॉकी 12 जनवरी से बिरसा मुंडा स्टेडियम में शुरू होने वाली है। इस मौके पर उन्होंने स्टेडियम के आसपास साफ-सफाई पर जोर दिया और पार्किंग में पर्याप्त संख्या में शौचालयों की व्यवस्था पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने पास के 'मे फेयर हॉकी विलेज' का दौरा किया और वहां खिलाड़ियों के लिए रहने और भोजन सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

---

# हमीरपुर क्षेत्र के वासियों ने की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की मांग

जिलापाल को ज्ञापन देते हमीरपुर विकास परिषद के लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** इस्पात नगरी राउरकेला के हमीरपुर क्षेत्र की उपेक्षा हो रही है। यह क्षेत्र न तो महानगर निगम के अधीन है और न ही पंचायत क्षेत्र में, जिससे वहां कोई भी विकास कार्य नहीं हो पाता है। सड़क की हालत खराब है। महानगर निगम द्वारा वहां खोले गए स्वास्थ्य केंद्र को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। नतीजतन, इस क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य सेवा से वंचित हैं। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए शुक्रवार को हमीरपुर विकास परिषद की ओर से राउरकेला अतिरिक्त जिलापाल को ज्ञापन दिया गया। राउरकेला के एडीएम आशुतोष कुलकर्णी ने कहा कि सभी मुद्दों की जांच कर समस्या के समाधान के लिए कदम उठाया जायेगा।

---

# चोरी के आरोप में युवक की पीट-पीट कर हत्या, दो गिरफ्तार, कार जब्त

घटना के बाद जांच करती पुलिस। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** चोरी के संदेह में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को रामपाल चौक के पास दो भाइयों संतोषपंडा और सुरेश पंडा ने सनिका लकड़ा नामक युवक की पिटाई कर दी। सुरेश और संतोष ने रामपाल चौक के पास एक ढाबा बनाया। ढाबा से एक खिड़की चोरी हो गई थी । सनिका पर खिड़की चुराने का शक करते हुए दो भाइयों ने उसे लाठी-डंडों से पीटा। गंभीर हालत मे सनिका को दो भाई अपनी कार में कुआरमुंडा ले जा रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने सड़क पर कार रोककर सनिका का शव कब्जे में ले लिया और दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। कार को भी जब्त कर लिया गया है। वैज्ञानिक टीम ने घटनास्थल का जांच किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट चलान कर दिया है।

---

# खुद को परिपक्व करने के लिए यात्रा पर निकले हैं राहुल गांधी : रवींद्र राय

कार्यक्रम में उपतिस्थत भाजपाई। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI :** पूर्व सांसद और भाजपा के खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी रवींद्र राय ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कहीं कोई असर नहीं पड़ेगा। राहुल गांधी खुद को परिपक्व करने के लिए यात्रा पर निकले हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी राजनीतिक नाटक के लिए यात्रा कर रहे हैं। रविंद्र राय शनिवार को तोरपा के विधायक कोचे मुंडा के पैतृक गांव में आयोजित वरिष्ठ भाजपा नेताओं की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

बैठक में केंद्रीय मंत्री और सांसद अर्जुन मुंडा, लोकसभा संयोजक और विधायक कोचे मुंडा, सह संयोजक ओम प्रकाश साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, अरूण चंद्र गुप्ता, परमेश्वर प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू आदि मौजूद थे। बैठक में लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक के संबंध में रविंद्र राय ने कहा कि हर व्यक्ति अपने मताधिकार का उपयोग करे, इसकें लिए रणनीति बनाई जा रही है। हमने बूथ को शक्ति केंद्र का दर्जा दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर हर लोकसभा में फिलहाल प्रभारी, संयोजक और सह संयोजक की नियुक्ति पार्टी ने की है।

उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर 37 विभाग बनाये गये हैं। एक सप्ताह के अंदर पार्टी का चुनाव कार्यालय भी खोल लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार हर लोकसभा में चुनावी घोषणा पत्र बनाया जायेगा।

---

# 60 घंटे बाद टूटा भाकपा माले का अनशन

## पीएचइडी के पदाधिकारी ने दिया आश्वासन, 28 फरवरी तक होगा काम पूरा

**PHOTON NEWS PALAMU :** जिले की पांकी प्रखंड की सात पंचायतों के 48 गांव में ग्रामीण जल आपूर्ति योजना के तहत आधा अरब की लागत से नल-जल योजना के तहत घर-घर पाइपलाइन पानी पहुंचाना था, लेकिन किसी गांव में सुचारू रूप से पानी नहीं पहुंचा, जहां पहुंचा भी है, वहां पाइप लीकेज के कारण सड़क पर पानी का बहाव हो रहा है। योजना में भारी अनिमियतता देखी गई। इसे लेकर एक फरवरी से भाकपा माले नेता अनशन पर बैठे थे। तीसरे दिन उनका अनशन समाप्त हुआ। पीएचइडी के कार्यपालक अभियंता ने जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया।

अनशन स्थल पर एक घंटे तक वार्ता हुई। सहमति बनने पर तीनों अनशनकारियों को जूस पिलाकर पदाधिकारियों द्वारा आश्वासन देकर अनशन तोड़वाया गया। सात दिन के अंदर जांच कमिटी बनाकर जांच करने, जांच कमिटी में जिला परिषद के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे, जांच के उपरांत सभी गड़बड़ियों को ठीक किया जाएगा और 28 फरवरी तक 48 गांव के सभी घरों तक पानी पहुंचाया जाएगा। वहीं सात सूत्री मांग पत्र भी जिला परिषद सदस्य द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री के नाम सौंपा गया।

पांकी मध्य जिला परिषद खुशबू कुमारी, किसान महासभा के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, आरवाईए के जिला अध्यक्ष इजहार अनशन पर बैठे थे। कार्यक्रम में प्रतिदिन सैकड़ों लोग शामिल हो रहे थे। लोगों का समर्थन भी मिल रहा था। धीरे-धीरे पूरे प्रखंड में भारी आक्रोश देखा जा रहा था। तीसरे दिन भाकपा माले ने पांकी बंद की घोषणा कर दी थी, जिसकी तैयारी में आज शाम से सैकड़ो की संख्या में छात्र नौजवान मशाल जुलूस निकालने वाले थे, लेकिन तीसरे दिन दोपहर करीब 1 बजे आन्दोलन को समाप्त करा दिया गया।

---

# सामूहिक प्रयासों से आदर्श बनेंगे जनजातीय गांव : अर्जुन मुंडा

दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री अर्जून मुंडा व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS KHUNTI :** सामूहिक प्रयासों से निश्चित ही हमारे जनजातीय गांव आदर्श बनेंगे। हम सभी को इस दिशा में अपने स्तर से प्रयास करने की आवश्यकता है। ये बातें केंद्रीय जनजातीय सह कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कही। केंद्रीय मंत्री शनिवार को बिरसा कॉलेज खूंटी के ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत जिला के जनजातीय बहुल गांवों में क्रियान्वित होनेवाले विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास-उद्घाटन के बाद ग्राम प्रधान-मानकी मुंडाओं से संवाद कार्यक्रम को बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि गांव के विकास में नए आयाम कायम करने की आवश्यकता है। विशेषकर हमारे भविष्य हमारे बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में विकास एवं कृषि व स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बहुमुखी विकास सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। हर स्तर पर जनजातीय विकास की अवधारणा को सफल रूप प्रदान करने में हमें अपनी भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति समुदाय के व्यक्तियों के एकीकृत सामाजिक एवं आर्थिक विकास का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना का प्रारम्भ किया गया है।

---

# पलामू में अफीम और पोस्ते की फसल को किया नष्ट

**PHOTON NEWS PALAMU :** पुलिस ने पिछले 24 घंटे के दौरान नौडीहा बाजार एवं मनातू थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर 10 एकड़ में लगी पोस्ते और अफीम की फसल नष्ट कर दी।

छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम गोरहो में दो एकड़ में लगी अफीम की फसल को पुलिस ने शनिवार को नष्ट कर दिया। गुप्त सूचना मिलने पर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी संजीव रंजन, इंस्पेक्टर बीर सिंह मुंडा ने यह अभियान चलाया। पुलिस खेती करने वालों की पहचान में जुटी है। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को ऐसे फसलों की खेती नहीं करने की हिदायत दी। साथ ही लोगों को एनडीपीएस अधिनियम, नशीले पदार्थों और उसके दुष्परिणामों के बारे में बताया है।

इसी क्रम में जिले के मनातू थाना क्षेत्र के नागद गांव के जंगल में एरिया डोमिनेशन के क्रम में मिटार पिकेट के स.अ.नि योगेश चंद्र बोपाई एवं मनातू थाना के पु.अ.नि सुरेंद्र उराँव व सशस्त्र बल द्वारा करीब 08 एकड़ में पोस्ता फसल को नष्ट किया गया।

---

### गोड्डा में पुलिस का दिखा मानवीय चेहरा

**GODDA :** ललमटिया–बोआरीजोर मुख्य मार्ग के बोरमा चौक से करीब छह किलोमीटर दूर बड़ा सुरला पहाड़ से पुलिस का एक मानवीय चेहरा सामने आया है। यहां 45 वर्षीय चांदी पहाड़िन की उसके कथित प्रेमी द्वारा हत्या कर देने के बाद ललमटिया थाना के पुलिस अवर निरीक्षक जितेंद्र वर्मा पुलिस वालों के सहयोग से उसकी शव को चारपाई पर स्वयं कंधा देकर ललमटिया थाना लाया। वहां से कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात अंत्यपरीक्षण के लिए जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल भेज दिया। इधर पुलिस को शव को कंधा देने की जानकारी मिलते हीं क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म हो गया। लोगों द्वारा पुलिस की प्रशंसा का पुल बांधा जाने लगा।

---

# लोहरदगा में परचम कुशाई के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय सालाना उर्स मुबारक

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** हजरत बाबा दुखन शाह की 99वीं उर्स का आगाज शनिवार को परचम कुशाई के साथ हुआ। अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी, सेक्रेटरी सफदर आलम, नाइब सदर नेहाल कुरैशी, सहसचिव मुजम्मिल अंसारी, हाजी नसीम अख्तर, जामा मस्जिद के इमाम शमीम रिजवी समेत अंजुमन के अन्य ओहदेदारों व गणमान्य लोगों ने हजरत बाबा दुखना शाह के मजार पर परचम लहराया।

मौके पर अंजुमन इस्लामिया सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी ने कहा कि आज परचम कुशाई के साथ हजरत बाबा दुखन शाह की चार दिनी उर्स मुबारक शुरू हो गई है। 04 फरवरी रविवार को केरत व नातिया ईनामी मुकाबला दोपहर 2:00 बजे से असर तक होगा। 05 फरवरी सोमवार को को अहले सुबह 3.00 बजे गुसुल संदल और चादरपोशी सुबह 6:00 बजे अंजुमन इस्लामिया के जानिब से की जाएगी। तत्पश्चात पुलिस प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर व चादरपोशी की जाएगी। सुबह 6:00 बजे से ही कुरआन ख्वानी ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के जानिब से की जाएगी जबकि बाद नमाज जोहर लंगरखानी होगी। 06 फरवरी को बाद नमाज जोहर लंगरखानी, कुरैश फ्यूल सेन्टर के जानिब से की जाएगी। साथ ही बाद नमाज ईशा ईद मिलादुन्नबी और तबर्रुक तकसीम की जाएगी। उन्होंने कहा कि 05 एवं 06 फरवरी की रात महफिल ए कव्वाली का प्रोग्राम है, जिसमें टीवी सिंगर सलीम जावेद (मुंबई) एवं टीवी सिंगर सलीम राजा (मुंबई) के बीच शानदार मुकाबला होगा।

उन्होंने कहा कि 05 फरवरी के कव्वाली प्रोग्राम का उद्घाटन राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू करेंगे जबकि मुख्य अतिथि मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव होंगे। छह फरवरी की रात कव्वाली प्रोग्राम का भी उद्घाटन सांसद धीरज प्रसाद साहू करेंगे और मुख्य अतिथि मंत्री बन्ना गुप्ता होंगे।

---

## लोकसभा चुनाव को लेकर जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक

# लोकसभा चुनाव में हर मतदाता करेगा वोट : डीसी

बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RAMGARH :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा जिला स्तर पर स्वीप कोर कमेटी का गठन करने के उद्देश्यों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने कमेटी के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर भी आवश्यक जानकारियां दी। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने को लेकर स्वीप के तहत विशेष योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

**जिले के सभी कर्मियों, जवानों और पदाधिकारियों का जुड़ेगा वोटर लिस्ट में नाम :** उपायुक्त ने आम लोगों के साथ-साथ विभिन्न कार्यालयों में चुनाव कार्यो में लगे अधिकारियों, कर्मियों, पुलिस बल के जवानों आदि का भी मतदान आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने 22 बड़कागांव एवं 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वैसे मतदान केंद्रों जहां पिछली बार मतदान प्रतिशत कम रहा था, उन्हें चिन्हित कर योजनाबद्ध तरीके से उन क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। वहीं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं का व्यापक प्रचार प्रचार करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता प्रतियोगिताओं में सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहेंगे लोग :** स्वीप के माध्यम से आगामी लोकसभा निर्वाचन में प्रभावी तरीके से प्रचार प्रसार सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने वर्तमान समय में उपलब्ध आधुनिक तकनीकों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म आदि का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा एवं रचनात्मक तरीके से करने का निर्देश दिया। लोकसभा आम निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदान संबंधित स्लोगन तैयार कर उनका व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर समय व कार्यक्रम के अनुसार #टैग लगाने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

---

## वाइएसएनएम कॉलेज में इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब कार्यशाला का आयोजन

# छात्राएं लोकसभा चुनाव के लिए बने जिले का ब्रांड एम्बेसडर : शशि रंजन

जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त,
Electoral Literacy Club की कार्य
दिनांक - 03/02/2024
1950
SVEEP

कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते उपायुक्त। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS PALAMU :** डालटनगंज के योद्ध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय की ओर से शनिवार को इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने की।

कार्यशाला में सैकड़ो छात्राओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आप सभी छात्राएं आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने जिले के ब्रांड एंबेसडर बने, ताकि हरेक लड़की समाज में मतदान के प्रति जागरूकता लाएं। पहली बार वोट करने वाली छात्राएं उत्साह के साथ वोट करें और अपने साथ दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी लड़कियां टीम बनाकर आपस में राजनीतिक परिचर्चा करें। इससे आप में राजनीतिक विषय पर ज्ञानवर्धन होंगी और इसमें दिलचस्पी भी बढ़ेगी।

उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु को सोमवार को महिला कॉलेज में कैंप लगाने का निर्देश दिया। कैंप में 18 साल या उससे अधिक के वैसे छात्राएं, जिनका मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है। उनका मतदाता पहचान पत्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर में डेवलोपमेन्ट किया जाएगा, ताकि छात्राओं को पढ़ाई करने में सरल व सुविधा हो।

THE PHOTON NEWS

# बस ने छात्रा को रौंदा भीड़ ने बस में लगाई आग

## ड्राइवर को पीटा, पुलिस ने बचाया; ट्यूशन जा रही थी बच्ची

एजेंसी

**नालंदा ।** नालंदा में शनिवार की सुबह राजगीर-बिहार शरीफ मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई। वो साइकिल से कोचिंग के लिए निकली थी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बस में आग लगा दी। बस में यात्री सवार थे। हादसे के बाद भीड़ को देख सभी यात्री बस से निकलकर भाग गए। गुस्साए लोगों ने ड्राइवर के साथ मारपीट की।मामला दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपनगर बाजार का है। मृतका की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र अंतर्गत कमदारगंज गांव निवासी सुगन यादव की बेटी पुष्पा कुमारी (14) के रूप में की गई है।पुष्पा कुमारी के पिता सुगन यादव ने बताया कि हर दिन की तरह उनकी बेटी पढ़ाई करने के लिए घर से साइकिल से दीपनगर बाजार आ रही थी। इसी बीच बिहार शरीफ से राजगीर की ओर जा रही अनियंत्रित बस ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही उनकी बेटी की मौत हो गई।घटना के बाद भीड़ ने बस ड्राइवर को पकड़कर मारपीट की। भीड़ बस ड्राइवर को मारने पर उतारु थी। किसी तरह से पुलिस ने बस ड्राइवर को अपने हिरासत में लिया और उसे एक दुकान में बंद कर दिया।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति मच गई। सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। इसके बाद भगदड़ जारी रही। पुलिस भीड़ को समझाते दिखी।बावजूद इसके आक्रोशित लोगों ने पुलिस की एक नहीं सुनी और बस में आग लगा दी। करीब घंटे भर बाद दमकल की 2 गाड़ी मौके पर पहुंची और बस में लगी आग को बुझाया ।आज ही दीपनगर बाजार में ही कुशवाहा महासम्मेलन सह अभिनंदन समारोह का आयोजन होने वाला है, जहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आने का कार्यक्रम हैं।इंटरमीडिएट परीक्षा का आज तीसरा दिन है। ऐसे में शनिवार की सुबह हुई इस घटना के बाद परीक्षार्थियों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस घटना के बाद सड़क के दोनों ओर जाम की स्थिति हो गई, जिसके कारण परीक्षार्थी अपनी सेंटर पर पैदल ही निकल पड़े।घटना के बाद दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह दलबल के साथ पहुंचे। हालांकि करीब 1 घंटे तक समझाने बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन भीड़ पुलिस की बात मानने को तैयार नहीं थी। बाद में पुलिस लाइन से अतिरिक्त बल को मंगाया गया, तब जाकर मामला शांत हुआ।घटना की सूचना पर सदर ऊढ नुरुल हक, सदर इऊड अंजन दत्ता, लहेरी थानाध्यक्ष, सोहसराय थानाध्यक्ष और भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची। इसके बाद मुआवजे का आश्वासन देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेजा गया।सदर ऊढ नुरुल हक ने बताया कि सड़क हादसे में छात्रा की मौत हुई है। कुछ असमाजिक तत्वों ने बस में आग लगा दी। फिलहाल स्थिति सामान्य है। आवागमन शुरू करा दिया गया है। उपद्रव करने वाले लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 6 साल की मासूम के साथ रेप आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**मधेपुरा ।** मधेपुरा में एक छह वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना जिले के उदाकिशुनगंज अनुमंडल अंतर्गत आलमनगर थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि पीड़िता घर के बगल में बकरी चराने गई थी। उसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।वही, बच्ची के शोर मचाने पर आसपास के लोगों को जुटता देख आरोपी घटनास्थल से भागने लगा। तभी ग्रामीणों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया और पुलिस को घटना की सूचना दी। वही आरोपी की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। वही आरोपी को पुलिस ने गुरुवार गिरफ्तार किया है।घटना की जानकारी होते ही उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। वही पीड़िता की मां के आवेदन पर महिला थाने में केस दर्ज किया गया।महिला थानाध्यक्ष हुस्न आरा ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पीड़िता को फिलहाल डॉक्टर की निगरानी में रखा गया है।जांच रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई एसपी संदीप सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके ऊपर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार बच्ची का मेडिकल जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पति ने पत्नी की गला रेतकर की हत्या

एजेंसी

**खगड़िया ।** जिले के अलौली थाना क्षेत्र के हरिपुर निस्ता गांव में अवैध संबंध में एक सनकी पति ने अपने ससुराल में पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। बचाव में आई दो साली पर भी चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हालांकि हत्या के बाद ससुराल वालों ने सनकी दामाद की पकड़कर जमकर पिटाई की, जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। और पुलिस अभिरक्षा में सदर अस्पताल में इलाजरत है।घटना गुरुवार देर रात की है। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके पर से हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया। तक की पहचान चंद्रदेव महतों की 30 वर्षीय बेटी रिंकी देवी के रूप में हुई है।आए बेलदौर थाना क्षेत्र के तेलीहार गांव निवासी 35 वर्षीय चंदाकिशोर सिंह उर्फ सनोहर ने गुरुवार की देर रात धारदार हथियार से पहले अपने पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। वहीं बचाव में आई साली गुड़िया और पिंकी को भी धारदार हथियार से गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोरगुल सुन जब ग्रामीण पहुंचे तो उनके परिवार के लोगों की जान बचाई गई। घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मामले में अलौली के प्रभारी थानाध्यक्ष राममोहन सिंह ने बताया कि फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डॉक्टर्स को अबॉर्शन करते देखा फिर खुद करने लगी

एजेंसी

**हाजीपुर।** वैशाली में 5 महीने की गर्भवती महिला का प्राइवेट अस्पताल में काम करने वाली एक महिला ने अपने घर में ही अबॉर्शन कर दिया। अबॉर्शन के करीब दो घंटे के अदंर ही महिला की ब्लीडिंग शुरू हो गई। उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। जिसके बाद उस महिला ने एक ग्रामीण डॉक्टर को बुलाया।डॉक्टर के इलाज के बाद भी जब उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो शाम 8 बजे के करीब चिकित्सकों ने जवाब दे दिया। जिसके बाद महिला उसे अपने साथ सदर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद वह महिला अस्पताल से भागने लगी। जिसे अस्पताल कर्मियों ने पकड़ लिया और घटना की सूचना नगर थाने को दी।आरोपी पूनम देवी अनपढ़ है। वो कभी स्कूल नहीं गई। प्राइवेट अस्पताल में वो साफ-सफाई का काम करती है। वहीं से उसने इंजेक्शन लगाना और अबॉर्शन कराना सीखा था।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान महनार थाना क्षेत्र के लावापुर नारायण निवासी मिथलेश राय की पत्नी जुली देवी(32) के रूप में हुई है। मृतका के परिजनों ने बताया कि उसके पति प्रदेश में रहकर मजदूरी का काम करते हैं।मृतका पांच महीने से गर्भवती थी। उसके चार बच्चे भी थे, जिसमें एक तीन बेटी और एक बेटा है। जिसे इलाज के लिए मदन चौक से दक्षिण प्यासा गली निवासी जामुन राय की पत्नी पूनम देवी के पास लाया गया था।पूनम देवी ने बताया कि वो अबॉर्शन करने के लिए मात्र 1500 रुपए ही लेती हैं। वही, यह काम वह पिछले 16 साल करती हैं। उसने कहा कि वह पहले एक निजी अस्पताल में रहकर साफ-सफाई और मरीजों की देखभाल करते थे।

# हर 15 सेकेंड पर देश में एक नया कैंसर रोगी

एजेंसी

**बेगूसराय ।** पूरे देश में कैंसर दिवस को लेकर चर्चा हो रही है। 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर बेगूसराय के डॉक्टर डॉ. रमण कुमार झा बताते हैं कि एक आंकड़ा के अनुसार भारत में प्रत्येक 50 सेकेंड में एक कैंसर रोगी बन रहा है। देश में कैंसर रोग आजकल युवा उम्र के लोगों को भी अपनी चपेट में ले रहा है तथा उनमें यह आक्रामक, अधिक विकसित अवस्था में पाया जा रहा है। विश्व का 21 प्रतिशत कैंसर मरीज सिर्फ भारत में है।यदि एड्स, मलेरिया, टीबी रोगों से असमय मौतों को जोड़ दें तो देश में अकेले कैंसर रोगों से मृत्यु इन सभी के जोड़ से अधिक है। कैंसर के लगातार बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए प्रत्येक साल चार फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय कैंसर दिवस मनाया जाता है, जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा सके।विश्व कैंसर दिवस की शुरूआत 2005 से हुई थी। यह दिन विश्व में कैंसर के प्रति निरंतर जागरुकता फैला रहा है। भारत में भी इस दिन सभी स्वास्थ्य संगठनों ने जागरुकता फैलाने का निश्चय लिया है। 2022 से 2024 तक विश्व कैंसर दिवस का थीम 'क्लोज द केयर गैप' है। थीम दुनिया भर में कैंसर देखभाल असमानताओं की पहचान करने और उनका आकलन करने के लिए समर्पित किया गया है।कैंसर कई प्रकार के होते हैं। उनके होने के कारण भी अलग-अलग होते हैं। दवाओं के साइड इफेक्ट्स, धूम्रपान, अधिक वजन, पौष्टिक आहार का आभाव, तंबाकू और व्यायाम नहीं करना कैंसर बढ़ने का प्रमुख कारण है। हाल के कुछ वर्षों में भारत में पश्चिम संस्कृति को अपनाने और बर्गर-कोला संस्कृति के जंक-फास्ट फूड सेवन से कैंसर कहीं ना कहीं जुड़ा हुआ है।जीवनशैली में परिवर्तन, शारीरिक सफाई पर ध्यान, जननांगों की सफाई, तम्बाकू, मादक पदार्थों से दूरी, सक्रिय कसरत, योग, तेज टहलना, सकारात्मक विचार, आध्यात्मिक लगाव, अहिंसा, मानसिक अवसादें से बचाव, जंक, फास्ट फूड से परहेज, यौन रोगों से बचाव।, शुरूआती अवस्था में कैंसर की पहचान और समुचित इलाज से इस जानलेवा रोगों से बचा जा सकता है।

# हीटर की वजह से घर में लगी आग

**पटना ।** पटना के गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के अलीपुर में शनिवार की सुबह हीटर की ताप से घर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज हो गई कि कमरा और बरामदा को अपनी चपेट में ले लिया। इससे टीवी, एसी सहित लगभग 8 लाख का सामान जलकर नष्ट हो गया।कमरे में सो रहे दो बच्चों को किसी तरह आग से बचाकर बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलने के बाद गर्दनीबाग थाना और अग्निशमन दस्ते की दो गाड़ी मौके पर पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना की पुष्टि करते हुए फायर ब्रिगेड टीम के पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचकर एक बड़ा हादसा होने से बचा लिया गया है।अलीपुर इ-15 में सैफ रहमान अपने परिवार और बच्चों के साथ रहते हैं। सैफ रहमान स्टॉक मार्केटिंग में ट्रेडिंग का काम किया करते हैं। शनिवार की सुबह अपने कमरे में हीटर जलाकर वे शौचालय गए थे। सैफ रहमान ने बताया कि इस दौरान हीटर सोफा सेट पर गिर गया। हीटर की ताप से सोफा सेट में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेज होती चली गई।

# बीच सड़क पर एक युवक से मारपीट घायल

एजेंसी

**जहानाबाद ।** जहानाबाद बीच सड़क पर पहले से घात लगाये बदमाशों ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल युवक का नाम दीपक कुमार जो घोसी थाना क्षेत्र के कुरे गांव का निवासी है। यह घटना शहर कि कृष्ण महिला कॉलेज के समीप का है।बताया गया कि युवक अपनी बहन को इंटर की परीक्षा दक्षिणी में दिलाने जा रहा था। इससे पहले ही कृष्णा महिला कॉलेज के पास पहुंचा पहले से ही कुछ लोग घात लगाकर बैठे हुए थे। इस युवक को पकड़ लिया और मारपीट करने लगा। जिसके कारण यह युवक घायल हो गया। घायल युवक घटना के बारे में कुछ भी बताने से इनकार कर रहा है।आसपास का लोगों का कहना है कि इन लोगों का कई महीनों से आपसी विवाद चल रहा था। इसी को लेकर मारपीट की घटना हुई है। घायल युवक को आसपास के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है। मारपीट की घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें देखा जा रहा है कि एक युवक को कई लोग द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दे रहे हैं।

# भाई के सामने बहन को कंधे पर उठाकर ले गए

एजेंसी

**आरा ।** भोजपुर में 10 साल के भाई के सामने ही लोजपा नेता की बेटी को बदमाश उठाकर ले गए थे। भाई ने बताया कि वो और उसकी दीदी(13) दोनों साथ बैठकर पढ़ रहे थे। तभी धीरज नाम का बदमाश दोस्तों के साथ बहन को कंधे पर उठाकर ले गया। भाई ने इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उसे पीटा। मां के साथ भी मारपीट की। बदमाशों ने भाई से कहा कि तुम लोग कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। इसके बाद परिवार वालों को एक फोन आया। बदमाशों ने बताया कि तुम्हारी बेटी खेत में पड़ी है। जब परिवार के लोग वहां पहुंचे तो लड़की बेसुध पड़ी थी। लोजपा नेता ने बेटी के साथ गैंगरेप का आरोप लगाया है। हालांकि अभी मेडिकल रिपोर्ट नहीं आई है। लड़की की हालत गंभीर है। उसका इलाज जारी है। मैं और दीदी एक साथ बैठकर पढ़ रहे थे। तभी सभी धीरज, विशाल, चंदन और प्रिंस कमरे में आए और दीदी को कंधे पर उठाकर लेकर जाने लगे। मां घर में खाना बना रही थी, हम दोनों रूम में पढ़ाई कर रहे थे। उसी दौरान धीरज उसकी दीदी को कंधे पर उठाकर ले जाने लगा, जब इसका विरोध शुरू किया तो मां के साथ मारपीट कर उनके हाथों में दांत काट लिया और मुझे थप्पड़ से मारकर चले गए। इस दौरान धीरज बोल रहा था तुम्हारी बहन को लेकर जा रहे हैं। कोई कुछ नहीं कर सकता। काफी देर के बाद दीदी खेत में बेहोशी की हालत में मिली।वहीं युवा लोजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र यादव ने कहा कि अभी बच्ची की स्थिति ठीक लग रही है। हम लोग मिले हैं। इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं। हम भोजपुर पुलिस से यहीं मांग करते हैं कि इस घटना में जितने भी लोग हैं उनकी गिरफ्तारी जल्द से जल्द की जाए। उन्हें फांसी की सजा हो।राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष रिंकू सिंह ने पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार से मांग की है कि इस दरिंदगी की घटना को खुद से मॉनिटरिंग कर जांच करें। इस मामले में जो भी नामजद आरोपी हैं, उन्हें गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डालें। तभी पीड़ित और उसके परिवार को न्याय मिलेगा। इस घटना के बाद लड़की और उसके परिवार के सभी सदस्य दहशत में हैं। रढ से निवेदन है कि जल्द दोषियों पर कार्रवाई करते हुए परिवार को न्याय दिलाएं।घटना के बाद पिता के बयान पर महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में धीरज यादव, चंदन यादव, विशाल यादव, चंदन यादव, प्रिंस यादव और रोहित को नामजद आरोपी बनाया गया है। हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। सभी फरार चल रहे हैं। घटना को लेकर पटना से आई की टीम ने मौके से सबूत जुटाए हैं।इस मामले में रढ प्रमोद ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। शुरूआती जांच में यह बात सामने में यह बात सामने आ रही है कि जिस धीरज यादव नामक युवक को मुख्य आरोपी बनाया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

# ट्रक ने छात्र को कुचला, मौत

**आरा ।** आरा-छपरा फोरलेन पर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर बोरिंग के समीप शुक्रवार की देर शाम बेलगाम ट्रक ने सड़क पार कर रहे एक मैट्रिक की छात्र को रौंद दिया। हादसे में उसकी मौत हो गई। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। वही घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया।जानकारी के अनुसार मृत छात्र कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव निवासी संजय राय का 15 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार उर्फ विपिन है। वह दसवीं कक्षा का छात्र था एवं इसी वर्ष 15 फरवरी को मैट्रिक का परीक्षा देने वाला था। इधर मृत छात्र के चचेरे भाई मनीष कुमार ने बताया कि शुक्रवार की शाम वह घर से घूमने के लिए निकला और सड़क पार कर रहा था। सड़क पार करने के दौरान उसने उक्त ट्रक को हाथ भी दिया। लेकिन ट्रक तेज रफ्तार में थी। जिसके कारण उसने उसे रौंद दिया।इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर स्थित निजी अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन उसके शव को वापस गांव ले आए।

# कार ने सब्जी खरीद रहे 4 को रौंदा,1 की मौत

**मोतिहारी।** मोतिहारी में शुक्रवार की देर शाम सब्जी खरीद रहे 4 लोगों को अनियंत्रित टाटा नेक्सन ने रौंद दिया। इसमें एक की मौत हो गई है। बाकी तीनों का इलाज भी जारी है। घटना से नाराज होकर ग्रामीणों ने कार चालक को बंधक बना लिया।इसकी जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। जिसमें पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है।मौके पर पहुंचे पकड़ीदयाल रऊ्ढड सुबोध कुमार ने ग्रामीणों को समझा-बूझाकर ड्राइवर को उनके कब्जे से मुक्त कराया। घटना मधुबन थाना के बाजीपुर चौक के पास की है।बताया जा रहा है कि बाजिपुर चौक पर अचानक एक तेज रफ्तार कार अरविंद कुमार के घर के सामने अनियंत्रित हो गई। सब्जी ले रहे लोगों को रौंदते हुए दुकान में घुस गई। हादसे में लक्ष्मण राय(45) की इलाज के दौरान मौत हो गई है।घायलों की पहचान घेघवा गांव के अवधेश साह(50), राजेश साह(40), बाजिदपुर के सुरेश राय(60) के रूप में हुई है। घटना को देख वहां मौजूद आसपास के लोग आक्रोशित हो गए। कार सवार पर हमला कर दिया।

# जंगली फल खाकर तीन बच्चे बीमार

**अररिया ।** अररिया सदर प्रखंड क्षेत्र के बटुरवारी गांव में खेलने के दौरान तीन बच्चों ने जंगली फल खा लिया। जिससे तीनों बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी और मुंह से झाग निकलने लगा। जिसे परिजनों के द्वारा आनन-फानन में सदर अस्पताल अररिया लाया गया। जहां चिकित्सक के देखरेख में तीनों बच्चों का इलाज किया जा रहा है।वही, ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्रदीप कुमार ने तीनों बच्चों को खतरे से बाहर बताया है। लेकिन बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही तीनों बच्चों में शामिल 4 वर्षीय बेचन कुमार शर्मा, 8 वर्षीय अभिनंदन कुमार व 6 वर्षीय निखिल कुमार बताएं जा रहे हैं।मामले को लेकर जानकारी देते हुए बच्चों की मां ने बताया कि शुक्रवार को तीनों बच्चे घर के बगल में फील्ड में खेलने गए थे। इसी दौरान तीनों बच्चों ने जंगली बगंडी का फल खा लिया। जब देर संध्या तीनों बच्चे घर वापस आया तो सो गए। जब बच्चों को रात्रि में खाना खाने के लिए जगाने गए तो तीनों बच्चे अचेत अवस्था में बिछावन पर पड़े थे और उनके मुंह से झाग निकल रहा था। जिसके बाद परिजनों के बीच अफरा तफरी मच गई।स्थानीय लोगों के सहयोग से आनन-फानन में तीनों बच्चों को सदर अस्पताल अररिया मैं भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक के देखरेख में तीनों बच्चे का इलाज किया जा रहा है। वही इलाज कर रहे चिकित्सक ने तीनों बच्चों की स्थिति गंभीर बताई है।

# भावनाओं को समझे कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों ने गठबंधन बनाकर एक साथ चुनाव लड़ने का संकल्प जाहिर किया था। कांग्रेस गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है। मगर गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों की ताकत भी कम नहीं है। क्षेत्रीय दल भी अपने-अपने प्रदेशों में मजबूत स्थिति में है। लगने लगा था कि आने वाले समय में यह गठबंधन भाजपा को टक्कर दे सकता है। जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने लगा वैसे-वैसे क्षेत्रीय दलों के नेता कांग्रेस से सीटों का बंटवारा करने की बात करने लगे। मगर कांग्रेस पार्टी पहले कर्नाटक व हिमाचल विधानसभा चुनाव में व्यस्तता की बात कहती रही। फिर राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बहाने बात को टाल दिया। कांग्रेस के चलते विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। हालांकि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना को छोड़कर बाकी तीनों प्रदेशों में चुनाव हार गई। उसके बाद भी कांग्रेस ने सीटों के बंटवारे को लेकर बात आगे नहीं बढ़ायी। इसी के चलते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। ममता बनर्जी वहां कांग्रेस को मौजूदा दो सीट बहरामपुर व दक्षिण मालदा ही देना चाहती है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीटों पर दावा कर रही है। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस बहुत कमजोर है। ऐसे में उनकी पार्टी ही भाजपा को हरा सकती। इसलिए वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं देगी। इसके अलावा ममता बनर्जी इंडी गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के साथ किसी तरह का सीट बंटवारा या समझौता भी नहीं करना चाहती है। ममता बनर्जी की एकतरफा घोषणा से गठबंधन कमजोर पड़ा है। वहां कांग्रेस व वामपंथी दल बिना ममता बनर्जी के प्रभाव नहीं दिखा पाएंगे। सीटों पर तालमेल नहीं होने के चलते ही विपक्षी गठबंधन के प्रमुख स्तंभ रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में पुनः भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली है। नीतीश कुमार का इंडी गठबंधन छोड़कर एनडीए में शामिल होना, इंडी गठबंधन के लिए शुभ संकेत नहीं है। नीतीश कुमार ने गठबंधन छोड़ने के बाद राष्ट्रीय जनता दल के बजाय कांग्रेस पर अधिक निशाना साधा। नीतीश कुमार का कहना है कि कांग्रेस के नेता मनमाने ढंग से गठबंधन को चलाना चाहते हैं। जिसके चलते उन्होंने गठबंधन छोड़ कर भाजपा के साथ जाने में ही जदयू की भलाई समझी। इंडी गठबंधन का संयोजक नहीं बनाना भी नीतीश कुमार के जाने का एक बड़ा कारण रहा है। नीतीश कुमार चाहते थे कि उन्हें गठबंधन का संयोजक बनाया जाए। मगर कांग्रेस ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त करवा दिया। जिससे नीतीश कुमार खुन्नस खाए हुए थे। नीतीश कुमार चाहते थे कि गठबंधन का संयोजक बनने से वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। मगर कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। जिसके चलते उन्हें लगने लगा कि कांग्रेस अपने ही नेताओं को प्रधानमंत्री का दावेदार बनाने जा रही है। इसलिए उन्होंने भाजपा से हाथ मिलाना बेहतर समझा। उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए ग्यारह सीट व राष्ट्रीय लोकदल के लिए सात सीटें छोड़ कर बाकी 62 सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव लड़वाने की घोषणा कर दी है। जबकि कांग्रेस वहां 20 सीटों पर दावेदारी जता रही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास अभी एक मात्र रायबरेली की सीट है। जहां से सोनिया गांधी सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को वहां मात्र 6.31 प्रतिशत ही वोट मिले थे। उत्तर प्रदेश में पिछले लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के चलते कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत कमजोर रहा था। वहां पिछले विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस को 2.33 पतिशत ही वोट मिल पाये थे। कांग्रेस वहां अकेले ही चुनाव लड़ेगी तो स्थिति बहुत कमजोर रहेगी। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, असम, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोवा में कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि इंडी गठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस अपने प्रभाव वाले प्रदेशों में भी साथी दलों के लिए कुछ सीटे छोड़े जिससे उनके प्रत्याशी वहां चुनाव लड़ सके। दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा में आम आदमी पार्टी का प्रभाव है। जिसके चलते आप चाहती है कि गोवा व गुजरात में कांग्रेस उनके लिए कुछ सीट छोड़े। बदले में दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को कुछ सीट दे सकती है। मगर कांग्रेस चाहती है कि पंजाब में अधिक सीटों पर वह लड़े। इसी के चलते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। बिहार में कांग्रेस को राष्ट्रीय जनता दल, भाकपा माले, भाकपा, माकपा के साथ ही अन्य दलों के साथ समझौता करना पड़ेगा। इसी तरह झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतरेंगे। महाराष्ट्र में शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी भी महाविकास अघाड़ी में शामिल हो गयी है। महाराष्ट्र में कांग्रेस को अघाड़ी में शामिल दलों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सीटों के बंटवारे की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# बजट : लंबे सफर के यादगार मौके

ANALYSIS

✍ योगेश कुमार गोयल

**भविष्य की योजनाओं और उद्देश्यों के आधार पर बजट एक निश्चित अवधि के लिए पूर्व निर्धारित राजस्व और व्यय का अनुमान होता है, जो भविष्य की वित्तीय स्थितियों को दशार्ता है और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। बजट के जरिये सरकार आर्थिक नीतियों को लागू करती है और हर साल पेश किए जाने वाले बजट का मुख्य उद्देश्य दुर्लभ संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना है। इस दस्तावेज में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित आय और व्यय पर विस्तृत टिप्पणियां दी जाती हैं। बजट एक ऐसा दस्तावेज है, जो प्रबंधन व्यवसाय के लिए अपने लक्ष्यों के आधार पर आगामी अवधि के लिए राजस्व और खर्चों का अनुमान लगाने के लिए बनाया जाता है। केंद्रीय बजट को राजस्व बजट तथा पूंजीगत बजट में वर्गीकृत किया जा सकता है। बजट में शामिल प्रस्ताव संसद की स्वीकृति मिल जाने के बाद 1 अप्रैल से लागू हो जाते हैं, जो अगले साल 31 मार्च तक लागू रहते हैं।**

1 फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत का आम बजट पेश किया गया। बजट निर्माण की पूरी जिम्मेदारी वित्त मंत्रालय की होती है और यह लगातार छठा ऐसा अवसर है, जब उन्होंने देश का आम बजट पेश किया। संसद की दोनों सभाओं के समक्ष रखा जाने वाला वार्षिक वित्तीय विवरण केन्द्र सरकार का बजट कहलाता है, जो देश के विकास को प्रभावित करने वाला सबसे बड़ा कारक होता है। भविष्य की योजनाओं और उद्देश्यों के आधार पर बजट एक निश्चित अवधि के लिए पूर्व निर्धारित राजस्व और व्यय का अनुमान होता है, जो भविष्य की वित्तीय स्थितियों को दशार्ता है और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है। बजट के जरिये सरकार आर्थिक नीतियों को लागू करती है और हर साल पेश किए जाने वाले बजट का मुख्य उद्देश्य दुर्लभ संसाधनों का अधिकतम उपयोग करना है। इस दस्तावेज में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अनुमानित आय और व्यय पर विस्तृत टिप्पणियां दी जाती हैं। बजट एक ऐसा दस्तावेज है, जो प्रबंधन व्यवसाय के लिए अपने लक्ष्यों के आधार पर आगामी अवधि के लिए राजस्व और खर्चों का अनुमान लगाने के लिए बनाया जाता है। केन्द्रीय बजट को राजस्व बजट तथा पूंजीगत बजट में वर्गीकृत किया जा सकता है। बजट में शामिल प्रस्ताव संसद की स्वीकृति मिल जाने के बाद 1 अप्रैल से लागू हो जाते हैं, जो अगले साल 31 मार्च तक लागू रहते हैं। दरअसल भारत में वित्त वर्ष प्रतिवर्ष एक अप्रैल से शुरू होकर 31 मार्च को समाप्त होता है और बजट के विवरण में इस पूरे वित्तीय वर्ष के लिए भारत सरकार की अनुमानित प्राप्तियों तथा व्यय का ब्यौरा शामिल होता है। सरल शब्दों में कहें तो बजट आगामी वित्त वर्ष के लिए सरकार की वित्तीय योजना होती है, जिसके जरिये यह तय करने का प्रयास किया जाता है कि सरकार अपने राजस्व की तुलना में खर्च को किस हद तक बढ़ा सकती है। यह कवायद इसीलिए होती है क्योंकि सरकार को अपने राजकोषीय घाटे का एक लक्ष्य हासिल करना होता है। बजट आमतौर पर तीन प्रकार का होता है, संतुलित बजट, अधिशेष बजट और घाटे का बजट। संतुलित बजट में आय और खर्च की मात्रा का समान होना जरूरी है जबकि अधिशेष बजट में सरकार की आय खर्चों से अधिक होती है और घाटे के बजट में सरकार के खर्च उसकी आय के स्त्रोतों से अधिक होते हैं। सरकारी बजट तीन प्रकार के होते हैं, परिचालन या चालू बजट, पूंजी या निवेश बजट और नकदी या नकदी प्रवाह बजट। सरकार की आय के प्रमुख साधनों में विभिन्न प्रकार के कर और राजस्व, सरकारी शुल्क, जुमार्ना, लाभांश, दिए गए ऋण पर ब्याज आदि तरीके शामिल होते हैं। बजट की पहले कुछ प्रतियां ही छपती थी लेकिन अब बजट पूरी तरह डिजिटल हो गया है। 2016 तक फरवरी माह के अंतिम दिन आम बजट पेश किया जाता था किन्तु 2017 में तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली ने बजट पेश करने का दिन बदल कर 1 फरवरी कर दिया। 1999 तक बजट भाषण फरवरी के अंतिम कार्यदिवस पर शाम पांच बजे पेश किया जाता था लेकिन 1999 में यशवंत सिन्हा ने इसे बदल कर सुबह 11 बजे कर दिया। 2017 से पहले रेल बजट भी अलग से पेश किया जाता था लेकिन 2017 में उसे आम बजट में ही समाहित कर दिया गया। 1955 तक बजट केवल अंग्रेजी में ही पेश किया जाता था लेकिन उसके बाद इसे हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पेश करना शुरू कर दिया गया। 1950 तक बजट का मुद्रण राष्ट्रपति भवन में होता था किन्तु इसके लीक होने के बाद इसका मुद्रण दिल्ली की मिंटो रोड स्थित प्रेस में होने लगा और 1980 से वित्त मंत्रालय के अंदर सरकारी प्रेस में ही इसका मुद्रण होता है। 1947 से लेकर अब तक देश में 73 आम बजट, 14 अंतरिम बजट व 4 विशेष या मिनी बजट पेश किए जा चुके हैं। वैसे भारत में बजट पेश करने का सिलसिला 164 वर्ष पहले 7 अप्रैल 1860 को ईस्ट इंडिया कंपनी ने पेश किया था। जबकि स्वतंत्र भारत का पहला बजट तत्कालीन वित्तमंत्री आर के षणमुगम चेट्टि ने 26 नवम्बर 1947 को पेश किया था, जिसमें कोई टैक्स नहीं लगाते हुए केवल अर्थव्यवस्था की समीक्षा की गई थी। बजट को लेकर दिलचस्प तथ्य यह भी है कि देश के इतिहास में तीन ऐसे अवसर भी आए हैं, जब वित्तमंत्री के बजाय प्रधानमंत्री ने आम बजट पेश किया। सबसे ज्यादा देर तक बजट भाषण देने का रिकॉर्ड निर्मला सीतारमण के नाम है, जिन्होंने वित्त वर्ष 2020-21 का बजट पेश करते हुए 2 घंटे 42 मिनट लंबा बजट भाषण दिया था। 1977 में मात्र 800 शब्दों का सबसे छोटा भाषण वित्तमंत्री हीरुभाई मुलजीभाई पटेल ने जबकि शब्दों के लिहाज से कुल 18650 शब्दों का सबसे बड़ा बजट भाषण 1991 में मनमोहन सिंह ने दिया था। उसके बाद 2018 में अरुण जेटली ने 18604 शब्दों का बजट भाषण दिया था। बतौर वित्तमंत्री सर्वाधिक बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के नाम है, जिन्होंने 1962-69 के बीच 10 बार बजट पेश किया था। वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने संयुक्त मोर्चा सरकार में 1996 से 1998 तक और फिर यूपीए-1 तथा यूपीए-2 सरकार में कुल 9 बार, वित्तमंत्री प्रणव मुखर्जी ने इंदिरा सरकार में 1982 से 1984 तक और मनमोहन सिंह सरकार में 2009 से 2012 तक कुल 8 बार बजट पेश किया। यशवंत राव चव्हाण, सीडी देशमुख तथा यशवंत सिन्हा ने 7-7 बार जबकि मनमोहन सिंह और टीटी कृष्णमाचारी ने 6-6 बार बजट पेश किया। इंदिरा गांधी ने पहली महिला वित्तमंत्री के तौर पर 1970 में बजट पेश किया था।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# मद्रास हाई कोर्ट के गैर हिन्दू मंदिर प्रवेश मामले की गंभीरता को समझें

हिन्दू सनातन धर्म के आधार स्तम्भों में से एक मंदिर पर जो टिप्पणी मद्रास हाई कोर्ट ने की है, उस पर न सिर्फ हिन्दुओं को गौर करना चाहिए बल्कि यह उनके लिए अधिक गंभीरता से विचार करने का विषय है जो देवता पर विश्वास नहीं रखते, उससे जुड़ी किसी आस्था पर ऐसे लोगों का कोई भरोसा नहीं, किंतु जाना मंदिर चाहते हैं वह भी मजे की भावना से आबद्ध होकर या किसी आसमानी जिद को पूरा करने की मंशा से। आप देखेंगे कि पिछले कई वर्षों के दौरान ऐसी घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है, जो बहुसंख्यक समाज को अपमानित करने, उन्हें आपस में लड़ाने और तोड़ने वाली हैं। दुर्भाग्य है कि भारत को मजहब के आधार पर विभाजित करने वाले तो अपने मंसूबों में कामयाब रहे, लेकिन समस्या जस की तस है। अब लगने लगा है कि स्वतंत्र भारत ने जो अपने लिए लोकतंत्रात्मक शासन व्यवस्था का रास्ता चुना, वही इस देश के बहुसंख्यकों के लिए संकट बनकर सामने आ रहा है। बहुसंख्यक होने के बाद भी हिन्दुओं की प्रताड़ना तरह-तरह से जारी है, जिसके विरोध में न्याय पाने के लिए उन्हें हर बार न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। अयोध्या का राममंदिर तो एक बानगी भर है, कभी उनके धार्मिक जुलूस को यह कहकर रोक दिया जाता है कि यहां बहुसंख्या में मुसलमान रहते हैं, इसलिए वे सड़क पर से अपना धार्मिक आयोजन (जुलूस) नहीं निकाल सकते हैं। कभी वक्फ बोर्ड उनकी जमीनों और मंदिरों पर अपने होने का दावा ठोक देता है। तो कभी धार्मिक सौहार्द बिगड़ जाने का हवाला देकर रामनवमी के कार्यक्रमों-जुलूस एवं इसी प्रकार की अन्य यात्राओं को निकालने की अनुमति नहीं दी जाती है। मंदिरों को टारगेट करना, हिन्दुओं के गले रेतना, लव जिहाद के माध्यम से और अन्य प्रलोभन तथा भय दिखाकर कन्वर्जन कराना, जिहाद के नाम पर बेगुनाओं को मौत के घाट उतार देना और इस्लामिक खलीफा राज की स्थापना करते हुए भारत को दारुल-हरब से दारुल-इस्लाम में बदल देने के तमाम षड्यंत्र अब तक देश भर में कई बार सामने आ चुके हैं। अनेक जगहों से हिन्दू इसलिए पलायन को मजबूर हुआ है, क्योंकि लगातार उसे निशाना बनाया जा रहा था। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक अनेक स्थानों पर घटी ऐसी कई घटनाएं आज इस बात की साक्षी हैं कि कैसे इस देश के बहुसंख्यक हिन्दू समाज को कमजोर करने और उसकी संख्या कम करने समेत उसे जड़ से समाप्त करने के षड्यंत्र लगातार किए जा रहे हैं। देखा जाए तो इस तरह की तमाम घटनाएं वर्तमान में यह बता रही हैं कि बहुसंख्यक समाज के सामने अपनी धार्मिक मान्यताओं को मानते हुए जीवन यापन करते रहने का चुनौती पूर्ण संकट आ खड़ा हुआ है। ऐसे में मद्रास हाई कोर्ट से आया आदेश इस बात पर मुहर लगा देता है कि इस्लाम, ईसाईयत या हिन्दू विरोध में किए जा रहे क्रियाकलाप सामान्य बात नहीं है। यह योजनाबद्ध तरीके से किए जा रहे वो प्रयास हैं, जिनमें हिन्दू आस्था को कमजोर करना केंद्र में है और इसीलिए उस पर बार-बार तरह-तरह से आघात किया जा रहा है। मद्रास हाई कोर्ट ने मंदिरों में गैर-हिंदुओं के घुसने की हालिया घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा है कि हाल ही में अरुलमिघु ब्रहदेश्वर मंदिर में दूसरे धर्म से संबंधित व्यक्तियों के एक समूह ने मंदिर परिसर को पिकनिक स्थल के रूप में माना था और मंदिर परिसर के अंदर मांसाहारी भोजन किया, जो हिन्दू आस्था के अनुसार अनुचित था। इसी तरह, 11 जनवरी को गैर हिंदू कुछ लोग मदुरै के अरुलमिघु मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर में गर्भगृह के पास अपने धर्म की पुस्तक या ग्रंथ लेकर चले गए थे और वहां वे अपने धर्म की किताब या ग्रंथ पढ़ने का प्रयास कर रहे थे। मद्रास हाई कोर्ट में पलानी हिल टेंपल डिवोटीज ऑर्गनाइजेशन के संयोजक डी सेंथिलकुमार ने याचिका दाखिल कर मंदिरों में गैर-हिंदुओं की एंट्री पर रोक लगाने की माँग की थी। यह प्रश्न खड़ा करते हुए कि हिंदुओं के मंदिर में गैर-हिंदुओं का क्या काम? याचिका में मंदिरों में गैर-हिंदुओं के कई अनुचित कामों की जानकारी दी गई और बताया गया कि कैसे कुछ समय पहले तंजावुर के बृहदेश्वर मंदिर में मुस्लिमों के एक गुट ने माँस खाया था। हंपी के मशहूर मंदिर में भी एक ग्रुप माँसाहार करता पकड़ा गया था। यही नहीं, उत्तर प्रदेश के एक मंदिर में एक मुस्लिम युवक ने नमाज पढ़ी। पलानी मंदिर में बुकार्धारी महिलाओं और मुस्लिम युवक ने टिकट खरीदा। जब कर्मचारियों ने मना किया तो वह बदतमीजी करते हुए कहा कि पहाड़ एक पर्यटन स्थल है और वहाँ कोई भी घूमने जा सकता है। वस्तुतः ऐसे तमाम धार्मिक विषयों को लेकर डी सेंथिलकुमार जब न्यायालय की शरण में गए तो हाई कोर्ट की तरफ से याचिका स्वीकार करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया गया कि वे मंदिरों के इंट्री गेट, ध्वजस्तंभ के पास और मंदिर के प्रमुख स्थानों पर 'गैर-हिंदुओं को मंदिर के अंदर जाने की अनुमति नहीं है' वाले बोर्ड लगाएं। हाई कोर्ट की तल्ख टिप्पणी है कि मंदिर कोई पिकनिक स्पॉट या पर्यटक स्थल नहीं कि कोई भी घूमने चला आए। हिंदुओं को अपने धमार्नुसार आचरण करने, उसे मानने, प्रचार-प्रसार करने और उसका पालन करने का मौलिक अधिकार है। ये घटनाएं पूरी तरह से संविधान के तहत हिंदुओं को दिए गए मौलिक अधिकारों में हस्तक्षेप हैं। फिर भले ही ये मंदिर ऐतिहासिक हों। न्यायालय ने यह भी कहा है कि सरकार मंदिरों में उन गैर-हिंदुओं को अनुमति न दें जो हिंदू धर्म में विश्वास नहीं करते हैं। यदि कोई गैर-हिंदू मंदिर में दर्शन करना चाहता है तो उससे वचन लेना होगा कि उसे मंदिर के देवता में विश्वास है और वह हिंदू धर्म के रीति-रिवाजों और प्रथाओं का पालन करेगा। न्यायालय का साफ कहना है, मंदिर संविधान के अनुच्छेद 15 के अंतर्गत नहीं आते। इसलिए किसी मंदिर में गैर-हिंदुओं के प्रवेश को रोकने को गलत नहीं कहा जा सकता।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**

मैं टायर इंडस्ट्री से जुड़े लोगों से आग्रह करूंगा कि वे रबर उत्पादन करने वाले हमारे किसान भाई-बहनों के साथ जरूर जुड़ें। देश का रबर देश के काम आना, दोनों के लिए फायदेमंद होगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

मिश्र के फराओ से लेकर मेसोपोटामिया तक, दुनिया की कई सभ्यतायें खत्म हो गईं, लेकिन हम बचे हुये हैं, क्योंकि हम प्रकृति- पूजक हैं, और हर मुसीबत से जूझने का जज्बा रखते हैं। हम दुनिया की सबसे पुरानी जीवित सभ्यता से हैं, जिसने कभी किसी का बुरा नहीं चाहा। आदिवासी होने पर गर्व है।

**(सीएम चंपाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

भारतीय राजनीति में शुचिता और आदर्शवाद के प्रतीक आदरणीय श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित करने के निर्णय से अत्यंत प्रसन्नता हुई। अपने जीवन का क्षण-क्षण राष्ट्र निर्माण को समर्पित करने वाले आडवाणी जी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित करने के लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार प्रकट करते हैं ।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# बाबा साहेब के सपनों का भारत बनाएं

हम भारतीय गणतंत्र एवं संविधान के 75 वर्ष पूरा होने, विशेष रूप से आधुनिक भारत के सबसे बड़े आदर्श बाबासाहेब डॉ बीआर अंबेडकर, उनके जीवन एवं कार्यों, का उत्सव मना रहे हैं। नेहरूवादी राज्य ने उनके साथ जो व्यवहार किया, उसके बारे में सोचना आंखें खोल देने वाला है। ऐसे में कोई भी छात्र यह पूछ सकता है- क्या नेहरूवादी राज्य के आचरण में कैंसिल कल्चर शामिल था? बाबासाहेब और कई अन्य लोगों के साथ तो ऐसा आचरण अवश्य रहा। उनके बारे में लिखी किताबों से इसके कई कारणों का पता चलता है। ऐसी ही एक उल्लेखनीय किताब सविता अंबेडकर की आत्मकथा बाबासाहेबः माइ लाइफ विद डॉ बीआर अंबेडकर है। यह पढ़ना मार्मिक है कि किस तरह कांग्रेस और कम्युनिस्टों ने मिलकर 1952 में उत्तरी बंबई की लोकसभा सीट से बाबासाहेब अंबेडकर को हराने का उपक्रम किया था। बहुत देर से सातवें प्रधानमंत्री विश्वनाथ सिंह के कार्यकाल में ही 1990 में बाबासाहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया जा सका था। भारतीय राज्य ने स्वतंत्रता के बाद 43 वर्ष और गणराज्य बनने के चार दशक बाद उस व्यक्ति का सम्मान किया, जिसके कारण यह संभव हुआ था। यह नेहरूवादी राज्य के कैंसिल कल्चर का सबसे बड़ा उदाहरण है। बाबासाहेब सेकुलरिज्म की कांग्रेस-लेफ्ट परिभाषा के खांचे के अनुरूप नहीं थे। उनके और द्रविड़ विचारधारा की पार्टियों के लिए केवल वे ही लोग सेकुलर हैं, जो हिंदुओं की आलोचना करते हैं। ऐसी वर्चस्ववादी परिभाषा में बाबासाहेब नहीं समाते थे। बाबासाहेब अपने लेखन में केवल हिंदुओं के बड़े आलोचक नहीं थे, बल्कि उन्होंने सभी धर्मों, खासकर मुस्लिमों, की उतनी ही आलोचना की। उन्होंने लिखा है, ह्यएक मुस्लिम की संबद्धता उसके अपने देश में निवास पर नहीं, बल्कि उसकी अपनी आस्था पर आधारित होती है। इस्लाम कभी भी एक सच्चे मुस्लिम को भारत को मातृभूमि के रूप में अपनाने तथा एक हिंदू को अपना परिजन मानने की अनुमति नहीं देगा। यह बात नेहरूवादी राज्य को स्वीकार्य नहीं थी, इसलिए सही मायनों में सेकुलर और बड़े बौद्धिक होने के कारण उन्हें दरकिनार किया गया। दूसरी बात यह थी कि बाबासाहेब कांग्रेस और दलितों के उत्थान में उसकी भूमिका को लेकर आलोचनात्मक थे। अछूतों के लिए कांग्रेस और गांधी द्वारा किये गये कार्यों पर 1945 में पहली बार प्रकाशित हुआ उनका अध्ययन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राजनीति का विश्लेषण है। संक्षेप में कहें, तो यह किताब गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट 1935 के तहत फरवरी 1936 में हुए प्रांतीय विधायिकाओं के चुनाव परिणामों का विस्तृत परीक्षण है। डॉ अंबेडकर उस चुनाव के दौरान ताकतवर और बुर्जुआ वर्चस्व वाली कांग्रेस पार्टी की तुलना में अनुसूचित जातियों के उम्मीदवारों के राजनीतिक विशेषाधिकारों के अभाव का गहन विवरण उपलब्ध कराते हैं। इस किताब का लक्ष्य दलित आबादी के उद्धारक के रूप में महात्मा गांधी की अनुचित लोकप्रियता का खंडन करना है। डॉ अंबेडकर ने कांग्रेस पार्टी के इस दिखावे को चुनौती दी कि वह बुनियादी तौर पर एकीकृत भारत की प्रतिनिधि है, जो 1937 के चुनाव परिणामों को उद्धृत करते हुए यह दावा करती थी कि वह सभी जाति समूहों को बराबर आदर देती है। बाबासाहेब अंबेडकर के अनुसार, महात्मा गांधी का सामाजिक आदर्श या तो जाति व्यवस्था के मॉडल पर आधारित था या फिर वर्ण व्यवस्था के मॉडल पर। वंचित समूहों के मुद्दों को उठाने वाले एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में अपने पूरे जीवन में बाबासाहेब अंबेडकर ने विशुद्ध तर्क के ऊपर रहस्यवाद की जीत का जोरदार विरोध किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से आधुनिक मशीनरी के उद्भव का समर्थन ऐसे औजार के रूप में किया, जो बर्बर स्थिति से मनुष्यता को स्वतंत्र करेगा और उनके लिए संभावनाओं की एक दुनिया के द्वार खोलेगा, जो लंबे समय से अंधकार और वंचना के साये में रहते आ रहे हैं।

# ज्ञानवापी पर सचेत

ज्ञानवापी में एक निश्चित स्थान- व्यासजी का तहखाना में पूजा को मंजूरी मिलने के बाद जमीनी स्थितियों में तेजी से बदलाव आने लगा है। जिला न्यायालय के फैसले के बाद वहां पूजा-अर्चना भी शुरू हो गई है और श्रद्धालुओं के समूह उमड़ने लगे हैं। हालांकि, इसका एक दूसरा पहलू भी है कि अंजुमन इंतिजामिया मसाजिद कमिटी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और न्यायालय ने फिलहाल पूजा पर रोक लगाने से मना कर दिया है। अंजुमन को अभी भी उम्मीद है कि सुनवाई होगी और हिंदुओं को प्रार्थना की अनुमति देने वाले वाराणसी अदालत के आदेश पर रोक लगेगी। फिलहाल, अंजुमन को उम्मीद इसलिए भी है कि अदालत ने संशोधित याचिका पेश करने के लिए कहा है। अंजुमन को अपनी दलीलों में परिवर्तन करना होगा और उसके बाद 6 फरवरी तक अदालत में जवाब दाखिल करना होगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि जब अदालत में सुनवाई तेज हो गई है, तो दलीलों को अकाट्य बनाना कारगर हो सकता है। ऐसे मुकदमे कोई भी पक्ष केवल भावना या आस्था के बल पर नहीं जीत सकता। वाराणसी की अदालत ने भी काफी सुनवाई और तर्क-वितर्क के बाद पूजा को मंजूरी दी है और यह देखने लायक बात है कि लगभग 32 वर्ष पहले भी व्यास तहखाने में पूजा होती थी। अगर कोई यह चाहता है कि वहां पूजा न हो, तो उसके लिए मजबूत तर्क और सुबूत के साथ पेश होना पड़ेगा। दोनों में से कोई भी पक्ष केवल मनमानी या संख्या-बल के भरोसे न रहे, तो बेहतर है। दौड़कर सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय जाने से पहले दोनों पक्षों को अपने कागज व सुबूत दुरुस्त करने चाहिए। अयोध्या मामले में भी अदालत ने हर तरह के पहलू पर विचार किया था और उसके बाद ही पुख्ता फैसले की नौबत आई।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222,
Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# जिस बैंक खाते का नहीं कर रहे उपयोग, उसे कराएं बंद

**नई दिल्ली ।**

आजकल बहुत से लोगों के एक से अधिक बैंक अकाउंट है। इनमें से कुछ खातों का समय के साथ उपयोग न के बराबर हो जाता है, उन खातों को बंद कराने में ही समझदारी है। ऐसा न कराने पर न केवल आपको वित्तीय नुकसान होगा, बल्कि आप किसी बड़ी मुसीबत में भी पड़ सकते हैं। अधिकतर बैंक खातों में एक मंथली एवरेज बैलेंस रखना होता है। यह 500 रुपए से लेकर 15 हजार रुपये तक हो सकता है। यह राशि न रखने पर बैंक शुल्क वसूल करते हैं। जीरो बैलेंस वाला आपका सैलरी अकाउंट भी लगातार 3 महीनों तक सैलरी ना आने पर सेविंग अकाउंट में तब्दील हो जाता है। बैंक डेबिट कार्ड और एसएमएस चार्जेज वसूलते हैं। डेबिट कार्ड फीस सालाना 100 रुपये से 1000 रुपये तक हो सकती है। एसएमएस चार्जेज भी काफी होते हैं। अगर आप अपने अकाउंट का उपयोग नहीं कर रहे हैं तो भी आपको ये फीस चुकानी ही होगी। आईटीआर भरते वक्त आपको अपने सभी बैंक खातों की जानकारी देनी होती है। ऐसे अकाउंट जिनका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है, उससे बड़ी धोखाधड़ी कोई और व्यक्ति कर सकता है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं

Bank Account

जिनमें ऐसे बैंक अकाउंट का उपयोग कर पैसों का लेनदेन किया, जिनका प्रयोग लंबे समय से नहीं किया जा रहा था। खास बात यह थी कि जिसके नाम यह खाता उसे इस धोखाधड़ी की भनक बहुत बात में लगी। इसलिए इस तरह की परेशानी से बचने के लिए आपको अपने ऐसे अकाउंट को बंद ही करा देना चाहिए।

# एप्पल का रेवेन्यू अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में बढ़कर 119.6 अरब डॉलर रहा

**वाशिंगटन ।**

आईफोन की मजबूत बिक्री से टेक दिग्गज एप्पल का रेवेन्यू अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में डबल डिजिट में बढ़ा। कंपनी के सीईओ टिम कुक ने कहा कि राजस्व के मामले में भारत में ग्रोथ हुई। कंपनी ने दिसंबर तिमाही में मजबूत डबल डिजिट ग्रोथ दर्ज की और रिकॉर्ड रेवेन्यू दर्ज किया। एप्पल का तिमाही राजस्व सालाना आधार पर दो प्रतिशत की वृद्धि के साथ 119.6 अरब डॉलर रहा। अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में आईफोन से कंपनी का राजस्व करीब छह प्रतिशत बढ़कर 69.7 अरब डॉलर हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 65.77 अरब डॉलर था। सीईओ कुक ने कहा कि कंपनी ने मलेशिया, मैक्सिको, फिलीपीन, पोलैंड और तुर्किये, इंडोनेशिया, सऊदी अरब आदि सहित अन्य उभरते बाजारों में ऑलटाइम हाई रेवेन्यू दर्ज किया। मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरप्वाइंट रिसर्च के मुताबिक एप्पल ने पहली बार 2023 में सबसे ज्यादा राजस्व के साथ भारतीय बाजार में टॉप पर रहा, जबकि सैमसंग वॉल्यूम बिक्री के मामले में इस चार्ट में टॉप पर रहा। फर्म ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा कि एप्पल ने शिपमेंट के मामले में 1 करोड़ यूनिट का आंकड़ा पार कर लिया और पहली बार एक कैलेंडर ईयर में रेवेन्यू में टॉप पोजीशन हासिल किया। दिसंबर 2023 तिमाही में आईपेड की बिक्री करीब 25 प्रतिशत घटकर 7 अरब डॉलर हो गई। तिमाही में एप्पल के वेयरएबल, होम एंड एसेसरीज सेगमेंट की बिक्री भी सालाना आधार पर करीब 11 प्रतिशत घटकर 11.95 अरब डॉलर रह गई। मैक पीसी की बिक्री 7.7 अरब डॉलर पर लगभग स्थिर रही।

दिसंबर 2023 तिमाही में एप्पल का सर्विस रेवेन्यू 11.3 प्रतिशत बढ़कर 23.11 अरब डॉलर हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 20.76 अरब डॉलर था।

# टेस्ला ने अमेरिका में 2.2 मिलियन इलेक्ट्रिक वाहन वापस बुलाये

## - पिछले साल दिसंबर में 20 लाख इलेक्ट्रिक वाहन रिकॉल किए गए थे

**नई दिल्ली ।**

टेस्ला ने संयुक्त राज्य अमेरिका में 2.2 मिलियन इलेक्ट्रिक वाहनों को वॉर्निंग लाइट के गलत फॉन्ट साइज के कारण वापिस बुलाया है। राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा प्रशासन का कहना है कि इन इलेक्ट्रिक वाहनों को वॉर्निंग लाइट के गलत फॉन्ट साइज से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। यह दो महीने पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में टेस्ला द्वारा वापस बुलाए गए 2.03 मिलियन वाहनों से अधिक है। अपने ऑटोपायलट उन्नत ड्राइवर-सहायता प्रणाली में नए सुरक्षा उपाय स्थापित करने के लिए यह उस समय का सबसे बड़ा कदम है। टेस्ला अपनी स्वायत्त ड्राइविंग सहायता के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा प्रशासन की जांच के दायरे में है, जिसका उद्देश्य कारों को अपनी लेन के भीतर स्वचालित रूप से चलाने, तेज करने और ब्रेक लगाने में सक्षम बनाना है। राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा प्रशासन ने कहा कि नवीनतम रिकॉल में टेस्ला के विभिन्न मॉडलों के वाहन शामिल हैं, जिनमें मॉडल एस, मॉडल एक्स, 2017-2023 मॉडल 3, मॉडल वाई और 2024 साइबरट्रक वाहन शामिल हैं। छोटे

फ़ॉन्ट आकार वाली चेतावनी लाइटें उपकरण पैनल पर महत्वपूर्ण सुरक्षा जानकारी को पढ़ना मुश्किल बना सकती हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है। टेस्ला ने समस्या को ठीक करने के लिए एक ओवर-द-एयर सॉफ्टवेयर अपडेट निःशुल्क जारी करना शुरू कर दिया है। रिकॉल रिपोर्ट के अनुसार यह उपाय ब्रेक, पार्क और एंटीलॉक ब्रेक सिस्टम (एबीएस) दृश्य चेतावनी संकेतकों के अक्षर फॉन्ट आकार को बढ़ाता है। टेस्ला के नए इलेक्ट्रिक पिकअप ट्रक, साइबरट्रक को उत्पादन इकाइयों के लिए समस्या को ठीक करने के लिए एक सॉफ्टवेयर अपडेट मिलना शुरू हो गया है। बता दें इससे पहले टेस्ला ने पिछले साल दिसंबर में 20 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए रिकॉल किया था। इस रिकॉल के पीछे का कारण ऑटोपायलट सिस्टम में आई खराबी को ठीक करना है। ऑटोपायलट एक ऐसा सिस्टम है, जो ड्राइवर को सड़क और ट्रैफिक की स्थिति को लेकर सचेत करता है।

# सरकार ने बढ़ाया कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स

## - पेट्रोल, डीजल और एटीएफ में नहीं हुआ बदलाव

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने शनिवार को कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स बढ़ा दिया। अब कच्चे तेल पर 3,200 रुपए प्रति टन की दर से विंडफॉल टैक्स लगेगा। नई दरें आज 3 फरवरी से प्रभावी हो गई हैं। इससे पहले कच्चे तेल पर 1,700 रुपए टन के हिसाब से विंडफॉल टैक्स लग रहा था। वहीं डीजल, पेट्रोल और विमानन ईंधन के मामले में सरकार ने विंडफॉल टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया है। पेट्रोल-डीजल और एटीएफ पर विंडफॉल टैक्स की दरें शून्य थीं। विंडफॉल टैक्स एक तरह की एडिशनल कस्टम ड्यूटी है। कच्चे तेल व अन्य पेट्रोलियम उत्पादों के व्यापार से बंपर मुनाफा कमा रही कंपनियों से इसके जरिए सरकार कुछ हिस्सा खजाने में जमा करती है। पिछले एक-डेढ़ साल के दौरान वैश्विक ऊर्जा व्यापार में आए उतार-चढ़ाव के मद्देनजर कई देश कच्चे तेल व पेट्रोलियम उत्पादों पर विंडफॉल टैक्स लगा रहे हैं। भारत में सरकार ने जुलाई 2022 में कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स लगाया था। कच्चे तेल के प्रोड्यूसर्स के अलावा सरकार ने पेट्रोल, डीजल और विमानन ईंधन के निर्यात पर भी विंडफॉल टैक्स लगाया था। सरकार हर दो सप्ताह में विंडफॉल टैक्स की समीक्षा करती है। इससे पहले 16 जनवरी को किए गए बदलाव में कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स की दरें घटा दी गई थीं।

तब सरकार ने इसे घटाकर 1,700 रुपए प्रति टन कर दिया था। वहीं डीजल, पेट्रोल और एटीएफ पर जीरो विंडफॉल टैक्स रखा गया था।

# बैठे बिठाए मार्क जुकरबर्ग को हर महीने होगी 458 करोड़ की कमाई

## मेटा के एक फैसले ने किया कमाल, शेयर होल्डर्स को लाभांश देने का लिया निर्णय

**नई दिल्ली ।**

मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को हर महीने बैठे बिठाए 458 करोड़ रुपये की कमाई होगी। यह चमत्कार मेटा के एक फैसले से होने जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने अपने शेयरहोल्डर्स को डिविडेंड देने की घोषणा की है। इससे कंपनी की ओर से पहली बार निवेशकों को लाभांश मिल रहा है। मेटा के इस फैसले से कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की मौज हो गई है। उनको भी करीब 5800 करोड़ रुपये डिविडेंड के रूप में मिलेंगे क्योंकि उनके पास भी मेटा के करीब 35 करोड़ शेयर हैं। इस तरह उनकी महीने की आय में अब 458 करोड़ रुपये की वृद्धि हो जाएगी। बताया जा रहा है कि डिविडेंट का पैसा हर तिमाही पर मिलेगा। आम तौर पर टेक कंपनियां अपने शेयरहोल्डर्स को डिविडेंड का भुगतान नहीं करती हैं। वे कमाई के पैसों को डिविडेंड पर खर्च करने के बजाय नए प्रोडक्ट या नए एक्विजिशन में लगाना ज्यादा पसंद करती हैं। परंतु मेटा के लिए पिछला साल काफी अच्छा साबित हुआ था। साल 2022 के दौरान शेयरों में बड़ी गिरावट के बाद साल 2023 उसके लिए रिकवरी वाला साबित हुआ था।

वहीं साल 2023 में मेटा के शेयरों के भाव में करीब 3 गुने की तेजी आई थी। कंपनी ने लागत कम करने के लिए पिछले साल 21 हजार कर्मचारियों की छंटनी की थी। मेटा के इस ऐलान से जुकरबर्ग को हर साल लगभग 700 मिलियन डॉलर यानी करीब 58 सौ करोड़ रुपये की कमाई होने वाली है। मेटा ने क्लास ए और क्लास बी के कॉमन स्टॉक पर हर तिमाही में 50 पेंस प्रति शेयर की दर से कैश डिविडेंड देने का ऐलान भी किया है।

# बजाज हाउसिंग फाइनेंस पर आरबीआई ने ठोंका जुर्माना

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ नियामक प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने पर बजाज हाउसिंग फाइनेंस पर पांच लाख रुपए का जुर्माना ठोका है। आरबीआई ने कहा कि यह जुर्माना गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-हाउसिंग फाइनेंस कंपनी (रिजर्व बैंक) दिशानिर्देश, 2021 के कुछ प्रावधानों के उल्लंघन के लिए लगाया गया है। आरबीआई बयान के अनुसार, 31 मार्च, 2022 को कंपनी की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा इसका वैधानिक निरीक्षण किया गया था। आरबीआई ने कहा कि पुणे की कंपनी ने प्रबंधन में बदलाव के लिए आरबीआई से पूर्व लिखित अनुमति नहीं ली। इस बदलाव के तहत स्वतंत्र निदेशकों को छोड़कर 30 प्रतिशत से अधिक निदेशक बदल गए। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने कहा कि जुर्माना नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता को प्रभावित करना नहीं है।

# अमेजन के पांच करोड़ शेयर बेचेंगे जेफ बेजोस

**नई दिल्ली ।** अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस अगले 12 महीनों में कंपनी के 50 मिलियन (5 करोड़) शेयरों को बेचने पर विचार कर रहे हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 171.8 डॉलर प्रति शेयर की मौजूदा कीमत पर अमेजन के इन शेयरों की कुल वैल्यू 8.6 अरब डॉलर है। कंपनी की एक नई वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार शेयरों की यह बिक्री योजना पिछले साल 8 नवंबर को शुरू की गई थी और यह प्रक्रिया 31 जनवरी, 2025 तक पूरी हो जाएगी। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उम्मीद से अधिक बिक्री दर्ज करने के बाद अमेजन के शेयर शुक्रवार को लगभग 8 फीसदी चढ़ गए। कोरोना महामारी की शुरुआत के बाद बीती तिमाही में अमेजन की ऑनलाइन बिक्री में सबसे बड़ा इजाफा हुआ है। बीते साल अमेजन के शेयरों में 80 प्रतिशत से अधिक की बढ़त दिखी थी और इसने बेंचमार्क इंडेक्स एसएंडपी 500 इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया था। बेजोस ने 1994 में अमेजन की स्थापना की थी। रिपोर्ट के अनुसार बेजोस वर्तमान में 185 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति हैं। दूसरी ओर जेफ बेजोस की पूर्व पत्नी मैकेंजी स्कॉट ने भी पिछले साल अमेजन में अपने 25 फीसदी शेयर (6.53 करोड़ शेयर) बेचे थे। अब उनकी अमेजन में हिस्सेदारी घटकर 1.9 प्रतिशत रह गई है। शादी के 25 साल बाद 2019 में जेफ बेजोस और मैकेंजी ने तलाक का एलान किया था। जिसके बाद मैकेंजी स्कॉट को अमेजन में 4 प्रतिशत हिस्सेदारी मिली थी, कीमत उस दौरान 36 अरब डॉलर थी।

# सरकार को सात कोयला खदानों के लिए 10 बोलियां मिलीं

**नई दिल्ली ।** कोयला मंत्रालय को सात कोयला खदानों के लिए 10 बोलियां हासिल हुई हैं। कोयला मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने नवंबर में खदान नीलामी के आठवें चरण की शुरुआत करते हुए 39 ब्लॉक को रखा था। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि सात कोयला खदानों के लिए कुल 10 बोलियां प्राप्त हुई हैं। इनमें दो कोयला खदानों के लिए दो या अधिक बोलियां प्राप्त हुई हैं। नीलामी प्रक्रिया के तहत प्राप्त ऑनलाइन बोलियां सोमवार को खोली जाएंगी। मंत्रालय ने कहा था कि वाणिज्यिक कोयला खनन नीलामी के आठवें दौर की शुरुआत कोयला खनन उद्योग में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने और कोयला उत्पादन बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बीओआई का दिसंबर तिमाही का मुनाफा 62 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मुनाफा 62 प्रतिशत बढ़कर 1,870 करोड़ रुपये रहा। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का मुनाफा 1,151 करोड़ रुपये रहा था। बीओआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 16,411 करोड़ रुपये रही, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 14,160 करोड़ थी। बैंक की ब्याज आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 15,218 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 12,728 करोड़ रुपये थी। दिसंबर, 2023 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) घटकर सकल ऋण का 5.35 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 7.66 प्रतिशत थी। इसी तरह तीसरी तिमाही के अंत में शुद्ध एनपीए 1.61 प्रतिशत से घटकर 1.41 प्रतिशत पर आ गया।

# जापान के निवेशक भारत पर कर रहे भरोसा, धड़ाधड़ खरीद रहे शेयर

**मुंबई ।** जापानी निवेशक जापान को छोड़कर भारत पर भरोसा कर रहे हैं। उनका मानना है कि भारत अगला चाइना है, जिसका तेजी से विकास हो रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय स्टॉक से जुड़ी जापानी निवेशक ट्रस्ट की कुल संपत्ति में 11 प्रतिशत का उछाल आया, जिसके बाद उनकी संपत्ति 13.41 हजार करोड़ रुपए हो गई। पिछले महीने भारतीय शेयर से जुड़े फंड्स में निवेश में जापानी निवेशकों को लगभग 14 हजार करोड़ येन (7920.04 करोड़ रुपए) का रिटर्न मिला। वहीं जापानी स्टॉक्स से जुड़े फंड में न के बराबर इनफ्लो दर्ज हुआ। इसलिए जापानी निवेशक भारतीय शेयर बाजार का रुख कर रहे हैं। भारत के किसी खास स्टॉक के लिए नहीं बल्कि भारतीय निवेशक पूरे भारत को लेकर खासा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अन्य उभरते देशों में वे भारत को ज्यादा महत्व दे रहे हैं। इस साल से शुरू हुए टैक्स फ्री इन्वेस्टमेंट अकाउंट भी इसके पीछे की वजह है। जापान के यूबीएस सुमी ट्रस्ट वेल्थ मैनेजमेंट कंपनी के सीईओ का मानना है कि भारत की आर्थिक ग्रोथ को देखते हुए जापानी निवेशकों का भारतीय शेयर बाजार में आकर्षण बढ़ा है। जापानी निवेश किसी ख़ास कंपनी के शेयर में पैसा नहीं लगाना चाहते, बल्कि उनकी दिलचस्पी पूरे भारत के लिए दिखाई दे रही है। दुनिया के उभरते देशों में जहां निवेश के मामले में भारत पर जापानी खुदरा निवेशकों का भरोसा बढ़ते जा रहा है। वहीं चाइना के स्टॉक मार्केट में निवेश गिरते जा रहा है। पिछले महीने रुपए के हिसाब से भले ही भारत का निफ्टी 50 इंडेक्स लगभग फ्लैट रहा हो लेकिन जापानी मुद्रा येन की गिरावट के कारण यह 4.2 प्रतिशत ऊपर गया।

# बीते सप्ताह शेयर बाजार का उतार-चढ़ाव भरा रहा सत्र

**मुंबई ।**

बीते सप्ताह शेयर बाजार में पूरे सप्ताह भर उतार-चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया और अंतेरिम बजट के दूसरे दिन शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी दर्ज की गई। बीते पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो घरेलू शेयर बाजार में सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को मजबूत खरीदारी दिखी और इससे बेंचमार्क इंडेक्स मजबूत हुए। शुरुआत में सेंसेक्स 565.32 अंकों की बढ़त के साथ 71,251.03 पर खुला और 1,240.90 अंकों की बढ़त के साथ 71,941.57 अंकों पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 182.21 अंक मजबूत होकर 21,534.80 पर खुला और 385.00 अंकों की बढ़त के साथ 21,737.60 के स्तर पर बंद हुआ। भारतीय शेयर बाजार में सूचकांकों ने मंगलवार के कारोबारी सत्र की शुरुआत वैश्विक बाजारों में अच्छे संकेतों की वजह से मामूली बढ़त के साथ की। एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 59 अंक बढ़कर 72,000 पर खुला और 802 अंक की गिरावट के साथ 71,140 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 50 21,800 के स्तर के करीब चला गया और 215 अंक फिसलकर 21,522 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में बुधवार को कमजोर शुरुआत हुई। मिलेजुले वैश्विक संकेतों के बाद बाजार लाल निशान पर खुला। सेंसेक्स करीब 200 अंक नीचे 70,900 पर खुला और 612.21 अंकों की बढ़त के साथ 71,752.11 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 अंक टूटकर 21,450 पर खुला और 203.61 अंकों की बढ़त के साथ 21,725.70 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 219.05 अंकों की बढ़त के साथ 71,960.01 पर खुला और 106.81 अंक गिरकर 71,645.30 पर बंद हुआ। निफ्टी 58.46 अंक मजबूत होकर 21,784.15 के स्तर पर कारोबार करता दिखा और 28.25 अंक की गिरावट के साथ 21,697.45 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स करीब 710.62 अंक उछलकर 72,351.99 पर खुला और 156.35 अंकों की मजबूती के साथ 21,853.80 पर बंद हुआ।

शेयर बाजार
साप्ताहिक समीक्षा

निफ्टी 429.35 अंक उछलकर अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 22,126.80 पर खुला और 156.35 अंकों की मजबूती के साथ 21,853.80 पर बंद हुआ।

# कीमतों पर लगाम लगाने अब सस्ता चावल बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली ।**

चावल की महंगाई से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। इसलिए केंद्र सरकार अब सस्ता चावल बेचने पर विचार कर रही है। यह चावल आटा और चना दाल की तर्ज पर भारत चावल नाम से बेचा जाएगा। सरकार ने चावल की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए चावल कारोबारियों को हर शुक्रवार को इसके स्टॉक का खुलासा करने को कहा है। केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि विभिन्न किस्मों के चावल के निर्यात पर प्रतिबंध के बावजूद पिछले एक साल में चावल की खुदरा और थोक कीमतों में लगभग 15 फीसदी इजाफा हुआ है। ऐसे में चावल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने दो सहकारी समितियों नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नैफेड) और नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीसीएफ) के माध्यम से खुदरा बाजार में सब्सिडी वाले भारत चावल को 29 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने का फैसला किया है। नैफेड और एनसीसीएफ के साथ ही यह रियायती दर वाला यह चावल केन्द्रीय भंडार के खुदरा केंद्रों के साथ ही ई-कॉमर्स प्लेटफार्म भी मिलेगा। खाद्य सचिव चोपड़ा ने कहा कि भारत चावल अगले सप्ताह से 5 किलो और 10 किलो के पैक में बाजार में उपलब्ध होगा। पहले चरण में सरकार ने खुदरा बाजार में बिक्री के लिए 5 लाख टन चावल आवंटित किया है। सरकार पहले से ही भारत आटा 27.50 रुपये प्रति किलोग्राम और भारत दाल (चना) 60 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेच रही है। चावल निर्यात पर रोक हटाने की बाजार में चल रही अफवाहों को दूर करते हुए चोपड़ा ने कहा कि सरकार की चावल निर्यात पर प्रतिबंध जल्द हटाने की कोई योजना नहीं है। कीमतें गिरने तक प्रतिबंध जारी रहेगा।

# स्पाइसजेट सात शहरों से हज उड़ानें संचालित करेगी

**नई दिल्ली ।**

संकट का सामना कर रही एयरलाइन स्पाइसजेट ने कहा कि उसने श्रीनगर, गया और गुवाहाटी सहित सात शहरों से हज उड़ानें संचालित करने का अधिकार सुरक्षित कर लिया है। नए सिरे से खुद को खड़ा करने की कोशिशों में जुटी स्पाइसजेट ने एक विज्ञप्ति में कहा कि हज उड़ानों का परिचालन उसके लिए आय सृजन का अहम स्रोत रहा है। विज्ञप्ति के मुताबिक चालू वित्त वर्ष में स्पाइसजेट ने पांच भारतीय शहरों से उड़ानें संचालित करके हज परिचालन से 337 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। इस साल एयरलाइन को अपने हज परिचालन से और भी अधिक राजस्व मिलने की उम्मीद है। यह विमानन कंपनी सात शहरों श्रीनगर, गया, गुवाहाटी, भोपाल, इंदौर, औरंगाबाद और विजयवाड़ा से हज के लिए उड़ानें संचालित करेगी। हज उड़ानों का पहला चरण नौ मई को मदीना के लिए उड़ानों के साथ शुरू होने वाला है। एयरलाइन हज परिचालन के लिए चौड़े आकार वाले तीन विमानों को पट्टे पर लेने की योजना बना रही है। पिछले साल भी इसने हज उड़ानों के लिए ऐसे तीन विमान शामिल किए थे।

Cr
Mg
Fe
Se
Zn
Ca
Na
F
Cu

# विटामिंस की खोज किसने की?

यह सभी जानते हैं कि विटामिन रासायनिक पदार्थ होते हैं जो हमारे शरीर के स्वस्थ रहने के लिए जरूरी हैं। विटामिन्स अलग-अलग तरह के भोजन में पाए जाते हैं। वैज्ञानिक विटामिन्स के 6 प्रकारों को 'ए', 'बी', 'सी', 'डी', 'ई' और 'के' कहते हैं। असल में विटामिन 'बी' में विटामिन्स का पूरा समूह होता है।

क्या आप जानते हैं कि विटामिंस की खोज किसने की? विटामिन की खोज एक डच जीवाणु विशेषज्ञ, क्रिश्चियान एइकमैन (1858-1930) द्वारा अचानक ही हो गई थी। उन्होंने सबसे पहले ध्यान दिया कि जो मुर्गियां चावल के दाने खाती थीं वे बीमार पड़ गईं। उन्होंने यह कारण खोज निकाला कि अनाज की ऊपरी सतह को यदि हटा दिया जाए तो उसमें मौजूद रसायन भी निकल जाते हैं जिसे हम विटामिन कहते हैं।

जब एइकमैन 1886 में इंडोनेशिया दौरे पर 'बेरी-बेरी' नामक महामारी की पड़ताल करने गए तो उनके दावों को और अधिक सच माना गया। बाद में वह यह साबित करने में सक्षम रहे कि 'बेरी-बेरी' का रोग डाइट की कमी से होता है। इससे विटामिन्स की खोज हुई और यह बात सामने आई कि विटामिन सेहत के लिए बहुत जरूरी है।

एइकमैन, हालांकि पूरी तरह से विटामिन्स के बारे में नहीं समझ पाए। बाद में फैडरिक हॉपकिन जो ब्रिटिश वैज्ञानिक थे, ने इस सिद्धांत को समझा कि मानव शरीर को कुछ मात्रा में ऐसे रसायनों की आवश्यकता है जो उन्हें सेहतमंद रख सकें। उन्होंने यह कहा कि रिकेट्स या स्कर्वी जैसे रोगों से बचा जा सकता है यदि भोजन में या किसी दूसरी चीज में जरूरी रसायन यानी कि विटामिंस लिए जाएं। ऐसा बिल्कुल सही माना गया और विटामिंस के प्रकारों को नाम भी दिए गए।

वास्तव में विटामिंस के कई स्रोत तथा उपयोग हैं जैसे विटामिन 'ए', मक्खन, दूध, अंडे, हरी सब्जियों और मछली में पाया जाता है जो बीमारियों से लड़ने में सहायक होते हैं। विटामिन 'बी' भूख बढ़ाता है। यह तंत्रिकाओं तथा त्वचा में शक्ति बढ़ाता है। यह यीस्ट, मीट तथा अलग-अलग अनाजों में पाया जाता है। विटामिन 'सी' खून साफ करने में सहायक है तथा जुकाम से सुरक्षा प्रदान करता है। यह मुख्य तौर पर फल जैसे संतरे तथा नींबू आदि में पाया जाता है।

हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है जो कॉड मछली के तेल तथा अंडे की जर्दी आदि में पाया जाता है। विटामिन 'ई' मोटे अनाजों और अन्य प्रकार के भोजन में पाया जाता है। विटामिन 'के' खून के बहाव को रोकने और क्लॉट के लिए विशेष रूप से जरूरी है। अत: चोट लगने पर खून के रिसाव को रोकने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह बहुत सी चीजों में मौजूद होता है जैसे लिवर तथा हरी सब्जियों इत्यादि में।

ऊपर दिए गए तथ्यों से हमें पता चलता है कि विटामिंस हमारी सेहत के लिए बहुत जरूरी हैं। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए क्रिश्चियान एइकमैन और फैडरिक हॉपकिन को 1929 में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया था।

| विटामिन | रोग |
|---|---|
| 'ए' | रतौंधी |
| 'बी' | बेरी-बेरी, तंत्रिका संबंधी समस्याएं |
| 'सी' | स्कर्वी |
| 'डी' | रिकेट्स |
| 'ई' | खून की कमी |
| 'के' | हैमरेज |

# हंसो, हंसाओ, सेहत बनाओ

दोस्तों, तुम्हें कॉमेडी मूवीज देखना तो बहुत अच्छा लगता होगा। ऐसी मूवीज देखकर तुम खुद भी हंसते होगे और किस्से सुनाकर दोस्तों को भी हंसाते होगे। साथ में क्लास में भी मस्ती कर हंसी ठहाके लगाते होगे। हंसते-हंसाते रहो, पर जान लो हंसने के फायदों के बारे में...

### वर्ल्ड हेल्थ डे

वर्ल्ड हेल्थ डे वर्ल्ड हेल्थ ऑरगनाइजेशन की तरफ से हर साल मनाया जाता है। इस साल वर्ल्ड हेल्थ डे ऐसे मच्छरों, जानवरों और कीड़े-मकोड़ों पर लोगों का ध्यान ले जा रहा है जो तरह-तरह की बीमारियां पैदा करते हैं। हंसने और खुश रहने से तुम्हारा मूड तो अच्छा रहता ही है साथ में तुम्हारी सेहत भी ठीक रहती है।

### इम्यून सिस्टम ठीक रहेगा

हंसने मुस्कुराने से तुम्हारा इम्यून सिस्टम अच्छा होगा। इम्यून सिस्टम अच्छा होने से तुम कई तरह की बीमारियों से बच सकते हो। साथ में तुम्हें सर्दी-जुकाम भी जल्दी नहीं होगा।

### टेशन फ्री होगे

दोस्तों के साथ हंसने और मस्ती करने से तुम्हें किसी तरह की चिंता नहीं होगी। साथ में तुम किसी भी मुश्किल काम को आसानी से कर लोगे। यही नहीं खुश रहने से शरीर में पैदा होने वाले ऐसे हार्मोन जो तनाव बढ़ाते हैं उनको भी कम करने में मदद करता है।

### दोस्तों में लोकप्रिय होगे

तुम्हारे खुश रहने से तुम्हारे दोस्त बढ़ते जाएंगे। ज्यादा से ज्यादा लोग तुम्हारे दोस्त बनना चाहेगे। तुम्हारे पुराने दोस्तों से दोस्ती और पक्की हो जाएगी। तुम्हें सबके साथ मिल-जुल कर काम करने में मजा आएगा।

### दिल की बीमारी से छुटकारा

आजकल अक्सर ही लोग इस बीमारी से परेशान रहते हैं। खुश रहने से इस तरह की बीमारियों से तो छुटकारा मिलेगा ही हार्ट अटैक की सम्भावना भी कम होती है।

### दर्द कम होगा

खुश रहने और हंसने-मुस्कुराने से दर्द कम होता है। साथ ही तुम किसी भी तरह की बीमारी से आसानी से निपट लोगे।

### आत्मविश्वास बढ़ता है

खुश रहने से आत्मविश्वास बढ़ता है। साथ में किसी भी काम को करने के लिए नए-नए आइडियाज भी तुम्हारे दिमाग में तेजी से आते रहेगे।

### लम्बे समय तक जीओगे

जो लोग खुश रहते हैं वो लोग लम्बे समय तक जीते हैं। इसका मतलब है कि वो दुखी रहने वाले लोगों की तुलना में ज्यादा दिनों तक जीते हैं।

### ब्लड प्रेशर कम रहता है

आजकल तुमने ब्लड प्रेशर से परेशान लोगों के बारे में तो सुना ही होगा। खुश रहने से शरीर में ब्लड का फ्लो भी ठीक रहता है और ब्लड प्रेशर भी कम होता है।

### मेमोरी बढ़ती है

खुश रहने से न केवल तुम्हारी मेमोरी बढ़ती है बल्कि तुम्हारे अंदर कुछ सीखने की क्षमता का भी तेजी से विकास होता है। तुम कुछ नया सीखने को उत्साहित रहते हो और इसीलिए तुम्हारी रचनात्मकता भी बढ़ती जाती है। यही नहीं हंसने-मुस्कुराने से तुम्हारी क्रिएटिविटी भी बढ़ती है।

### अच्छी नींद आती है

खुश रहने से तुम्हें नींद भी अच्छी आती है। इसका मतलब है कि तुम्हारे घर में जो बुजुर्ग नींद नहीं आने की प्रॉब्लम से परेशान हैं उनकी समस्या खुश रहने से हल हो जाएगी। इसलिए तुम उनकी मदद करो।

LOVE
hoot hoot i'm cute
I MEAN MONKEY BUSINESS
SPACED OUT!
i don't bite, but he does!

# डॉग्स के लिए बन रहा होटल चेल्सी

**इंसानों** के होटल तो सभी जगह बने होते हैं, लेकिन पेट्स के लिए होटल न के बराबर हैं। कई पेट्स मालिक अपने पेट्स को अपने जैसे होटल में स्टे कराना चाहते हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए न्यूयॉर्क में एक ऐसा ही होटल बनाया जा रहा है, जिसमें एंट्री सिर्फ कुत्तों की होगी। यह होटल जल्द ही शुरू हो रहा है। इस होटल को सामान्य होटलों की कैटेगरी में रखा गया है, जिसमें नॉमर्ल, डीलक्स और सूट शामिल होंगे। इसका नाम होटल चेल्सी रखा गया है। इसमें डबल बेड के अलावा नर्म और स्पंज वाले पिलो होंगे। रूम में फ्लैट स्क्रीन टीवी रखा गया है। इस टीवी में जानवरों से संबंधित कार्यक्रम चलते रहेंगे, जैसे वाइल्ड लाइफ आदि। इसके अलावा रूम का डेकोरेशन कुत्तों को ख्याल में रखकर किया गया है। कुत्ते को फिट रखने के लिए फिटनेस सेंटर भी बनाया गया है। खाना बनाने के लिए शैफ भी रखे जाएंगे। यहां के सारे रूम सीसीटीवी से लैस होंगे, जिससे अगर कुत्तों को रूम में किसी तरह की परेशानी हो तो कंट्रोल रूम में देखकर उसका समाधान कर दिया जाएगा।

D PET HOTELS
CHELSEA

# क्या जानवर रंग पहचानते हैं?

जानवरों की रंग पहचानने की क्षमता का पता लगाने के लिए वैज्ञानिकों ने काफी परीक्षण किया है, जिससे पता चलता है कि कुछ जीव रंगों की पहचान करने में सफल हो गये तो कुछ रंग नहीं देख सके।

**मछलियां** बहुत सुंदर और रंग-बिरंगी होती हैं, लेकिन ये एक-दूसरे की खूबसूरती को देख नहीं सकतीं, क्योंकि ये रंगांध होती हैं। यानी, रंगों को पहचान नहीं सकतीं। कुत्ते भी रंगों को नहीं पहचान पाते। वे किसी भी स्थान या वस्तु को उसके रंग से नहीं, गंध से पहचानते हैं।

एक परीक्षण में कुछ कुत्तों को पहले खास तरह की आवाजें सुनाई गईं। इन आवाजों के बाद ही उन्हें भोजन दिया जाता था। कुछ दिन के प्रशिक्षण के बाद देखा गया कि इन ध्वनियों को बजाते ही कुत्तों के मुंह लार से भर जाते थे। बाद में यही प्रयोग रंगों को लेकर किया गया। लेकिन कुत्ते, भोजन की लालसा के बावजूद एक रंग का दूसरे से विभेद करने में सफल नहीं हो पाये।

बिल्लियां भी रंगों को नहीं पहचानती हैं।

मुर्गियों के बारे में परीक्षण करने से पता चला है कि वे हरे, नीले, काले और बैंगनी रंग को नहीं पहचानतीं, जबकि सफेद रंग को पहचान लेती हैं।

बंदर रंगों के प्रति संवेदनशील होता है और वह अलग-अलग रंगों की पहचान कर सकता है। कुछ परीक्षणों ने इसकी पुष्टि भी की है। बंदरों को भोजन के लिए एक ऐसी अलमारी के पास जाने के लिए प्रशिक्षित किया गया, जिसका दरवाजा एक खास रंग से रंगा गया था। बाद में उसने दूसरे रंग से रंगे दरवाजे वाली अलमारी के पास जाने में दिलचस्पी लेना ही बंद कर दिया।

गाय, बैल, गधे जैसे पशु प्राय: सभी वस्तुओं को खाकी रंग में रंगा पाते हैं। एक सीमा तक सफेद रंग को भी पहचान लेते हैं, लेकिन गहरा हरा, लाल, नीला या काला रंग नहीं पहचान सकते।

अनेक परीक्षणों से यह सिद्ध हो चुका है कि सांड रंग के प्रति अंधा होता है, अर्थात् वह रंग भेद नहीं कर सकता। जब वह रंग पहचान ही नहीं सकता, तो फिर लाल रंग से भड़क उठने की बात महज एक गलत धारणा है। सांड को भड़काने के लिए कपड़े का हिलाना ही काफी है, चाहे वह लाल, पीला, नीला सफेद या किसी भी रंग का हो।

घोड़े हरे व पीले रंग को पहचान लेते हैं तथा दोनों में भी परस्पर भेद कर लेते हैं, पर लाल व नीले रंग को पहचानने में वे अच्छे नहीं जान पड़ते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट भी नहीं सुनेगा तो हम कहां जाएं : सिब्बल

नई दिल्ली। वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट की कार्यप्रणाली को लेकर कहा है कि सुप्रीम कोर्ट को हमें बतलाना चाहिए कि हम किन मामलों को लेकर उसके समक्ष आएं और किन मामलों में नहीं आएं। इसके साथ ही सिब्बल ने झारखंड मुद्दे पर केंद्र सरकार पर भी गंभीर आरोप लगाए। दरअसल कपिल सिब्बल का कहना था कि भारत के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ होगा, जबकि एक मौजूदा मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को यह हमें बतलाना चाहिए कि हम किन मामलों को लेकर आ सकते हैं और किन्हें लेकर नहीं आ सकते। केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार नहीं चाहती कि विपक्ष का कोई भी मुख्यमंत्री रहे। अब वो ऐसा ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ भी कर रहे हैं। उनकी मंशा सिर्फ डबल इंजन की सरकार चलाने की है और इसी के साथ विपक्ष की सरकार न रहे इसका पूरा इंतजाम किया जा रहा है। ऐसे में हेमंत सोरेन के खिलाफ 10 और ताजे मामले दर्ज किए गए हैं। इसका अर्थ यही है कि वो जेल से बाहर ही नहीं आएं। उन्होंने कहा कि ऐसे में यदि सुप्रीम कोर्ट भी हमारी बात नहीं सुनेगा तो हम कहां जाएं? गौरतलब है कि कोर्ट के समक्ष कपिल सिब्बल ही हेमंत सोरेन का पक्ष रख रहे हैं। उनके मामले की सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने अपना दुखड़ा रोया और आरोप भी लगाए हैं।

## हिमाचल प्रदेश में दो दिन होगी तेज बर्फबारी, चार राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 500 से ज्यादा सड़कें बंद

शिमला। बर्फबारी के कारण 4 राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 504 सड़कें बंद हो गई हैं, जिससे राज्य भर में बिजली और जल आपूर्ति योजनाएं बाधित हो गई हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया, 'बर्फबारी के कारण राज्य में 4 राष्ट्रीय राजमार्गों सहित 504 सड़कें अभी भी बंद हैं।' इसमें शिमला में 161, लाहौल-स्पीति में 153, कुल्लू में 76, मंडी में 44, चंबा में 62, किन्नौर में 7 और कांगड़ा में एक सड़कें शामिल हैं। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि 674 बिजली आपूर्ति योजनाएं बाधित हो गई हैं और 44 जल आपूर्ति योजनाएं भी बाधाओं का सामना कर रही हैं।

### राष्ट्रीय राजमार्गों समेत 500 से ज्यादा सड़कें बंद

स्थानीय मौसम विभाग ने शनिवार को कई स्थानों पर आंधी और बिजली गिरने और रविवार को कई स्थानों पर भारी बर्फबारी के साथ तूफान, बिजली गिरने और ओलावृष्टि के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। राज्य में 31 जनवरी और एक फरवरी को कई हिस्सों में मध्यम से भारी बर्फबारी हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, शिमला में सबसे अधिक 161 सड़कें, लाहौल और स्पीति में 153, कुल्लू में 76 और चंबा जिले में 62 सड़कें बंद हैं।

### हिमाचल में दो दिनों की बर्फबारी

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों ने बताया कि सड़कों से जल्द से जल्द बर्फ हटाने के लिए सफाई का काम तेजी से चल रहा है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी रही, यहां तक कि न्यूनतम तापमान में कुछ डिग्री की वृद्धि हुई, लेकिन यह सामान्य से नीचे रहा।

## जिंदा हैं अभिनेत्री पूनम पांडे, लोग कर रहे उनकी गिरफ्तारी की मांग

### –ट्रोल कर लोग कह रहे अपनी मौत पर मजाक किया

मुंबई। बालीवुड अभिनेत्री पूनम पांडे जिंदा हैं। शुक्रवार को पूनम के इंस्टाग्राम अकाउंट पर जारी किया गया पोस्ट झूठा निकला। इसका खुलासा खुद पूनम ने किया है। पूनम ने दो वीडियो शेयर किए, जिसमें उन्होंने बताया कि वह जिंदा हैं और पूरी तरह से ठीक हैं। पूनम से मैनेजर तक सब 'झूठी मौत' में शामिल थे। सोशल मीडिया पर आकर उन्होंने सफाई दी तब यूजर्स भड़क उठे। पूनम ने शनिवार सुबह दो वीडियो शेयर किए, जिसमें उन्होंने अपनी मौत के ड्रामे को लेकर रची साजिश का खुलासा किया। उन्होंने सफाई दी ये उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता पैदा करना था। अब पूनम कुछ भी कहें, लेकिन लोग उनकी हरकत से नाराज होकर उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। उनके वीडियो को देख एक यूजर ने लिखा, ये पब्लिसिटी का सबसे घटिया तरीका था। एक अन्य ने लिखा, मौत का मजाक बनाया है, अब तुम्हारी असली मौत पर भी कोई यकीन नहीं करेगा। खुशी है कि आप जिंदा हैं, लेकिन इस घटिया झूठ के लिए गिरफ्तारी होनी चाहिए। एक अन्य ने लिखा, जागरुकता के और भी तरीके हो सकते थे, लेकिन ये सबसे घटिया है।



### झूठी मौत की खबरों से खुश हैं पूनम

बता दें कि अपने दूसरे वीडियो में उन्होंने लोगों से माफी मांगी है। साथ ही ये भी स्वीकार किया है कि उन्हें अपनी झूठी मौत की खबरों पर दुख नहीं है, क्योंकि इस खबर ने एक ही दिन में सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरुक कर दिया है।

## ताज महल में उर्स के आयोजन पर रोक लगाने अदालत पहुंचा दक्षिणपंथी संगठन

आगरा। दक्षिणपंथी संगठन ने आगरा की एक अदालत में याचिका दायर कर ताज महल में उर्स के आयोजन पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। याचिकाकर्ता अखिल भारत हिंदू महासभा (एबीएचएम) ने उर्स के लिए ताज महल में मुफ्त प्रवेश को भी चुनौती दी है। अदालत ने याचिका स्वीकार कर मामले में सुनवाई की तारीख चार मार्च तय की है। मुगल सम्राट शाहजहां के तीन दिवसीय 'उर्स' का आयोजन इस साल छह फरवरी से आठ फरवरी तक होना है। याचिकाकर्ता के वकील अनिल कुमार तिवारी ने कहा, ''याचिकाकर्ता एबीएचएम ने अपनी मंडल प्रमुख मीना दिवाकर और जिला अध्यक्ष सौरभ शर्मा के माध्यम से शुक्रवार को आगरा की दीवानी अदालत परिसर में दीवानी मामलों के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) कक्ष संख्या चार की अदालत में एक याचिका दायर की।'' तिवारी ने कहा, ''उन्होंने उर्स मनाने वाली समिति के खिलाफ स्थायी निषेधाज्ञा का अनुरोध किया है। याचिकाकर्ता ने उर्स के लिए ताज महल में मुफ्त प्रवेश देने पर भी आपत्ति जाहिर की है। एबीएचएम के प्रवक्ता संजय जाट ने तर्क दिया कि संस्था ने उस आरटीआई (सूचना का अधिकार) के आधार पर याचिका दायर की जिससे पता चला कि न मुगलों और न ही अंग्रेजों ने ताज के अंदर उर्स आयोजित करने की अनुमति दी थी। उन्होंने कहा, ''यह याचिका आगरा शहर के इतिहासकार राज किशोर राजे द्वारा दायर एक आरटीआई के आधार पर दायर की गई है। आरटीआई में उन्होंने एएसआई से पूछा था कि ताज महल परिसर में उर्स मनाने और नमाज की अनुमति किसने दी? एएसआई ने जवाब दिया कि न मुगलों और न ही ब्रिटिश सरकार या भारत सरकार ने ताज महल में उर्स मनाने की अनुमति दी है।

## भाजपा विधायक ने शिवसेना नेता पर दाग दी गोली, पुलिस ने किया गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के उल्हासनगर पुलिस स्टेशन के अंदर ही गोलीबारी की चौंकाने वाली घटना प्रकाश में आई है। यहां एक भाजपा विधायक ने शिंदे शिवसेना गुट के नेता महेश गायकवाड को गाली मार दी। घायल अवस्था में उन्हे अस्पताल में भर्ती किया गया है। इस मामले में पुलिस ने भाजपा विधायक गणपत गायकवाड सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं राज्य सरकार ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।पुलिस के अनुसार, दोनों नेताओं में कुछ दिनों से दोनों नेताओं के बीच मतभेद चल रहे थे। इसके बाद वे दोनों पुलिस स्टेशन में शिकायत करने आए थे, जहां भाजपा विधायक गणपत गायकवाड़ ने महेश गायकवाड़ और उनके साथियों पर गोली चला दी। घटना कथित तौर पर शुक्रवार रात उल्हासनगर के हिल लाइन पुलिस स्टेशन में हुई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने मीडिया को बताया कि महेश गायकवाड़ और उनके एक समर्थक को पांच गोलियां लगीं।

## झारखंड में जनादेश चुराने की बीजेपी की 'साजिश' के खिलाफ खड़ा है इंडिया ब्लॉक, राहुल गांधी ने जारी किया बयान

**रांची (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के झारखंड में प्रवेश करने पर एक सभा में कहा कि भाजपा ने लोगों द्वारा चुनी गई झारखंड सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की। राहुल गांधी ने यह कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा से डरती नहीं है, जिसके पास 'धन बल और जांच एजेंसियां' हैं। राहुल गांधी ने कहा, भाजपा के पास धनबल और जांच एजेंसियां हैं, लेकिन कांग्रेस और मैं उनसे डरते नहीं हैं और सत्तारूढ़ पार्टी की विभाजनकारी विचारधारा के खिलाफ लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, 'उन्होंने (भाजपा) लोगों द्वारा चुनी गई झारखंड सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की, लेकिन भारतीय गुट उनकी 'साजिश' के खिलाफ खड़ा हुआ और उसे लोकप्रिय जनादेश चुराने नहीं दिया।''

भारत जोड़ो न्याय यात्रा के झारखंड में प्रवेश करते ही नवनियुक्त मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पिछली भारत जोड़ो यात्रा आरएसएस और भाजपा के 'विभाजनकारी एजेंडे' के खिलाफ थी, लेकिन वर्तमान यात्रा देश के लोगों के लिए न्याय की मांग कर रही है।

उन्होंने कहा 'देश भर में व्यापक अन्याय व्याप्त है', जिसमें 'कमरतोड़ मूल्य वृद्धि और बढ़ती बेरोजगारी' भी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत में युवाओं को रोजगार मिलना असंभव है। बाद में, एक्स पर अपनी टिप्पणी का एक वीडियो साझा करते हुए, गांधी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी की नीतियां बेरोजगारी की गारंटी हैं। वह जिस भारत का निर्माण कर रहे हैं उसमें युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है।'

पश्चिम बंगाल से झारखंड में यात्रा के प्रवेश के अवसर पर ध्वज सौंपने के समारोह में अपनी टिप्पणी में, गांधी ने 'छोटे और मध्यम उद्योगों के विनाश' के लिए मोदी सरकार की नोटबंदी नीति और 'त्रुटिपूर्ण जीएसटी' कार्यान्वयन को जिम्मेदार ठहराया, जो उन्होंने कहा कि ये रोजगार सृजन की रीढ़ हैं। झारखंड के लोगों को न्याय यात्रा में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हुए गांधी ने कहा कि वह उनकी चिंताओं को सुनेंगे। उन्होंने कहा, 'हम आपके मन की बात सुनते हैं, अपने मन की बात नहीं करते।'

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, यह न्याय यात्रा आर्थिक और सामाजिक न्याय और किसानों, युवाओं और अन्य हाशिए पर मौजूद लोगों के लिए न्याय की मांग के लिए है।

एक्स पर एक पोस्ट में, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 'दिन की तस्वीरः भारत जोड़ो न्याय यात्रा के ध्वज सौंपने के समारोह में पाकुड़ में झारखंड के नव-शपथ ग्रहण करने वाले सीएम श्री चंपई सोरेन जी के साथ राहुल गांधी। अलग राज्य के निर्माण के लिए जन आंदोलन में उल्लेखनीय भूमिका के लिए चंपई सोरेन जी को झारखंड के टाइगर के नाम से जाना जाता है।' उन्होंने कहा, 'दिल्ली के घोड़ा-व्यापारी कृपया ध्यान दें--धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की भूमि आपकी अन्याय की राजनीति का विरोध करेगी और उसे परास्त करेगी।'

शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले चंपई सोरेन ने भी सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया और न्याय यात्रा को पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

## बड़ा ऐलान : महाराष्ट्र में बेटियों की पढ़ाई का खर्चा उठाएगी शिंदे सरकार

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने बेटियों की पढ़ाई के लिए बड़ा ऐलान किया है। राज्य की शिंदे सरकार ने आठ लाख या उससे कम आय वाले परिवार की लड़कियों के शैक्षणिक शुल्क को माफ करने का ऐलान किया है। राज्य सरकार ने इन परिवार की लड़कियों की फीस भरपाई करने की घोषणा की है। महाराष्ट्र सरकार को ऐसी उम्मीदें हैं कि इस कदम से उच्च शिक्षा में लड़कियों भागीदारी बढ़ेगी। रिपोर्ट की मानें तो महाराष्ट्र के उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने शुक्रवार को संयुक्त कुलपतियों के बोर्ड (जेबीवीसी) की बैठक के दौरान इसकी घोषणा की। मौजूदा वक्त में इसी श्रेणी में शैक्षणिक शुल्कों में 50 प्रतिशत की छूट दी जाती है, जिसे अब 100 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री पाटिल ने कहा, विश्वविद्यालयों को यह सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना चाहिए कि अधिक लड़कियां विभिन्न क्षेत्रों में उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लें। पाटिल ने कुलपतियों को समय पर परिणाम घोषित करने के महत्व पर जोर देने के साथ-साथ इसके लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने भी सभी कुलपतियों से समय पर परिणाम घोषित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि परिणाम में देरी के कारण छात्र अपने शैक्षणिक वर्ष या नौकरी के अवसर न चूकें। पिछले साल भी राज्यपाल ने रिजल्ट में देरी को लेकर विश्वविद्यालयों को फटकार लगाई थी। उन्होंने कहा था कि परिणाम घोषित करने और मार्कशीट जारी करने में देरी के लिए कुलपतियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

## राजस्थान: कोटा में कई दर्जन छात्रों की मौत के बाद जागा प्रशासन, पहली बार दिखाई सख्ती



**जयपुर (एजेंसी)।** तमाम सपने लेकर कोटा जाने वाले कई छात्रों के सपने पूरे नहीं हो सके। निराश होकर उन्होंने मौत को गले लगा लिया। लगातार आत्महत्या के बाद भी प्रशासन की जब नींद खुली तब तक कई दर्जन छात्र इस दुनिया से अलविदा कह चुके। कोटा में 19 वर्षीय एनईईटी छात्रा द्वारा आत्महत्या करने के कुछ दिन बाद पहली बार कोटा जिला प्रशासन ऐक्शन मोड में दिखा। प्रशासन ने शुक्रवार को राजस्थान सरकार की रेगुलेटरी गाइडलाइंस के तहत अपने पहले ऐक्शन में पंखों में एंटी सुसाइड डिवाइस नहीं लगाने पर उसके हॉस्टल को अस्थायी रूप से सीज कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि 23 जनवरी को छात्रा जवाहर नगर में अपने हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटकी हुई मिली थी, जो पिछले साल 27 ऐसी घटनाओं के बाद 2024 का पहला मामला था। बता दें कि पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, कोटा में 2022 में 15, 2019 में 18, 2018 में 20, 2017 में सात, 2016 में 17 और 2015 में 18 छात्रों की मौत हुई। हालांकि 2020 और 2021 में कोई आत्महत्या की घटना सामने नहीं आई क्योंकि कोविड-19 महामारी के कारण कोचिंग संस्थान बंद थे या ऑनलाइन मोड में चल रहे थे।

जिला कलेक्टर रविंद्र गोस्वामी ने कहा, जांच के दौरान, हमने पाया है कि हॉस्टल अथॉरिटी ने राज्य सरकार के 28 सितंबर की गाइडलाइंस का पालन नहीं किया, जिसमें हॉस्टल के सभी कमरों के पंखों में एंटी-हैंगिंग डिवाइस लगाना अनिवार्य था। पुलिस की रिपोर्ट के बाद हमने कार्रवाई की है और हॉस्टल को सीज कर लिया है।कलेक्टर ने कहा कि जवाहर नगर इलाके में स्थित कंचन रेजिडेंट हॉस्टल में 32 कमरे हैं। हमने पहले ही 22 कमरे खाली करा लिए हैं और छात्रों को कहीं और शिफ्ट कर दिया है, जबकि अन्य 5 कमरे भी 5 फरवरी से पहले खाली करने का आदेश वार्डन और डायरेक्टर को दिया गया है।

जवाहर नगर में स्थानीय पुलिस थाने के एसएचओ को जारी एक आदेश में एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट बृज मोहन बैरवा ने शुक्रवार को गाइडलाइंस के अनुसार हॉस्टल में उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है। आदेश में कहा गया है कि गाइडलाइंस के अनुसार सभी सेटअप स्थापित होने तक हॉस्टल बंद रहेगा। इस संबंध में हॉस्टल डायरेक्टर को एक लिखित आदेश भी भेजा गया है। पिछले दस दिनों में कोटा के कोचिंग सेंटरों में अब तक दो छात्रों द्वारा आत्महत्या की जा चुकी है, जबकि यूपी की रहने वाली एनईईटी छात्रा की 23 जनवरी को मौत हो गई थी, कोटा स्थित 18 वर्षीय जेईई छात्रा की भी 29 जनवरी को उसके ही घर पर मौत हो गई थी। पुलिस ने कहा कि पिछले साल कोटा में 27 छात्रों द्वारा आत्महत्या की गई थी, जो 2015 के बाद से सबसे अधिक है।

## दुष्यंत चौटाला ने साधा कांग्रेस पर निशाना, कहा आगामी चुनाव उनका का अंतिम चुनाव होगा

**जींद (एजेंसी)।** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने प्रदेश में आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस की जनसंदेश यात्रा पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि ये चुनाव कांग्रेस का अंतिम चुनाव साबित होगा। इस चुनाव में कांग्रेस का खात्मा होना तय है। यहां उचाना में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने यह दावा किया। वहीं राज्य में विपक्ष के सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के दुरुपयोग के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं को यह पहला यह बताना चाहिए कि जब केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अजय चौटाला, ओमप्रकाश चौटाला को सलाखों के पीछे डाला था तब क्या वो तंत्र ठीक था।

कहा कि जब सीबीआई ने डॉ. अजय चौटाला को गिरफ्तार किया था तब तो वह हरियाणा सरकार के सदस्य भी नहीं थे बल्कि सांसद थे। दुष्यंता चौटाला ने कहा कि जब इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थी तो पूरे देश में नेताओं को जेल में डाल दिया था और जहां तक बात इन मामलों की है तो इनमें सबूत भी मिले है और गड़बड़ भी। इसके बावजूद भी नेता अपने आप को निर्दोष बताते हैं। उचाना से चुनाव लडने को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए चौटाला ने कहा कि वह उचाना से चुनाव लड़ेंगे और इसको लेकर भी वह कई बार पहले बोल चुके हैं।

## पंजाब : राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित का इस्तीफा, निजी कारणों का दिया हवाला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने 'व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं' के कारण इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे अपने आधिकारिक पत्र में, बनवारीलाल पुरोहित ने पंजाब के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के राज्यपाल पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया। पुरोहित ने अपने इस्तीफे में लिखा कि अपने व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं के कारण, मैं पंजाब के राज्यपाल और प्रशासक, केंद्र शासित प्रदेश, चंडीगढ़ के पद से अपना इस्तीफा देता हूं। कृपया इसे स्वीकार करें और उपकृत करें। पुरोहित ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी।

उनकी मुलाकात चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी, जिसमें तीनों पदों पर कब्जा बरकरार रखा गया है, जो कांग्रेस-आप गठबंधन के लिए एक झटका है, जिसने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। पुरोहित का इस्तीफा पंजाब में लंबित विधेयकों को मंजूरी देने में देरी को लेकर उनके और मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी सरकार के बीच गतिरोध के बीच आया है।

10 नवंबर, 2023 को शीर्ष अदालत ने पंजाब विधानसभा द्वारा पारित पांच विधेयकों को मंजूरी देने में देरी को लेकर पुरोहित की खिंचाई की। सुनवाई के दौरान, भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राज्यपाल के खिलाफ पंजाब सरकार की याचिका पर सुनवाई की थी। वह 2017 से 2021 तक तमिलनाडु के पूर्व राज्यपाल और 2016 से 2017 तक असम के पूर्व राज्यपाल रहे। वह भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं। वह तीन बार नागपुर (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र) से संसद सदस्य रहे, दो बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सदस्य के रूप में, एक बार भाजपा सदस्य के रूप में।

## ममता के बयान पर फिर अधीर हुए चौधरी, पूछा- बीजेपी और दीदी एक ही भाषा क्यों बोल रहे हैं?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के बीच जुबानी जंग लगातार जारी है। ममता बनर्जी हाल में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि सबसे पुरानी पार्टी लोकसभा चुनाव में 40 सीट भी नहीं जीतेगी। इसकी को लेकर अधीर रंजन चौधरी ने पलटवार किया है। चौधरी ने कहा कि भाजपा बोलती है कि कांग्रेस खत्म हो गई है, कांग्रेस के पास कुछ नहीं है। वहीं भाजपा के सुर में सुर मिलाते हुए ममता बनर्जी बोलती हैं कि कांग्रेस को 40 सीटें भी मिल जाएं तो बहुत है।

अधीर रंजन चौधरी ने साफ तौर पर कहा कि भाजपा और पीएम मोदी बोलते हैं कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करती है, यही बात ममता बनर्जी भी बोलती हैं। उन्होंने कहा कि क्यों भाजपा और दीदी एक ही भाषा बोल रहे हैं?। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप(ममता बनर्जी) बोलती हैं कि INDIA गठबंधन का नामकरण आपने किया है तो फिर आज आपको INDIA गठबंधन क्यों खराब लग रहा है? उन्होंने कहा कि आपके लिए राज्य बाद में है... राहुल गांधी के लिए देश पहले है, बाकी सब बाद में है।

अधीर ने कहा कि बीजेपी कहती है कि कांग्रेस खत्म हो गई है, कांग्रेस के पास कुछ नहीं है. बीजेपी के सुर में सुर मिलाते हुए ममता बनर्जी का कहना है कि अगर कांग्रेस को 40 सीटें भी मिल जाएं तो काफी है। ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में 300 सीटों पर चुनाव लड़ने के बाद वह 40 सीटें भी नहीं जीत पाएगी। बनर्जी ने कांग्रेस को वाराणसी लोकसभा सीट जीतने की भी चुनौती दी, जो पिछले दो कार्यकाल से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का निर्वाचन क्षेत्र है। उन्होंने एक चिंताजनक पैटर्न की ओर भी इशारा किया, जहां कांग्रेस उन क्षेत्रों पर अपनी पकड़ खो रही है जहां उसकी मजबूत उपस्थिति हुआ करती थी।

बनर्जी की कटु टिप्पणी पश्चिम बंगाल में बदलती राजनीति का एक नया पहलू उजागर करती है। कांग्रेस से अलग होने का उनका निर्णय और उसके बाद पार्टी पर हमले राज्य में बदलते राजनीतिक परिदृश्य को उजागर करते हैं। बनर्जी ने अपने बयान में कहा कि कांग्रेस, मुझे नहीं पता कि आप 300 में से 40 सीटें जीतेंगे या नहीं। इतना अहंकार क्यों? आप बंगाल आए, हम एक इंडिया गठबंधन हैं। मुझे कम से कम बताएं। मुझे प्रशासन से पता चला। अगर आपमें हिम्मत है, वाराणसी में भाजपा को हराओ। आप उन जगहों पर हार गए जहां आप पहले जीते थे!

## मणिपुर ने मोबाइल इंटरनेट निलंबन 15 दिन के लिए बढ़ाया

इम्फाल। मणिपुर के विभिन्न हिस्सों में हाल की हिंसक घटनाओं से उत्पन्न कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार ने नौ जिलों के सीमावर्ती इलाकों में दो किमी के दायरे में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं के निलंबन को 15 दिन के लिए बढ़ा दिया। एक आदेश के अनुसार नौ जिले, जिनमें घाटी और पहाड़ी दोनों क्षेत्र शामिल हैं, चंदेल, काकचिंग, चुराचांदपुर, बिष्णुपुर, कांगपोकपी, इंफाल पश्चिम, थौबल, तेंगनौपाल और इंफाल पूर्व हैं। आदेश में कहा गया है ?कि राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति और पिछले एक पखवाड़े में इंटरनेट निलंबन के सामान्य संचालन के साथ इसके संभावित सह-संबंध की समीक्षा करने के बाद, नौ जिलों की अंतर-जिला सीमाओं पर मोबाइल टावरों के संचालन के निलंबन को जारी रखने का निर्णय लिया है।

## भाजपा के निशाने पर आया सोरेन परिवार, फ्लोर टेस्ट पर टिकीं सभी की नजरें

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड का सियासी बवंडर फिलहाल थमने वाला नहीं है। यहां जिस तरह की राजनीति हो रही है उससे इसी तरह के संकेत मिल रहे हैं। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद कई नेताओं की नजर सीएम की कुर्सी पर थी। जैसे तैसे चंपाई सोरेन ने सीएम पद की शपथ ले ली है लेकिन भीतर का विवाद अभी पूरी तरह शांत नहीं हुआ है। राज्य का मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने खुलकर कह दिया है कि सोरेन परिवार की आपसी कहल के चलते विवाद बढ़ा है। झारखंड में सियासी घमासान के बीच भाजपा भी सक्रिया हो गई है। भाजपा विधायक दल की बैठक हुई जिसमें राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। इस दौरान सदन में विश्वास मत के दौरान मजबूती से पार्टी की उपस्थिति दर्ज कराने का फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने की।

मरांडी ने नवनियुक्त मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि यह सरकार जनहित में निर्णय लेते हुए जनता की भलाई के लिए काम करे। वहीं, बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने रिसार्ट पॉलिटिक्स पर कहा कि सत्ताधारी विधायकों में पद, कुर्सी के लिए अंतर्कलह है। सोरेन परिवार में अंतर्कलह है। पहले भी हेमंत सरकार अपने सत्ता पक्ष के विधायकों को जेल भेजवा चुकी है। इसलिए सत्ता पक्ष के सारे विधायक अपनी अंतर्कलह को छुपाने के लिए भाजपा पर ठीकरा फोड़ रहे। बाउरी ने कहा कि सत्ता पक्ष आपसी अंतर्कलह को छुपाने में जुटे हैं। विधायक दल की बैठक में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, सीपी सिंह, बिरंची नारायण, भानु प्रताप शाही, रामचंद्र चंद्रवंशी, जेपी पटेल, राज सिन्हा, मनीष जायसवाल, अमित मंडल, शशिभूषण मेहता आदि ने नवनियुक्त मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को बधाई दी।

नेता प्रतिपक्ष बाउरी ने कहा कि राज्य में कांग्रेस पार्टी की साजिश चलती रहेगी। कांग्रेस का पुराना इतिहास है कि वह सहयोगी दलों की सरकार को फंसाकर खुद बचना चाहती है। कांग्रेस पार्टी राष्ट्र विरोधी ताकतों से मिली है। इसलिए मुखौटा को आगे रखकर अपना पूरा एजेंडा लागू कराती है। बाउरी ने कहा कि कांग्रेस के समर्थन से चलने वाली सरकारों के मुख्यमंत्री का वही हश्र हुआ है, जो हेमंत सोरेन का हुआ। इसलिए चंपाई सोरेन को इससे सतर्क रहना चाहिए। वे आंदोलनकारी रहे हैं, इसलिए उन्हें अपनी सोच समझ से काम करना चाहिए। बाउरी ने कहा कि ऐसा लगता है यह सरकार पिछली सरकार की तरह ही तुष्टिकरण के एजेंडे को लागू करने के लिए बनी है। बाउरी ने कहा कि चंपाई सोरेन के घर-परिवार में आज उत्सव का माहौल है। यह अवसर उन्हें राज्य में व्याप्त सत्ता संपोषित भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा द्वारा सदन से सड़क तक की लड़ाई और राज्य की जनता का भ्रष्टाचार के भाजपा की लड़ाई में मिले समर्थन के कारण प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि परिवारवाद के खिलाफ भाजपा की लड़ाई ने उन्हें यह अवसर दिया है कि वे राज्य के सर्वोच्च पद पर बैठ पाए हैं।

## चुनाव आयोग के दफ्तर के पास हुआ बम धमाका

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के कराची में पाकिस्तान चुनाव आयोग के ऑफिस के बाहर बम धमाका होने की जानकारी मिली है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार धमाके में किसी के भी घायल नहीं होने का दावा किया गया है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में 8 फरवरी को संसदीय आम चुनाव का मतदान होने जा रहा है। इसके चलते सभी जगह सख्त सुरक्षा व्यवस्था का दावा किया जा रहा है, लेकिन उससे पहले चुनाव आयोग के ही दफ्तर के बाहर हुए बम धमाके ने सुरक्षा से जुड़े दावों की नींव हिला दी हैं। कराची के साउथ जोन के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक साजिद सदजोई के मुताबिक धमाके में किसी की मौत या किसी के घायल होने की सूचना नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि विस्फोटक को एक शॉपिंग बैग में रखकर चुनाव आयोग के ऑफिस की बाहरी दीवार के पास छोड़ा गया था। चुनाव आयोग का ऑफिस कराची के रेड जोन एरिया में मौजूद है। ऐसे में इस धमाके को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है। एसएसपी साजिद ने बताया कि घटनास्थल की सघन तरीके से जांच की जा रही है। बम डिस्पॉजल दस्ते को मौके पर बुलाकर बम के नेचर और उसकी क्षमता का पता लगाया जा रहा है।

## सिगरेट को लेकर हुआ झगड़ा, सिर काट कर दो साल फ्रिज में रखा

वॉशिंगटन । अमेरिका में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जिसमें एक अपराधी ने सिगरेट को लेकर एक शख्स की हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं हत्या के बाद उसने शव के टुकड़े-टुकड़े कर दो साल तक अपने फ्लैट की फ्रिज में रखे रहा। जानकारी के अनुसार 45 साल के निकोलस मैकजी ने हत्या के बारे में ऐसी चीजें बताई हैं जो कि हैरान करने वाली हैं। उसने कहा कि गेजलर नाम के शख्स के साथ वह और उसकी पत्नी शराब पी रहे थे। तभी उसने सिगरमेट मांगी लेकिन गेजलर ने देने से इनकार कर दिया। इसके बाद उसने गेजलर की हत्या कर दी और फिर उसकी जेब से ड्रग्स निकालकर स्मोक करने लगा। इस काम में उसकी पत्नी भी शामिल थी। मैकजी ने बताया कि उसने 22 मार्च 2022 को हत्या की थी। इसके बाद 17 महीने बाद पुलिस को कन्फर्म हुआ कि गेजलर लापता है। फिर पुलिस ने उसको ढूंढना शुरू किया। मैकजी का कहना है कि गेजलर उसका इस्तेमाल करता था लेकिन जब वह ड्रग्स मांगने लगा तो उसने इनकार कर दिया। गेजलर उसके नॉस्ट्रैंड अवेन्यू वाले फ्लैट में आया जाया करता था। मैकजी ने बताया कि उसे गेजलर से पहले से ही नफरत थी। वह एक यौन अपराधी भी था। 2005 में उसपर एक 12 साल के लड़के की प्रताड़ना का केस दर्ज किया गया था। उसने पहले गेजलर को थप्पड़ मारा और फिर जोरदार वार करके बेहोश कर दिया। वह रातभर वहीं पर पड़ा रहा। इसके बाद जब वह नहीं उठा तो किचन के चाकू से उसने हत्या कर दी। बाद मे हथोड़े से भी उसके सिर पर वार किया। जान से मारने के बाद मैकजी ने उसकी जेब से ड्रग्स निकाला और स्मोक किया। हत्या के बाद कई दिनों तक गेजलर का शव अपार्टमेंट में ही पड़ा रहा। जब यह सड़ने लगा तो मैकजी ने इसे टुकड़ों में काट डाला। इसके बाद शव को प्लास्टिक बैग में भरकर एक सूटकेस में डालकर फ्रिज में रख दिया। लेकिन बाद में पुलस ने ढूढ निकाला।

## नजम सेठी का बेतुका बयान, भारत के इशारे पर ईरान ने किया हवाई हमले

इस्लामाबाद। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और नवाज शरीफ के करीबी नजम सेठी ने ईरान के मिसाइल हमले को लेकर हास्यास्पद बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ईरान ने भारत के कहने पर पाकिस्तान पर हवाई हमले किए थे। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान ने केवल भारत को संदेश भेजने के लिए भाईचारे वाले देश के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की। शरीफ के करीबी सेठी का यह बयान काफी चर्चा में है। रक्षा जानकार बयान का मजाक उड़ा रहे हैं और सेठी के बयान पर सवाल भी उठा रहे हैं। नजम सेठी ने कहा, इसके पीछे जो हमारा शक है कि ईरान और भारत बहुत नजदीक हैं। भारत और ईरान का जो गठजोड़ है, उसके दो-तीन पहलू हैं। हो सकता है कि उन्होंने पाकिस्तान के ऊपर जो स्ट्राइक की है, उसका आईडिया भारत ने उन्हें दिया हो। भारत चेक कर रहा है कि पाकिस्तान कैसे जवाब देता है या नहीं और ईरान से करवाकर देखा जाए कि पाकिस्तान जवाब देता है या नहीं। इसलिए, भाईचारा वाला देश होने के बावजूद हमने बिलकुल सटीक जवाब दिया। सेठी ने कहा, हमारी जवाबी कार्रवाई ने पैगाम ईरान को नहीं दिया, बल्कि वह भारत को दिया। इस पर एंकर ने सेठी से कहा कि और अफगानिस्तान को भी जवाब दिया। इस पर सेठी ने कहा, देखिए, अफगानिस्तान को नहीं, क्योंकि वे हम पर मिसाइल नहीं दाग रहे। मुख्य रूप से यह भारत के लिए मैसेज था। यह एक तरह का संकेत दिया जा रहा है।

## चुपचाप मालदीव पहुंचे चीनी उपप्रधानमंत्री, शुरु हुई ड्रैगन की खुराफात

माले । मालदीव की सत्ता में आने के बाद से लगातार राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन के साथ घनिष्ठता बढ़ रहे हैं। दरअसल मुइज्जू भारत विरोधी और चीन समर्थक राष्ट्रपति माने जाते हैं। हालांकि वे कहते हैं कि वह किसी भी देश के साथ नहीं हैं, बल्कि वह मालदीव के लिए काम कर रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि चीन ने उन्हें अपने जाल में फंसा लिया है। पिछले माह मुइज्जू की चीन यात्रा के बाद अब ड्रैगन के इस काम में तेजी आ गई है। चीनी उपप्रधानमंत्री लियू गुओझोंग की 24 जनवरी की यात्रा पहला उदाहरण है। अपनी यात्रा के दौरान गुओझोंग ने मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर से मुलाकात की। उनकी यह यात्रा बेहद गुपचुप तरीके से हुई है, जो दिखाता है कि संभवतः चीन यहां किसी तरह की साजिश में जुट गया है। हालांकि बातचीत के एजेंडे में मालदीव के पर्यटन को बढ़ावा देने से जुड़ी चीजें थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन के शेडोंग प्रांत ने मालदीव के शहर, स्थानीय सरकार और लोक निर्माण मंत्रालयों को 10 नागरिक वाहन दान करने का फैसला किया है। नागरिक वाहन में कार, एंबुलेंस, ट्रक जैसी चीजें आती हैं। इस तरह चोंगकिंग म्यूनिसिपल कमीशन ऑफ कल्चर एंड टूरिज्म डेवलपमेंट इस साल चीनी नव वर्ष के दौरान माले में प्रदर्शन करने के 14 सदस्यीय सांस्कृतिक समूह तैनात करेगा।

## अमेरिका में प्रदर्शन के दौरान आपस में भिड़े खालिस्तान समर्थक

वॉशिंगटन । खालिस्तान समर्थक अमेरिकी राज्य सैन फ्रांसिस्को में भिड़ गए। इस घटना ने साबित कर दिया है कि गैंग किस तरह से खालिस्तान के नाम पर सक्रिय हैं। 28 जनवरी को सैन फ्रांसिस्को में कथित जनमत संग्रह का आयोजन किया गया। यहां भारत के खिलाफ पोस्टर लगाए गए थे। लेकिन तभी खालिस्तान समर्थक गुटों की आपसी लड़ाई सामने आई है। झगड़े का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि दो गुटों के समर्थक एक दूसरे पर लात घूसे चला रहे हैं। एक गुट का नेतृत्व मेजर सिंह निज्जर और दूसरे का सरबजीत सिंह सबी की ओर से किया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक खालिस्तानी आतंकी गुरवंत सिंह पन्नू की ओर से निज्जर ग्रुप को किनारे किया जा रहा है। इस कथित जनमत संग्रह में पन्नू भी मौजूद था। विदेशों में बैठे खालिस्तान समर्थकों की ओर से यूके-कनाडा में भी कथित जनमतसंग्रह का आयोजन किया गया। कनाडा में एक खालिस्तान समर्थक के घर पर फायरिंग की खबर आई थी। यह भी गैंगवार हो सकता है। लेकिन बिना जांच के ही आरोप भारत के खिलाफ मढ़ दिए गए हैं।

## ज्ञानवापी मस्जिद पर अदालत का फैसला ऐतिहासिक : अमरीकी हिंदू

वाशिंगटन । अमरीका में एक प्रमुख हिंदू अमरीकी समूह ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदू भक्तों को पूजा-अर्चना की अनुमति दिए जाने के वाराणसी जिला अदालत के फैसले का स्वागत किया। विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमरीका (वीएचपीए) और लगभग 6 अन्य हिंदू अमरीकी समूहों ने एक बयान जारी कर इसे ऐतिहासिक फैसला करार दिया। मीडिया के लिए जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि वीएचपीए माननीय न्यायालय द्वारा सोच-विचार कर लिए गए इस न्यायसंगत निर्णय की बहुत सराहना करता है। यह ऐतिहासिक फैसला उन अधिकारों को बहाल करता है जो नवम्बर, 1993 में हिंदुओं से गैर कानूनी तरीके से छीन लिए गए थे। इसमें कहा गया कि वीएचपीए इस बात पर जोर देता है कि यह मामला किसी अल्पसंख्यक समूह के खिलाफ संघर्ष का नहीं बल्कि मूल रूप से संपत्ति के अधिकारों से जुड़ा है। हिंदू पक्ष द्वारा प्रस्तुत अकाट्य साक्ष्यों पर आधारित यह निर्णय न्याय के सिद्धांतों के बिल्कुल अनुरूप है।

2025年日本大阪世博会中国馆开工仪式
2025年大阪・関西万博中国パビリオン起工式
The Groundbreaking Ceremony for China Pavilion in Expo 2025 Osaka, Kansai, Japan
2025年日本大阪世博会
中国馆奠基

जापान के युमेशिमा में चीन मंडप के भूमि पूजन समारोह में भाग लेते मेहमान, चीन मंडप ने शुक्रवार को यहां भूमि पूजन किया, जिससे हरित विकास और मानव-प्रकृति सद्भाव को उजागर करने वाले आयोजन स्थल के निर्माण की शुरुआत हुई। चीन का मंडप एक्सपो में सबसे बड़े स्व-निर्मित मंडपों में से एक है।

## भारतीय तटरक्षक बल ने हमारी नौकाओं पर छापा क्यों मारा : मालदीव

माले । मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने तय कर लिया है कि वे भारत के साथ संबंधों को तोड़कर ही दम लूंगा। इस कारण शनिवार को भारत-मालदीव कोर ग्रुप की दूसरी बैठक के दौरान मालदीव के नुमाइंदों ने तनाव बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मुइज्जू सरकार ने भारत से लिखित में पूछा है कि भारतीय तटरक्षक बल ने मछली पकड़ने वाली नौकाओं पर छापा क्यों मारा। हालांकि, मालदीव की नौसेना ने इससे इंकार किया है कि उनके जलक्षेत्र में विदेशी सैनिकों की उपस्थिति थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मालदीव सरकार ने भारत सरकार को मालदीव विशेष आर्थिक क्षेत्र में मछली पकड़ने वाले जहाजों में भारतीय तटरक्षक कर्मियों के प्रवेश का कारण लिखित में देने के लिए लिखा है। मुइज्जू सरकार के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हम लोगों ने भारत से लिखित जवाब मांगा है कि हमें बताएं कि यह कैसे हुआ। हालांकि मालदीव के इस मीडिया रिपोर्ट पर भारत की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं आई है। मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स ने कहा है कि तटरक्षक बल उन विदेशी सैनिकों की राष्ट्रीयता निर्धारित करने में असमर्थ है जो कथित तौर पर मालदीव के जल क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली कई नौकाओं पर सवार हुए थे। एमएनडीएफ के एक मीडिया अधिकारी ने बताया कि जब मालदीव के तटरक्षक जहाज देश के उत्तर में असुरूमा 3 मछली पकड़ने वाले जहाज के पास पहुंचा, तब उस क्षेत्र में विदेशी सैनिक नहीं थे।

# 85 ठिकानों पर हवाई हमले करके अमेरिका ने ईरान से लिया बदला

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने ईरान के 85 ठिकानों पर हवाई हमले करके बदला लेना शुरु कर दिया है। बता दें कि जॉर्डन में बेस पर हुए हमले के बाद अब अमेरिका की कार्रवाई तेज हो गई है। अमेरिका ने इराक और सीरिया में ईरानी बलों और ईरान समर्थित आतंकियों की ओर से इस्तेमाल किए जा रहे 85 ठिकानों पर शुक्रवार को हमले किए। पिछले सप्ताह जॉर्डन में तीन अमेरिकी सैनिकों की एयर स्ट्राइक में मौत हो गई थी, जिसके जवाब में यह हमला किया गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने संवाददाताओं को बताया कि अमेरिकी सैन्य बलों ने क्षेत्र में अमेरिकी कर्मियों पर हमले से जुड़ी सात फैसिलिटी को निशाना बनाया। इन फैसिलिटी में कंट्रोल ऑपरेशन, खुफिया केंद्र, रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन भंडारण शामिल हैं।

इस संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि हमारी प्रतिक्रिया आज से शुरू हुई। आगे भी यह जारी रहेगी और इसकी जगह और समय हम तय करेंगे। राष्ट्रपति बाइडेन ने एक बयान में कहा कि यूएस मध्य पूर्व या दुनिया में कहीं भी संघर्ष नहीं चाहता। लेकिन जो हमें नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, उन्हें यह जान लेना चाहिए कि अगर आप किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचाते हैं तो हम जवाब देंगे। सीरिया के सरकारी टेलीविजन के मुताबिक हमले में लोगों के मारे जाने और घायल होने की खबर है। लेकिन इनकी सटीक संख्या नहीं बताई गई।

उधर किर्बी ने कहा कि अमेरिका को नहीं पता कि कितने आतंकी मरे या घायल हुए, लेकिन लक्ष्यों का चयन इस हिसाब से किया गया कि आम लोग हताहत न हों। उन्होंने कहा कि इन टार्गेट्स के अमेरिकी सैनिकों पर हमले को लेकर हमारे पास पुख्ता सबूत थे। लेफ्टिनेंट जनरल डगलस ए. सिम्स ने कहा कि अमेरिका ने यह जानते हुए हमला किया कि इन जगहों का इस्तेमाल ईरान समर्थित लड़ाकों और ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड की ओर से किया जाता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हमलों में 125 से ज्यादा हथियारों का इस्तेमाल किया है।

## जीवनभर जेल में ही रहेंगे इमरान, 14 और 10 साल के बाद अब इस मामले में हुई 7 वर्ष की सजा

**तेहरान (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा खान को शनिवार को एक अदालत ने सात साल जेल की सजा सुनाई और जुर्माना लगाया। इस सप्ताह विवादों में घिरे पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ यह तीसरा प्रतिकूल फैसला था और गुरुवार को राष्ट्रीय चुनावों से पहले आया है कि उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। जेल में बंद 71 वर्षीय खान को हाल के दिनों में राज्य के रहस्यों को लीक करने के लिए 10 साल और इस पत्नी के साथ अवैध रूप से राज्य के उपहार बेचने के लिए 14 साल की सजा सुनाई गई है। एआरवाई न्यूज ने बताया कि दोनों पर 500,000 रुपये (.1,800) का जुर्माना लगाया गया।

बुशरा पर अपने पिछले पति को तलाक देने और खान से शादी करने के बाद इस्लाम द्वारा निर्धारित प्रतीक्षा अवधि, जिसे इद्दत कहा जाता है, को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया था। पूर्व क्रिकेट सुपरस्टार के पहली बार प्रधान मंत्री बनने से सात महीने पहले जनवरी 2018 में एक गुप्त समारोह में खानों ने अपने विवाह अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जिसे निकाह कहा गया।

इससे पहले एक पाकिस्तानी अदालत ने पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को भ्रष्टाचार के लिए 14 साल की जेल की सजा सुनाई थी, इसके एक दिन बाद एक अन्य विशेष अदालत ने खान को राज्य के रहस्यों को लीक करने के लिए दोषी ठहराया और उन्हें 10 साल की जेल की सजा दी। खान और उनकी पत्नी पर पूर्व प्रधानमंत्री के सत्ता में रहने के दौरान सरकारी उपहारों को अपने पास रखने और बेचने का आरोप है।

## तेल के खेल में सऊदी अरब ने लिया बड़ा फैसला

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब ने 2027 तक अपनी तेल उत्पादन क्षमता को 8 प्रतिशत बढ़ाकर 13 मिलियन बैरल प्रति दिन करने की योजना पर विराम लगा दिया है। प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद के इस अप्रत्याशित निर्णय ने भविष्य की तेल मांग पर सऊदी अरब के दृष्टिकोण के बारे में अटकलों को तेज कर दिया है। सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी सऊदी अरामको की घोषणा ने इस बात पर चर्चा तेज कर दी है कि क्या कम कार्बन ऊर्जा की ओर वैश्विक बदलाव के बीच रियाद तेल के खपत के बादे में अधिक उत्साहित नहीं दिख रहा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि सऊदी अरब तेल के भविष्य को लेकर चिंतित है। इसका अन्य महत्वपूर्ण कारक प्रतिद्वंद्वी तेल उत्पादकों, विशेष रूप से अमेरिकी शेल से प्रतिस्पर्धा है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि रियाद का निर्णय तेल उत्पादन को बढ़ाने की योजना को हमेशा के लिए ठंडे बस्ते में डालना नहीं है। वह सिर्फ आने वाले वर्षों में तेल की मांग में संभावित कमी की आशंका के कारण चिंतित है। जानकार का सुझाव है कि रियाद ओपेक+ गठबंधन के बाहर बढ़ी हुई आपूर्ति से उत्पन्न चुनौतियों का जवाब दे रहा है, जो बदलते बाजार की गतिशीलता के अनुकूल एक रणनीतिक कदम का संकेत है। प्रतिद्वंद्वी आपूर्तिकर्ताओं, विशेष रूप से अमेरिकी शेल के उत्पादन में वृद्धि, सऊदी अरब और उसके ओपेक+ सहयोगियों के लिए लगातार चिंता का विषय रही है। लगभग एक दशक पहले शुरू हुई शेल तेल क्रांति का वैश्विक तेल बाजारों पर गहरा प्रभाव पड़ा, जिससे कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट आई। कोरोना महामारी के दौरान शेल ड्रिलर्स के पीछे हटने के बावजूद, उन्होंने हाल के वर्षों में वापसी की है, जिससे प्रति दिन 13 मिलियन बैरल से अधिक का रिकॉर्ड-तोड़ उत्पादन हुआ है। इसमें अधिकतर उत्पादन अमेरिका में हुआ है। सऊदी अरब का निर्णय वैश्विक तेल बाजार के रुझान से जुड़ा हुआ है, घरेलू कारक भी इसमें भूमिका निभा रहे हैं।

## चुनावों से छेड़छाड़... कनाडा ने भारत को बताया विदेशी खतरा, चीन को लेकर भी कह दी बड़ी बात

**लंदन (एजेंसी)।** कनाडा ने अपनी धरती पर एक खालिस्तानी आतंकवादी की हत्या में दिल्ली की भूमिका का आरोप लगाने के महीनों बाद भारत को एक विदेशी खतरा बताया है जो संभावित रूप से उनके चुनावों में हस्तक्षेप कर सकता है। भारत सरकार ने अभी तक ताज़ा आरोप पर प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह आरोप कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा द्वारा ग्लोबल न्यूज द्वारा प्राप्त एक अवर्गीकृत खुफिया रिपोर्ट में लगाया गया था। यह पिछले साल कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन टूडो द्वारा हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय भूमिका का दावा करने के साथ शुरू हुए आरोपों और प्रत्यारोपों की कड़ी में ताजा अटैक है। इस आरोप को भारत ने अस्वीकार किया है। अक्टूबर 2022 की रिपोर्ट जिसका शीर्षक 'विदेशी हस्तक्षेप और चुनाव-एक राष्ट्रीय सुरक्षा आकलन' है, ने भारत को 'खतरा' बताया और चेतावनी दी कि विदेशी हस्तक्षेप कनाडा के लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है।

ग्लोबल न्यूज ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि विदेशी हस्तक्षेप पारंपरिक कूटनीति से अलग है क्योंकि इसमें सार्वजनिक कथाओं और नीति-निर्माण को प्रभावित करने के लिए गोपनीयता और धोखे का इस्तेमाल किया जाता है। यह पहली बार है जब कनाडा ने भारत पर चुनाव में हस्तक्षेप का आरोप लगाया है, यह आरोप चीन और रूस पहले से ही झेल रहे हैं। पिछले साल फरवरी में विदेशी हस्तक्षेप पर लोकतांत्रिक संस्थानों के मंत्री की ब्रीफिंग' में चीन को अब तक का सबसे महत्वपूर्ण खतरा बताया गया था। रिपोर्ट में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना का जिक्र किया गया। रिपोर्ट में कहा गया कि हम जानते हैं कि पीआरसी ने 2019 और 2021 के संघीय चुनावों को गुप्त रूप से और भ्रामक रूप से प्रभावित करने की कोशिश की थी।

मीडिया ने कहा कि दस्तावेज़ के हिस्सों में किसी देश का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन अन्य सामग्रियों में भारत और चीन को शीर्ष ख़तरे के रूप में बताया गया है। इसमें कहा गया है कि विदेशी हस्तक्षेप 'संप्रभुता, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और मूल्यों को नष्ट करके' कनाडा और कनाडाई लोगों को नुकसान पहुंचाता है। इसमें कहा गया है कि एफआई (विदेशी हस्तक्षेप) गतिविधियां कनाडा के लोकतंत्र के ताने-बाने को कमजोर कर रही हैं, बहुसांस्कृतिक समाज की कड़ी मेहनत से हासिल की गई सामाजिक एकजुटता को कमजोर कर रही हैं और कनाडाई लोगों के चार्टर अधिकारों का हनन कर रही हैं। पिछले साल दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर एक द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने देश में बढ़ती अलगाववादी गतिविधियों पर जस्टिन टूडो को डांटने के बाद से भारत और कनाडा के बीच तनाव पैदा हो गया था।

# 17 हजार बच्चे हुए अनाथ, 12 हजार की मौत, गाजा में युद्ध अभी जारी है

**गाजा (एजेंसी)।** इजराइल और हमास के बीच युद्ध अभी थमा नहीं हैं। हर रोज लाशें गिर रहीं है। बच्चे अनाथ हो रहे हैं और विधवा महिलाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। कोई बेघर हो गया है तो कोई अपना सब कुछ खो चुका है।

हमास के इजरायल पर हमले और फिर गाजा में इजरायली अटैक के बाद यह बच्चों का सबसे बड़ा कब्रिस्तान बन गया है। आंकड़ों के मुताबिक गाजा में अब तक 27 हजार से ज्यादा मौतें हुई हैं उनमें से करीब 12 हजार बच्चे ही हैं। इसके अलावा यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक 17 हजार बच्चों के मां-बाप का पता नहीं है। इस तरह हमास और इजरायल के बीच की यह जंग बच्चों के लिए सबसे भारी पड़ी है। गाजा में बचे हुए बच्चों पर भी संकट मंडरा रहा है।

भुखमरी और कुपोषण बड़ी समस्या बन गई है। ऐसे में इस युद्ध में गाजा के बच्चों का भविष्य स्वाहा हो गया। यूनसेफ ने शुक्रवार को कहा कि गाजा में बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हुआ है। ऐसे में उन्हें बहुत सपोर्ट की जरूरत है। रिपोर्ट के मुताबिक यूनसेफ के एक अधिकारी ने कहा कि गाजा में हर बच्चे की की एक दर्दनाक कहानी है। उन्होंने कहा कि गाजा में लगभग 17 लाख लोग विस्थापित हुए हैं। वहीं अनाथ होने वाले बच्चे इस आबादी का कुल एक पर्सेंट हैं। हालांकि ये आंकड़े ज्यादा भी हो सकते हैं। गाजा में जो माहौल है उसमें आँकड़े इकट्ठे करना और फिर वेरिफाइ करना भी एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, गाजा में बच्चों के ऐसे हालात हैं कि वे कई बार अपना नाम तक नहीं बता पाते। अस्पताल बच्चों से पटे-पड़े हैं। उन्हें घायल अवस्था में अस्पताल में लाया जाता है। कई बच्चे हालात देखकर बेहोश हो जाते हैं। उन्हें इतना सदमा लगा होता है कि अपना नाम तक भूल जाते हैं।

ऐसे में बहुत सारे लोग उन बच्चों को अपने पास रखते हैं। जो बच्चे अनाथ हो गए हैं, वे भी किसी ना किसी परिवार का सहारा ले रहे हैं। हालांकि यह भी बहुत मुश्किल काम है। लोग अपना ही पेट भरने के लिए तरस रहे हैं। ऐसे में किसी और के बच्चे का सहारा बनना आसान नहीं है। यूनीसेफ का कहना है कि गाजा में 5 लाख बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य सपोर्ट देने की जरूरत है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक गाजा में 27 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। वहीं 66 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। गाजा के अस्पताल दवाइयों और सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। हजार से ज्यादा लोग लापता हैं या मलबे में दबे हुए हैं।



# बुमराह ने 6 विकेट लेकर बिगाड़ दिया इंग्लिश टीम का समीकरण, मेहमानों को 253 रन पर रोका

### –भारत की लीड 171 हुई, रोहित और जायसवाल क्रीज पर

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम के मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन छह विकेट लेकर मेहमानों को मात्र 253 रन पर ही रोक दिया। इसके बाद टीम के पास अब 143 रन की लीड है। इसके पहले भारतीय टीम यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की बदौलत 396 रन बनाए थे। जवाब में भले ही अंग्रेजों ने तेजतर्रार शुरूआत की लेकिन जसप्रीत बुमराह ने 6 विकेट लेकर सारा समीकरण बिगाड़ दिया। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम ने दूसरी पारी में पांच ओवर खेलकर 28 रन बना लिए हैं। रोहित 13, जायसवाल 15 रन बनाकर नाबाद खड़े हैं। भारत की लीड अब 171 हो गई है।

इसके पहले जैक क्राउली की मौजूदगी के दौरान इंग्लैंड की टीम तेजी से रन बना रही थी, लेकिन तेज गेंदबाज बुमराह ने तभी 2 विकेट लेकर मैच में भारत की वापसी करा दी। लंच के तुरंत बाद कुलदीप यादव ने बेन डकेट (17 गेंद में 21 रन) को सिली पॉइंट पर कैच कराया। लेकिन क्राउली ने दूसरे छोर से आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए 11 चौके और 2 छक्के जड़े। इंग्लैंड की टीम 5 रन प्रतिओवर की अधिक गति से रन बना रही थी, लेकिन बुमराह ने जो रूट (10 गेंद में 5 रन) और शानदार फार्म में दिख रहे ओली पोप (55 गेंद में 23 रन) को पवेलियन की राह दिखाकर इस पर अंकुश लगाया।

इसके बाद उनके शानदार यॉर्कर का पोप के पास कोई जवाब नहीं था। दूसरे सत्र के शुरुआती भाग में क्राउली ने आक्रामक पारी से भारत पर दबाव बनाया। उन्होंने बिना किसी लापरवाही के कुलदीप पर छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर रविचंद्रन अश्विन की गेंद को भी दर्शकदीर्घा में भेजा। अपना 26वां जन्मदिन मना रहे क्राउली ने अक्षर पटेल का स्वागत चौके से किया लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में श्रेयस अय्यर द्वारा लपके गए।

इसके पहले दिन की शुरुआती सत्र में जायसवाल ने शानदार दोहरे शतक के साथ भारतीय बल्लेबाजी का भार अपने युवा कंधों पर उठाया जिससे इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन टीम की पहली पारी में 396 रन पर समाप्त हुई। क्राउली और डकेट की सलामी जोड़ी ने लंच के समय इंग्लैंड को 6 ओवर में बिना किसी नुकसान के 32 रन पर पहुंचा दिया था। डकेट ने तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को निशाना बनाया, जिन्होंने अपने शुरुआती दो ओवरों में 22 रन लुटाए। भारतीय टीम ने 6 विकेट पर 336 रन से आगे खेलते हुए बीते दिन के अपने स्कोर में 60 रन जोड़े और लंच से लगभग आधे घंटे पहले 112 ओवर में ऑल आउट हो गई।



जायसवाल ने 290 गेंद में 209 रन की पारी के दौरान 19 चौके और सात छक्के जड़े। मैच के शुरुआती दिन की तरह दूसरे दिन भी भारत को रन बनाने के लिए जायसवाल पर निर्भर रहना पड़ा, जिन्होंने दिन की शुरुआत 179 रन से की थी। जायसवाल ने स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह इसके साथ ही विनोद कांबली और सुनील गावस्कर के बाद टेस्ट में दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए।

## यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ ठोका दोहरा शतक

नई ?दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय टीम के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाकर सभी को हैरान कर ?दिया है। इस मैच से उन्होंने अपने करियर का दमदार आगाज किया है। टीम इंडिया के उभरते सितारे ने महज छठे टेस्ट मैच में ही अपना पहला टेस्ट दोहरा शतक जमाया दिया। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम टेस्ट मैच के दूसरे दिन इस बैटर ने पहली पारी के खेल में आकर यह कारनामा कर दिखाया। बता दें ?कि पहले दिन यशस्वी जायसवाल 179 रन पर नाबाद लौटे थे। इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत को यशस्वी जायसवाल ने धमाकेदार पारी खेलकर मजबूत स्थिति में पहुंचाया। टॉस जीतकर पहले दिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। टॉप बल्लेबाजों के नाकाम होने के बाद एक ओर से यशस्वी जायसवाल ने टीम को पहले दिन 300 रनों के पार पहुंचाया। दूसरे दिन के खेल में अपनी पारी को इस युवा ने वहीं से शुरू किया और करियर की पहली डबल सेंचुरी भी बनाई। 22 साल के भारतीय युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने टेस्ट करियर की महज 10वीं पारी में दोहरा शतक जमाया डाला। पहले दिन के खेल में 89 बॉल पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से अर्धशतक लगाया था। जायावाल ने बाद में 151वीं गेंद पर छक्के से शतक पूरा किया। 150 रन तक पहुंचने के लिए यशस्वी ने 224 गेंद का सामना कर 16 चौके और 4 छक्के लगाए। पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई में टेस्ट डेब्यू करते हुए यशस्वी जायसवाल ने 171 रन की पारी खेलकर करियर का धमाकेदार आगाज किया था। 387 बॉल का सामना करते हुए इस युवा ने 16 चौके और 1 छक्के की मदद से यह यादगार पारी खेली थी। इस मैच की दूसरी पारी में भी यशस्वी ने अर्धशतक लगाया था।

# युवराज सिंह की क्रिकेट मैदान पर होगी वापसी, इस मैदान पर बरसाएंगे कोहराम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वन नेशन, वन फैमिली कार्यक्रम के दौरान भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को अपने फेवरेट स्टार सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह एक्शन में देखने को मिले थे। अब एक बार फिर से युवराज सिंह क्रिकेट मैदान पर वापसी को तैयार होंगे। एक रोमांचक घटनाक्रम में युवराज सिंह, ब्रेट ली, केविन पीटरसन, सुरेश रैना, शाहिद अफरीदी जैसे क्रिकेटर विश्व चैंपियनशिप के दौरान आमने सामने होंगे। बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में 3 से 18 जुलाई तक यह टूर्नामेंट होगा।

एजबेस्टन इस गर्मी में बहुप्रतीक्षित वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) की मेजबानी करने के लिए तैयार है। युवराज सिंह, शाहिद अफरीदी और केविन पीटरसन जैसे दिग्गज इस दौरान सक्रिय रहेंगे। टूर्नामेंट में इंग्लैंड, भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के सेवानिवृत्त और गैर-अनुबंधित खिलाड़ियों को प्रदर्शन करते दिखेंगे।

इंग्लैंड के केविन पीटरसन ने इस क्रिकेट महाकुंभ में भाग लेने के लिए प्रतिबद्धता जता दी है। इसके अलावा एक ओवर में 6 छक्कों के लिए प्रसिद्ध युवराज सिंह और वनडे के सबसे तेज शतकवीर में से एक पाकिस्तान के बल्लेबाज शाहिद अफरीदी भी हामी भर चुके हैं।

बताया जा रहा है कि खेल के प्रति अपने जुनून को व्यक्त करते हुए, भारतीय अभिनेता अजय देवगन ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 में रूप से निवेश किया है। उन्होंने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा कि एक क्रिकेट प्रेमी के रूप में, प्रसिद्ध क्रिकेट दिग्गजों को फिर से एक्शन में देखना एक सपना था जोकि सच हो रहा है। यह टूर्नामेंट न केवल क्रिकेट की पुरानी यादों को सामने लाता है, बल्कि सिनेमा और क्रिकेट के बीच एक अद्वितीय सहयोग का भी प्रतीक है, जो दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए एक असाधारण उपहार पेश करेगा।

# जायसवाल के शतक पर सचिन ने दिया आशीर्वाद, यशस्वी भवः

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में यशस्वी जायसवाल ने शतक लागाया। तब उन्हें सचिन तेंदुलकर ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि यशस्वी भवः। बता दें कि इस बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ने बड़ा शतक लगाकर टीम इंडिया को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जायसवाल ने 17 चौके और 5 छक्कों की मदद से 177 रन बनाए। यह उनके टेस्ट करियर का दूसरा शतक था। अपने शतक के लिए तारीफें बटोर रहे जायसवाल के लिए अब सचिन तेंदुलकर भी बोल उठे हैं। उन्होंने जायसवाल की तारीफ के लिए सोशल मीडिया फोटो शेयर कर लिखा है- यशस्वी भवः बता दें कि यशस्वी ने हैदराबाद में शुरुआती टेस्ट के दौरान भी पहली पारी में 80 रन बनाए थे। वह वहां आसानी से शतक बना सकते थे लेकिन उन्होंने विकेट फेंक दिया। हालांकि इससे सचिन कुछ निराश भी दिखे थे। लेकिन जायसवाल ने दूसरे टेस्ट में अपनी गलतियों से सीखा और आगे बढ़ गए। जायसवाल का पहला टेस्ट शतक 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ आया था। जब उन्होंने 16 चौकों और 1 छक्के की मदद से 171 रन बनाए थे। यहां गौरतलब है कि राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 28 रन की हार के बाद भारत टेस्ट सीरीज में 0-1 से पीछे है।

# बाहरी दबावों के बावजूद एमएस धोनी और पंत की दोस्ती बनी रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार प्लेयर ऋषभ पंत ने खुलासा किया है कि बाहरी दबावों के बावजूद भी एमएस धोनी के साथ उनकी दोस्ती टिकी रही। भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत ने पूर्व कप्तान एमएस धोनी के साथ अपने गहरे रिश्ते के बारे में खुलकर बातचीत की है। इससे भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज के बीच एक अटूट बंधन के रूप में उम्मीद की किरण उभरी है। पंत ने कहा कि बाहरी दबावों के बावजूद दोनों ने अपनी दोस्ती बनाए रखी। पंत ने पूर्व कप्तान के साथ अपने संबंधों की गहराई पर जोर देते हुए अपने संबंधों के बारे में गर्मजोशी से बात की। एक इंटरव्यू में पंत ने कहा कि मुझे हमेशा एमएस धोनी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बताना मुश्किल लगता है। ऐसे कुछ लोग हैं जिनके साथ आप खुलकर बात कर सकते हैं। मैं माही भाई के साथ हर चीज पर चर्चा करता हूं। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। मैं उनके साथ उन चीजों पर बात करता हूं जिनके बारे में मैं अन्य किसी से बात नहीं करता हूं।

उम्मीदों के बोझ और लगातार जांच से जूझते हुए पंत ने अपने करियर के शुरुआती दिनों में महान एमएस धोनी की जगह विकेटकीपर के रूप में काम करने के दौरान हुई आलोचनाओं के बारे में बात की। कुछ ने पांच मैच खेले हैं और कुछ ने 500 मैच खेले हैं। यह इतनी लंबी यात्रा रही है, इतने उतार-चढ़ाव रहे हैं, इसलिए तुलना उचित नहीं है। मुझे वास्तव में बहुत बुरा लगता था। मैं अपने कमरे में वापस जाता था और 20-21 साल की उम्र में रोता हूं। तनाव में, मैं सांस नहीं ले पा रहा था। इतना दबाव था और मुझे नहीं पता था कि क्या करूं। मैं मोहाली में एक स्टंपिंग करने से चूक गया और भीड़ ने धोनी-धोनी के नारे लगाने शुरू कर दिए।

26 वर्षीय खिलाड़ी ने भारतीय क्रिकेट टीम में अपने शुरुआती दिनों को याद करते हुए कहा कि शुरुआत में, मैं बहुत छोटा था, और वहाँ बहुत सारे वरिष्ठ खिलाड़ी थे, वास्तव में उनमें से युवराज सिंह, एमएस धोनी वहाँ थे, सभी वरिष्ठ हैं। इसमें कुछ समय लगता है, लेकिन मुझे उनके अति वरिष्ठ होने का एहसास नहीं मिला। उन्होंने आखिर में कहा कि धोनी उन्होंने बहुत अच्छा व्यावहार करते हुए मुझे बहुत सहज बनाया। वे हर नए खिलाड़ी को बहुत सहज बनाते हैं और यही भारतीय टीम की खासियत भी है।

# सैमसन और जितेश बनेंगे रिंकू के लिए बाधा : दीप दासगुप्ता

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने कहा है कि आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह को इसी साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप में शायद ही अवसर मिले। दासगुप्ता के अनुसार इस मैच में छठे स्थान के लिए संजू सैमसन या जितेश शर्मा को अवसर मिल सकता है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि पिछले टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के पास कई अच्छे सीनियर खिलाड़ी थे। दासगुप्ता ने कहा, रोहित और कोहली को जब टी20 में अवसर मिलने बंद हुए तब मुझे हैरानी हुई। जबकि पिछी बार भी हुए टूर्नामेंट में हमें सीनियर खिलाड़ियों की कमी खली थी। साथ ही कहा कि अगर आप 2022 में हुए इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के मुकाबले की जगह अभी की टीम देखें तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की वापसी हुई है पर मध्यक्रम में बदलाव नहीं हुआ। विराट नंबर 3 पर, सूर्यकुमार 4 पर, हार्दिक 5 पर फिर संजू सैमसन या जितेश शर्मा 6 पर है। इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने आगे कहा, टी20 विश्व कप के अनुसार देखें तो रिंकू को बाहर होना पड़ सकता है क्योंकि चोट से उबरने के बाद सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की वापसी होगी जिससे रिंकू और तिलक वर्मा को जगह नहीं मिल पायेगी।

# हमें टर्निंग पिचों की जरूरत नहीं, हमें अच्छे विकेट पर खेलना चाहिए : गांगुली

विशाखापत्तनम। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को दोपहर के सत्र में जसप्रीत बुमराह के शानदार स्पैल को देखकर टर्न लेती पिचों के बजाय अच्छी पिचें तैयार करने की वकालत की। बुमराह ने यार्कर गेंद पर ओली पोप को आउट किया। इसके बाद गांगुली ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा कि जब मैं बुमराह, शमी, सिराज और मुकेश को गेंदबाजी करते देखता हूं तो मुझे हैरानी होती है कि हमें भारत में टर्निंग पिच तैयार करने की क्या जरूरत है। प्रत्येक मैच के साथ मेरा अच्छे विकेट पर खेलने को लेकर विश्वास मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने लिखा कि उन्हें अश्विन, जडेजा, कुलदीप और अक्षर के सहयोग से किसी भी पिच पर 20 विकेट मिल जाएंगे। बीसीसीआई के पूर्व प्रमुख ने पिछले साल के शुरू में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की घरेलू श्रृंखला में भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए थे, विशेषकर इंदौर की पिच को आईसीसी से खराब रेटिंग मिलने के बाद। मुकाबले की बात करें तो भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम के मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन छह विकेट लेकर मेहमानों को मात्र 253 रन पर ही रोक दिया। भारतीय टीम के पास अब 143 रन की लीड है। इससे पहले भारतीय टीम यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की बदौलत 396 रन बनाए थे। जवाब में भले ही इंगलैंड ने तेजतर्रार शुरूआत की लेकिन जसप्रीत बुमराह ने 6 विकेट लेकर समीकरण पलट दिए। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम ने दूसरी पारी में पांच ओवर खेलकर 28 रन बना लिए हैं। रोहित 13 तो जायसवाल 15 रन बनाकर नाबाद खड़े हैं। भारत की लीड अब 171 हो गई है।



# भारत 21 फरवरी से तुर्की महिला कप 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगा

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सीनियर महिला टीम 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में तुर्की महिला कप में भाग लेगी। भारत के अलावा एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किये जाने वाले इस टूर्नामेंट का हिस्सा है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार भिड़ेगी और राउंड-रॉबिन चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जायेगा। भारत अपने अभियान का आगाज 21 फरवरी को एस्टोनिया के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद हांगकांग (24 फरवरी) और कोसोवो (27 फरवरी) से भिड़ेगी।

भारत तीसरी बार तुर्की महिला कप (2019 और 2021 के बाद) में भाग लेगा जो फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान आयोजित किया जा रहा है। भारत की नयी मुख्य कोच लैंगम चाओबा देवी की देखरेख में 10 फरवरी से भुवनेश्वर में टीम का एक सप्ताह का शिविर लगेगा।

भुवनेश्वर में शिविर के लिए भारत के 30 सदस्यीय संभावित खिलाड़ीः

गोलकीपरः अंशिका, एलंगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा देवी मोइरंगथम, श्रेया हुडा डिफेंडरः आशालता देवी लोइटोंगबम, अस्तम ओरांव, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, ममता, रंजना चानू सोरोखैबम, शिल्की देवी हेमम मिडफील्डरः अंजू तमांग, इंदुमति काथिरेसन, काजोल डिसूजा, कार्तिका अंगमुथु, कृतिना देवी थौनाओजम, मनीषा, पवित्रा मुरुगेसन, प्रियंगका देवी नाओरेम, संगीता बासफोर फॉरवर्डः ग्रेस डांगमेई, ज्योति, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, काव्या पक्कीरिसामी, लिंडा कोम सर्टो, नेहा, प्यारी खाखा, संध्या रंगानथन, संजू, सौम्या गुगुलोथ।

# आरती पाटिल ने पैरा–बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024 में अपनी जगह पक्की की

पुणे। भारतीय पैरा शटलर आरती पाटिल ने 20 से 25 फरवरी तक थाईलैंड के पटाया में होने वाली बीडब्ल्यूएफ पैरा–बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024 में अपनी जगह पक्की कर ली है। 23 साल की आरती वर्तमान में महिला एकल (खड़ी/ऊपरी अंग हानि) एसयू5 विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर है। खेलो इंडिया की स्वर्ण पदक विजेता आरती ने 2017 एशियाई युवा पैरा खेलों में मिश्रित युगल में रजत पदक जीता और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय पैरा–बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में महिला एकल और युगल स्पर्धाओं में सात कांस्य पदक अर्जित किए हैं। आरती ने इसके पहले 2019 में बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था। आरती ने बताया, मैं बीडब्ल्यूएफ पैरा–बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024 के लिए क्वालीफाई होने से रोमांचित हूं। मेरे दिमाग से वित्तीय बोझ हटने के साथ, यह मुझे अपने खेल पर पूरी तरह से ध्यान केंद्रित करने की अनुमति देता है।

# घरेलू क्रिकेट में भागीदारी करने के बाद रजत पाटीदार को मिला इंटरनेशलन खेलने का मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू क्रिकेट में भागीदारी करने के बाद रजत पाटीदार को इंटरनेशलन क्रिकेट खेलने का मौका मिला है। बता दें कि भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दौरान दो खिलाड़ियों ने डेब्यू किया। टीम इंडिया की ओर से 30 वर्षीय रजत पाटीदार को इंटरनेशनल क्रिकेट में पर्दापण का मौका मिला वहीं इंग्लैंड के लिए 20 साल के स्पिनर शोएब बशीर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शुरुआत की। बता दें कि रजत पाटीदार लंबे समय से डोमेस्टिक क्रिकेट में रन बना रहे थे। उनका कहना है कि उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार कर लिया था, इसलिए उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान बैटिंग करते समय किसी तरह का कोई दबाव महसूस नहीं हुआ। साल 2015 में मध्य प्रदेश के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पदार्पण करने वाले रजत को मैच से एक दिन पहले ही अंतिम एकादश में खुद के शामिल होने के बारे में पता चला।

मैच में इंडिया ए के लिए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ लगातार शतक जड़ने वाले पाटीदार ने 72 गेंद का सामना करते हुए 32 रन बनाए। पाटीदार ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा कि यह मेरे लिए सपना सच होने वाला पल था। देश का प्रतिनिधित्व करना हर खिलाड़ी का सपना होता है। क्रीज पर जाते हुए कोई दबाव नहीं था क्योंकि मैं घरेलू क्रिकेट में काफी मैच खेल चुका हूं। मैं बीती रात अच्छी तरह सोया। यह मेरे लिए सामान्य दिन था। इस दौरान रजत पाटीदार को डेब्यू कैप टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने दिया। पाटीदार अपनी छोटी पारी के दौरान गेंद को खूबसूरती से रिवर्स स्वीप कर रहे थे।

# लंबे समय तक खेलेंगे शिवम : सबा करीम

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सबा करीम के अनुसार ऑलराउंडर शिवम दुबे अब लंबे समय तक खेलेंगे। शिवम ने आईपीएल के साथ ही घरेलू क्रिकेट में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी से भी सभी का ध्यान खींच है। सबा करीम के अनुसार शिवम को हार्दिक पंड्या की तरह तैयार किया जा रहा है। टीम प्रबंधन के पास उनके लिए अहम भूमिका है। जून में होने वाले टी20 विश्वकप में वह अहम भूमिका निभा सकते हैं। पिछले माह अफगानिस्तान के खिलाफ पहले ही टी20 में शिवम ने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया था। पूर्व विकेटकीपर सबा ने कहा, 'आप सिर्फ उनके रन को मत देखिए। आप यह देखिए कि उन्होंने कैसे बड़े–बड़े शॉट लगाए। सबसे बड़ी बात यह कि उन्हें जो भूमिका दी गयी उसे उन्होंने बखूबी निभाया। यह वही भूमिका है, जो पंड्या निभाते रहे हैं। इसी साल जून में विश्व कप होना है और भारतीय टीम प्रबंधन शिवम को उसी के अनुसार तैयार कर रहा है। इस बार कप्तान रोहित शर्मा ओर कोच राहुल द्रविड़ शिवम को पूरा अवसर देंगे। वे उसे अभी बाहर नहीं रखेंगे।' सबा ने यह भी कहा कि टी20 विश्वकप को देखते हुए शिवम टीम के लिए अहम साबित हो सकते हैं। शिवम ने 95 दिन बाद टीम इंडिया में वापसी की और अर्धशतक लगाकर संकेत दिये कि वह अच्छी लय में हैं।

# मुस्कुराएं और चलते रहें... शोएब मलिक से तलाक के बाद सानिया मिर्जा ने लिखा इमोशनल नोट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने 21 जनवरी को ऐलान किया था कि उन्होंने मशहूर एक्ट्रेस सना जावेद से शादी कर ली है। शोएब की इस घोषणा से काफी हलचल मच गई क्योंकि उन्हें सानिया से शादी करने के लिए भारत और पाकिस्तान दोनों देशों में जमकर निंदा का शिकार होना पड़ा था। शोएब ने एक पॉडकास्ट पर बीते दिनों तलाक की कुछ वजहें भी बताई थी।

बहरहाल, भारत की शीर्ष टेनिस स्टार ने सोशल मीडिया पर अपना दर्द व्यक्त किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी डाली है जिसमें उन्होंने लिखा- आप जीवन में कई चीजों का अनुभव करते हैं जो आपको हिला देती हैं, बदल देती हैं और तोड़ देती हैं। 37 साल की सानिया ने इसमें लिखा- आप अपने जीवन में ऐसी हजारों चीजों से गुजरे हैं जिनके बारे में लोग जानते भी नहीं हैं। आपने उन चीजों का अनुभव किया है जिन्होंने आपको झकझोर दिया है, आपको बदल दिया है, आपको तोड़ दिया है। आपको बनाया और सिखाया कि आप जितना आपने सोचा था उससे अधिक मजबूत बनें। और इन सबके लिए आप वही हैं जो आप हैं। तो अगली बार जब कोई आपको जो देखता है उसके एक छोटे से हिस्से के आधार पर और कैसे वे उसमें बाधा डालते हैं, उसके आधार पर आपका मूल्यांकन करें, याद रखें कि आप कौन हैं, याद रखें कि आपने कितना कुछ पाया है और मुस्कुराएं और चलते रहें क्योंकि आपके पास साबित करने के लिए एक भी चीज नहीं है।

शोएब मलिक ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में कहा था कि मुझे लगता है कि आपको वही करना चाहिए जो आपका दिल कहता है। आपको ये नहीं सोचना चाहिए कि लोग क्या कहेंगे. यह समझने में कई साल लग सकते हैं कि लोग क्या सोचेंगे, आगे बढ़ेंगे और अपना काम शुरू करेंगे।

इस बीच पाकिस्तानी पत्रकार नईम हनीफ भी चर्चा में रही। उन्होंने दावा किया कि शोएब की तीसरी पत्नी सना जावेद के पहले पति उमर जसवाल पर दबाव डाला गया था, ताकि वह सना से अपनी शादी तोड़ सकें। रिपोर्ट के मुताबिक, उमर को तलाक के कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया था। ऐसा न करने पर उन्हें धमकियां भी मिल रही थीं।

# पीटरसन ने एक्स पर कैलिस से की शुभमन गिल की तुलना

नई दिल्ली। इंगलैंड के पूर्व स्टार क्रिकेटर केविन पीटरसन ने एक्स पर लिखकर शुभमन गिल की तुलना कैलिस से की है। उनका मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में हालिया संघर्षों के बावजूद शुभमन गिल चीजें बदल सकते हैं। युवा बल्लेबाज दूसरे टेस्ट की पहली पारी में अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन तभी एक खराब शॉट के कारण उन्हें अपना विकेट गंवाना पड़ा था। बता दें कि शुभमन ने 46 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 34 रन बनाए थे। उन्होंने पहले मैच में 23 और 0 का स्कोर किया था। इसके बाद क्रिकेट फैंस उन्हें प्लेइंग 11 से हटाने की बात कर रहे थे। हालांकि केपी ने शुभमन के लए एक्स पर लिखा– कैलिस ने अपने पहले 10 टेस्ट मैचों में 22 की औसत से रन बनाए और यकीनन वह इस खेल को खेलने वाले सबसे महान खिलाड़ी साबित हुए। कृपया इसे ढूंढने के लिए शुभमन को समय जरूर दें। वह एक गंभीर खिलाड़ी है। इतना ही नहीं पीटरसन ने जायसवाल की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि जायसवाल के साथ किसी और को रन बनाने की ललक होनी चाहिए थी और तब यह पूरी तरह से अलग कहानी हो सकती थी। भारत उम्मीद कर रहा होगा कि अश्विन कोशिश कर सकते हैं और वह व्यक्ति बन सकते हैं जिसे अन्य बल्लेबाजों में से एक होना चाहिए था। मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि पहले दिन पिच पर कोई ग्रेमलिन नहीं था।

THE PHOTON NEWS

# राशि ने योद्धा में सिद्धार्थ के साथ काम करने के अनुभव को किया साझा

बॉलीवुड अभिनेत्री राशि खन्ना इन दिनों अपनी आगामी थ्रिलर फिल्म योद्धा को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। राशि खन्ना योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा और दिशा पटानी के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने अपने स्टार कलाकारों के साथ काफी उत्साह पैदा किया है। हाल ही में राशि खन्ना ने एक इंस्टाग्राम सवाल सेशन में सिद्धार्थ के साथ अपने सहयोग के बारे में जानकारी साझा की और उनके साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। राशि खन्ना से एक फैन ने सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ काम करने के उनके अनुभव के बारे में सवाल किया। इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री ने कहा, सिड के साथ काम करना एक शानदार अनुभव था। वह बहुत अनुशासित हैं और उन्होंने योद्धा के लिए सब कुछ दे दिया है। उन्होंने बहुत-बहुत कड़ी मेहनत की है, खासकर एक्शन सीन पर क्योंकि वे अद्भुत दिखते हैं और मैं वास्तव में उनके एक्शन और बाकी सभी चीजों के लिए योद्धा का इंतजार कर रही हूं।

उन्होंने आगे कहा, वह न केवल एक अभिनेता के रूप में बल्कि एक इंसान के रूप में भी एक अद्भुत व्यक्ति हैं, मैंने उन्हें जाना और वह बहुत आध्यात्मिक और बहुत सुलझे हुए व्यक्ति हैं। वहीं, जब राशि खन्ना से उन अभिनेताओं के बारे में पूछा गया, जिनके साथ वह भविष्य में काम करना चाहेंगी। इसके जवाब में उन्होंने नामों की लिस्ट साझा कर शाहरुख खान, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, महेश बाबू, थलपति विजय और अल्लू अर्जुन के नाम का उल्लेख किया। इसके साथ ही राशि ने उन निर्देशकों की सूची का भी खुलासा किया जिनके साथ वह काम करना चाहती हैं। उन्होंने लिखा, संजय लीला भंसाली, विधु विनोद चोपड़ा, जोया अख्तर, राजू हिरानी, अनुराग कश्यप, मणिरत्नम और कई अन्य शामिल हैं। सिद्धार्थ और राशि आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म योद्धा में पहली बार साथ में स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे। सागर अंब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 15 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# वरुण सूद ने कर्मा कॉलिंग के अंतरंग दृश्यों पर की बात

स्ट्रीमिंग शो कर्मा कॉलिंग में अहान कोठारी की भूमिका निभा रहे अभिनेता वरुण सूद ने शो में अपनी सह-अभिनेत्री नम्रता सेठ के साथ अंतरंग दृश्यों के बारे में खुलकर बात की। वरुण सूद ने कहा, अंतरंग दृश्यों की शूटिंग के लिए हमने वास्तव में कोई तैयारी नहीं की थी क्योंकि मुझे लगता है कि नम्रता और मेरे बीच बहुत अच्छी समझ थी, और जाहिर तौर पर जो लोग इसे देखते हैं, वे सोचते हैं कि हे भगवान, यह शॉट कैसा था। लेकिन, वास्तव में यह काफी तकनीकी और पेशेवर है। उन्होंने आगे उल्लेख किया, आपको बस अपने सह-अभिनेता के साथ वह तालमेल बनाना है, उस सहजता का निर्माण करना है, इसलिए उस दृश्य को शूट करते समय वास्तव में कोई घबराहट या डर नहीं था। सब कुछ बहुत आरामदायक था और सब कुछ प्राकृतिक था। आर.ए.टी फिल्म्स द्वारा निर्मित, कर्मा कॉलिंग अमेरिकी मूल श्रृंखला रिवेंज पर आधारित है। यह शो डिज़्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम के लिए उपलब्ध है।

# रणबीर की तारीफ में बोलीं रश्मिका

रश्मिका मंदाना ने एक इंटरव्यू के दौरान रणबीर कपूर और सिध्दार्थ मल्होत्रा के बारे में कुछ बाते शेयर की हैं। उन्होंने बताया कि रणबीर जिस तरह से महिलाओं का सम्मान करते हैं, उनकी ये क्वालिटी मुझे बेहद पसंद है। उन्होंने कहा- मैं रणबीर के सामने कभी ये बोलूं कि मुझे लगता है ये मुझसे नहीं हो पाएगा। ऐसे में रणबीर कहते हैं, आपको ऐसा क्यों लगता है कि नहीं हो पाएगा। आप इस दुनिया में जो चाहें वो कर सकती हैं। बेशक, हम ये सोचकर बड़े हुए हैं कि हम अपनी लाइफ में वो सब नहीं कर सकते जो हम चाहते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। रश्मिका ने कहा कि वो हमेशा हिम्मत बढ़ाने का काम करते हैं। वहीं सिध्दार्थ के बारे में उन्होंने बताया कि उनके साथ मैंने अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। जाहिर है शुरू में मैं काफी नर्वस थी, सिध्दार्थ ने मुझे काफी सपोर्ट किया था।

## रश्मिका मंदाना की अपकमिंग फिल्में

रश्मिका मंदाना हाल ही में संदीप रेड्डी द्वारा निर्देशित फिल्म 'एनिमल' में नजर आई थीं। रश्मिका, अल्लू अर्जुन के साथ पैन इंडिया प्रोजेक्ट पुष्पा- द रूल में नजर आएंगी। इसके अलावा द गर्लफ्रेंड और 'छावा' जैसी फिल्मों में भी दिखाई देंगी।

# निखिल आडवाणी ने शुरू की फ्रीडम एट मिडनाइट की शूटिंग

फिल्म निर्देशक निखिल आडवाणी ने अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। उन्होंने आज सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी वेब सीरीज फ्रीडम एट मिडनाइट का एलान किया है। इसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। यह सीरीज सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।

## इंस्टाग्राम पर साझा की पोस्ट

निखिल आडवाणी ने इंस्टाग्राम से पोस्ट साझा किया है। इसमें क्लैपबोर्ड नजर आ रहा है, जिस पर स्वरूलिखा है। तस्वीर में लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपिएर की लिखी किताब नजर आ रही है। साथ ही स्क्रिप्ट की प्रति भी रखी है। इसके साथ निखिल ने कैप्शन लिखा है, अनुसंधान और रिसर्च के बाद काम शुरू। लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपिएर फ्रीडम एट मिडनाइट। बहुतों के बलिदान। एक की महत्वाकांक्षा। शूटिंग शुरु हो चुकी है। 30 जनवरी को निखिल ने अपनी आगामी सीरीज पर काम शुरु किया है। ये सीरीज दर्शकों को देश के इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय में रुबरू कराएगी। स्टूडियोनेक्स्ट और एम्मे एंटरटेनमेंट के सहयोग से सोनी लिव फ्रीडम एट मिडनाइट कर रहा है।

## सितारों ने दी बधाई

फ्रीडम एट मिडनाइट एक पॉलिटिकल थ्रिलर ड्रामा सीरीज है। निखिल आडवाणी के इस पोस्ट पर यूजर्स उन्हें बधाई दे रहे हैं। साथ ही फिल्म जगत की तमाम हस्तियों ने भी प्रतिक्रिया दी है। दीया मिर्जा, रसिका दुग्गल, श्रिया पिलगांवकर कई सेलेब्स ने रिएक्ट किया है। निखिल आडवाणी इससे पहले सोनी लिव पर रॉकेट बॉयज लेकर आ चुके हैं।

# रकुल प्रीत और जैकी भगनानी मुंबई में करेंगे ग्रैंड रिसेप्शन

बॉलीवुड में एक और शहनाई बजने जा रही है। आमिर खान की बेटी आइरा खान-नुपूर शिखरे की शादी और पुलकित सम्राट-कृति खरबंदा की इंगेजमेंट के बाद अब एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह और फिल्ममेकर जैकी भगनानी सात फेरे लेने वाले हैं। इनका वेडिंग फंक्शन गोवा में होगा, लेकिन मुंबई में ग्रैंड रिसेप्शन होगा, जिसमें बॉलीवुड की जानी-मानी हस्तियां शिरकत करेंगी। जानकारी के मुताबिक, एक्ट्रेस रकुल प्रीत और प्रोड्यूसर-एक्टर जैकी भगनानी 21 फरवरी को गोवा में शादी करने वाले हैं। इंडियाटुडे.कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, शादी के बाद मुंबई में रिसेप्शन पार्टी होगी, जिसमें वो बॉलीवुड-साउथ के दिग्गजों को इनवाइट करेंगे।

## गोवा में दो दिन चलेगा सेलिब्रेशन

शादी की बात करें तो प्री-वेडिंग फंक्शन 19 फरवरी से शुरू हो जाएंगे। दो दिन तक सेलिब्रेशन चलेगा और फिर 21 तारीख को वे दोस्तों और फैमिली मेंबर्स के सामने एक-दूसरे को जीवनसाथी बनाएंगे। ग्रैंड रिसेप्शन की बात करें तो शादी के अगले दिन ही यानी 22 फरवरी को पार्टी होगी। मुंबई के महंगे लोकेशन पर होगा रिसेप्शन रकुल और जैकी ने रिसेप्शन पार्टी के लिए मुंबई के उस सबसे महंगे वेन्यु को चुना है, जहां हाई-प्रोफाइल इवेंट होते हैं। ये रिसेप्शन एक शानदार समारोह होने वाला है, जिसमें बॉलीवुड-साउथ इंडस्ट्री के दिग्गज एक साथ आएंगे। इस रिसेप्शन में निर्देशकों और निर्माताओं सहित कई मशहूर हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है।

## रिसेप्शन में शामिल हो सकते हैं ये सिलेब्स

मेहमानों की लिस्ट में करीबी दोस्त, इंडस्ट्री के साथी और जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी। इनमें सलमान खान, अजय देवगन, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, करण जौहर, अनिल कपूर, अरशद वारसी, पृथ्वीराज सुकुमारन, नागा चैतन्य, आयुष्मान खुराना, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ, करिश्मा कपूर, अल्लू अर्जुन, राम चरण, महेश बाबू जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। मुंबई में ग्रैंड रिसेप्शन के लिए विकास भाल, डेविड धवन सहित अन्य को इनवाइट किया गया है।

# मैं रेंगते हुए यहां तक पहुंचा हूं, उस वक्त पांच हजार भी करोड़ों की तरह लगे थे



**अमेरिका में पले-बढ़े एक्टर अक्षय ओबेरॉय बचपन से ही कलाकार बनना चाहते थे। एक्टर बनने के लिए उन्होंने थिएटर किया, संघर्ष से गुजरे और कई छोटी-मोटी भूमिकाएं भी कीं, मगर हार नहीं मानी। इन दिनों वे खुश है कि उनकी ताजातरीन फिल्म फाइटर में उनकी भूमिका को तारीफ मिल रही है।**

### आपका बचपन अमेरिका में बीता, आपको एक्टर बनने की प्रेरणा कैसे मिली?

मेरे पिता 1978 में अमेरिका शिफ्ट हो गए थे। मुझे हमेशा से इंडिया पसंद था। मैं अपने देश और देशवासियों से गहरा जुड़ाव महसूस करता था। मैंने बचपन में जब अभिनेता बनने की सोची, तो मुझे लगा कि गोरों के बीच मैं एक्टर कैसे बन पाऊंगा? मुझे लगा अभिनेता बनने के लिए मुझे अपने देश जाना होगा। मेरे पिता भी अपने देश को बहुत महत्व देते आए हैं, तो वे मुझसे पहले वहां का सब बेच-बाचकर गोवा आ गए और जब मैंने अपनी पढ़ाई पूरी की, तब मैं भी 2008 में अपने देश लौट आया। मगर सच कहूं, तो अभिनेता बनने के लिए मुझे रितिक रोशन ने प्रेरित किया। मैं बचपन से ही उन्हें आइडलाइज करता आया हूं। मैं उस वक्त 12-13 साल का था, तब मेरे मन में अभिनेता बनने की इच्छा ने जन्म लिया और जब मैं 15 साल का हुआ, उसी वक्त उनकी कहो ना प्यार है, रिलीज हुई। तब उन्हें देख कर मुझे अहसास हुआ कि यदि मुझे एक्टर बनना हुआ, तो कितनी कड़ी मेहनत करनी होगी।

### आप विवेक ओबेरॉय के कजन हैं, आपको इंडस्ट्री में उनके नाम का फायदा मिला?

अगर मुझे ऐसा कोई फायदा मिला होता, तो सबको पता होता। मैंने जो कुछ किया, अपने बलबूते पर किया। मैं रेंगते हुए यहां तक पहुंचा हूं। बहुत छोटी-छोटी भूमिकाएं करके मैंने यहां तक का सफर तय किया है। मेरी कुंडली में नहीं था कि मुझे किसी की मदद मिलती। मेरे भाग्य में अपना संघर्ष करना खुद लिखा था और यही वजह है कि मुझे रास्ता तलाशने में इतने साल लग गए।

### आपने जाने-माने अभिनेता और रंगकर्मी मकरंद देशपांडे के साथ बैकस्टेज पर भी काम किया है, वो समय कैसा था?

ये सच है कि वो मुश्किल दौर था, मगर मेरे अंदर शुरू से ही सब्र कूट-कूट कर भरा है। उस वक्त पैसे नहीं हुआ करते थे। घोर गरीबी का आलम था, मगर एक पैशन था कि किसी दिन मैं भी एक्टर बनूंगा और नाम-दाम कमाऊंगा। मुझे याद है हम लोग गुवाहाटी में थे। एक टेंपो में बैठकर हम एक -जगह से दूसरी जगह जा रहे थे। हम अपने प्ले के शोज के लिए वहां गए थे। तभी चलते टेंपो में मकरंद देशपांडे ने मेरे हाथ में पांच हजार रुपए रखे थे। वो पांच हजार मेरे पहले नाटक मिस ब्यूटीफुल में एक भूमिका की मेरी कमाई थी। मैंने उस नाटक के लिए बैकस्टेज का काम भी किया था। मैं आपको बता नहीं सकता कि उन पैसों ने मुझे कितने करोड़ों की खुशी दी थी।

### आपको नकारे जाने के दौर से गुजरना पड़ा?

बहुत बार। मैं आपको क्या बताऊं, मुझे लगता है रिजेक्शन एक्टर का अभिन्न अंग होता है। किसी बड़े से बड़े सुपर स्टार को भी आप देख लो, तो उसका 30 पर्सेंट का हिट रेशियो होता है, बाकी तो उसे फ्लॉप फिल्मों के दौर से ही गुजरना पड़ता है। मैं अपनी बात कहूं, तो कई ऐसी बड़ी फिल्में थीं, जिनका मैं हिस्सा बनने वाला था, मगर फिर वो किसी और को मिल गईं। इसके बावजूद मैंने इन रिजेक्शन को अपने दिल पर नहीं लगाया। मुझे अपना किचन चलाना था। अपनी बीवी और बेटे को पालना था। मेरी पत्नी भी काम करती है, मगर मुझे अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करना था। आपको पता है, कई बार तो एक दिन में मुझे तीन-तीन बार रिजेक्शन सहना पड़ा, आगे चल का वो बड़े प्रोजेक्ट भी बने मगर मैं उसमें नहीं था। मगर मैं उससे उबर कर आगे बढ़ता गया।

### आपकी ताजातरीन फिल्म फाइटर में दीपिका और अनिल कपूर के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा? इससे पहले दीपिका के साथ आप पीकू में और अनिल कपूर के साथ आप थार में भी थे?

जी, मगर इन दोनों फिल्मों में मेरे किरदार बहुत छोटे थे। पीकू दीपिका के लिए एक बेहद अहम फिल्म थी और मेरे लिए भी वो फिल्म बेहद यादगार थी, क्योंकि मैं भी पहली बार इतनी बड़ी स्टार के साथ काम कर रहा था। मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा था जिसमें बच्चन साहब और इरफान खान साहब भी थे। उस वक्त की फोंड मेमोरी फाइटर में भी आगे बढ़ी। हम जब फाइटर में मिले, तो हमारे बीच पहले से ही एक कंफर्ट लेवल बन चुका था। पीकू के कारण हमारे बीच की ट्यूनिंग सेट हो चुकी थी। जहां तक अनिल कपूर की बात है, तो वे एक लिविंग लीजेंड हैं। उनको सेट पर काम करते हुए देख कर मैं हैरान हो जाता हूं। वे अपने आप को कभी भी बड़ा स्टार या बड़ा लीजेंड नहीं बताते। वे हमेशा सेट पर नवोदित बन कर आते हैं। समय पर सोते हैं। एक्सरसाइज करते हैं। हमेशा सकारात्मक रहते हैं। इन दोनों ही कलाकारों से बहुत कुछ सीखने को मिला।